उद्देश्य –

घ्यान केन्द्रीत करना
याद करने की क्षमता का विकास करना
प्रोत्साहित करने वाला वातावरण प्रदान करन

अध्याय–8

ठहराव

विद्यालय सुविधायें :

जनपद के प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को विद्यालय भवन के रखरखव हेतु 5000/– प्रतिवर्ष अनुदान किया जायेगा। इस अनुदान का उपयोग विद्यालय भवन की पुताई, रंगाई उसे फर्श, प्लास्टर, खिड़कियों, ब्लैक बोर्ड, कुर्सी, मेज आदि की सामान्य मरम्मत हेतु दिया जायेगा। इस हेतु जनपद के 16.06 प्राथमिक विद्यालयों हेतु तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में यह प्रावधान रखा जायेगा।

प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों को वच्चो की शैक्षणिक गतिविधियों हेतु सामग्री क्रय (टाट पट्टी, खेलकूद के सामान, चाक आदि) हेतु रू० 2000/– प्रतिवर्ष प्रति विद्यालय की दर से प्रतिवर्ष दिया जायेगा।

आगामी वर्षों में जनपद में खोले जाने वाले अन्य प्राथमिक एवं, उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु भी उक्त प्रावधान रखा जायेगा।

पुनः निर्माण (जर्जर विद्यालय) (ध्वस्त):

जनपद में कुल 33 जर्जर/ध्वस्त विद्यालय है इनका पुनः निर्माण कराया जायेगा। प्राथमिक विद्यालय हेतु रू० 1 लाख, 91 हजार की दर से निर्माण कराया जायेगा। (सूची उपलब्ध 6 में लगी है)

अतिरिक्त कक्ष : . . . . . .

वर्तमान समय में जनपद में कुल 1606 प्राथमिक विद्यालय है एवं 334 उच्च प्राथमिक विद्यालय है। इनमें से 200 प्राथमिक विद्यालयों में एक अतिरिक्त कक्षा कक्ष की आवश्यकता हैं। इसके अतिरिक्त आगामी वर्षों में छात्र वृद्धि के अनुसार 200 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का सृजन किया गया है।

शौचालय :

जनपद में उच्च प्राथमिक में 80 एवं प्राथमिक विद्यालयों में 528 शौचालय सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी जिससे जनपद के सभी विद्यालयों में शौचालय सुविधा हो जायेगी।

पेयजल :

जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक तथा उच्च प्रा०वि० पेयजल की सुविधा है।

मरम्मत :

जनपद में कुल 1606 प्राथमिक विद्यालय 334 उच्च प्राथमिक विद्यालय लघु में रू० 5 हजार प्रति विद्यालय की दर से धन प्रतिवर्ष आवंटित किया गया है।

चहारदीवारी :

चाहरदीवारी हेतु योजना में कोई प्रस्तावित नहीं हैं

बालिका शिक्षा :

भारतीय संविधान के नीति तत्वों में 6–14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य एवं निःशुल्क भेदभाव रहित शिक्षा व्यवस्था की बात कही गयी है। क्योंकि बिना शिक्षा के किसी भी राष्ट्र का विकास सम्भव नहीं हैं। इसके लिए विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देना होगा जनपद में अभी भी पुरूषों एवं महिलाओं की साक्षरता दर क्रमशः 46.5 एवं 27.2 है। इससे स्पष्ट है कि गोण्डा में बालिकाओं की शिक्षा के प्रति विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। विशेष रूप से अनुसूचित जाति एवं अल्प संख्यक वर्ग की बालिकाओं की ओर अधिक ध्यान देना होगा। अतः बालिकाओं को प्राथमिक शिक्षा से जोड़ने हेतु उनकी पहुँच एवं ठहराव में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने को प्राथमिकता दी जायेगी।

जनपद गोण्डा में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम लागू होने से बालिकाओ के नामांकन में सुधार आया है। वष्र 2000-2001 में इनका GER व NER क्रमशः एवं है।

बालिकाओ की शिक्षा में आने वाली कठिनाइया

बालिकाओ के कम नामांकन एवं ठहराव का मुख्य कारण उनका पारिवारिक, सामाजिक परिवेश है। आर्थिक बाध्यता व समाज में प्रचलित अन्धविश्वास सास्कृतिक धारणाये, असुरक्षा की भावना के कारण कम बच्चियां विद्यालय पहुँच पाती है। जबकि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय न्यूनतम दूरी पर उपलब्ध है। लेकिन विद्यालय का परिवेश व शैक्षिक व्यवस्था बालिकाओ के लिए अनाकर्षक है। इसका कारण महिला शिक्षिकाओ का अभाव, तथा कताई, बुनाई, जैसे क्रिया कलापो का अभाव है। जिससे बालिकाओ की रूचि व आवश्यकता की पूर्ति विद्यालय में नही हो पाती जिससे विद्यालय सजाने वाली बालिकाये भी बीच सत्र में ही विद्यालय छोड़ देती है। इसको दूर करने के लिए निम्न विन्दुओ पर कार्य किया जायेगा।

1. जागरूकता अभियान के द्वारा बालिकाओ के शिक्षा के महत्व के प्रति वातावरण बनाया जायेगा।
2. जेण्डर समानता सम्बन्धी प्रशिक्षण आयोजित करना।
3. बालिका शिक्षा के महत्व को रेखाकित करने वाली सामग्री विकसित करना।
4. शिशु शिक्षा केन्द्रों की स्थापना।
5. माता-शिक्षक संघ, किशोरी समूह, महिला स्वयं सेवी समूहो का गठन जो बालिकाओ के नामांकन व ठहराव में सहयोग प्रदान कर सके।
6. प्रत्येक विद्यालय में बालिकाओ की कार्यनुभवी आवश्यकताओ की पूर्ति करना जिससे उनका ठहराव व रूचि बनी रहे।
7. स्थानीय मेलो, त्योहारो के समय जागरूकता अभियान।

कार्यक्रमः- सामुदायिक गतिशीलता के लिए

मीना कैम्पेन :-

प्रत्येक ग्राम सभा में यूनीसेफ द्वारा विकसित मीना फिल्म का प्रदर्शन उस पर चर्चा कराना जिससे बालिकाओ की शिक्षा के महत्व के प्रति समुदाय जागृत हो।

मॉ बेटी मेला

प्रत्येक विद्यालय में माताओ व उनकी बेटियो को एक साथ बैठाकर सामूहिक रूप से उनकी समस्याओ पर विचार करना एवं निराकरण के उपाय ढूढना।

महिला समूहो का गठन

गांव की जागरूक महिलाओ के समूह का गठन जो अपने क्षेत्र की महिलाओ को बालिका शिक्षा के प्रति जागरूक बनायेगा तथा उनकी आवश्यकताओ के प्रति विद्यालय को अवगत कराना। उस कार्यक्रम में महिला मंडल, महिला जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनो का सहयोग किया जायेगा।

बालिकाओ के लिए वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र

जो बालिकाये किन्ही कारणो से विद्यालय न जा सके उनके लिए उनकी रूचि आवश्यकता के अनुरूप वैकल्पिक बालिका शिक्षा केन्द्रो की स्थापना। इस संबंध में वैकाल्पिक केन्द्रों का विवरण अध्याय 7 में दिया गया है।

ग्राम शिक्षा समिति

ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यो को जेण्डर सवेदीकरण प्रशिक्षण प्रदान करना जिससे वे अपने क्षेत्र में जागरूकता ला सके। उन पर सभी बालिकाओ के अनिवार्य नामांकन की जिम्मेदारी दी जायेगी। जन पद में कुल 1054 ग्राम शिक्षा समितिया गठति है

ब्रिजकोर्स व ग्रीष्मकालीन शिविर

ड्राप आउट बालिकाओ के लिए ब्रिजकोर्स व ग्रीष्मकालीन शिविर चलाकर उन्हे पुन: विद्यालय से जोड़ा जायेगा। ब्रिजकोर्स उन बालिकाओ के लिए 4-6 चरणो में होगा जो विद्यालय कभी नही गयी। इसका चरण वद्ध कार्यक्रम की सूची अध्याय 7 में मुद्रिति है।

शिशु शिक्षा केन्द्रो की स्थापना

प्रत्येक विद्यालय में शिशु शिक्षा केन्द्रो की स्थापना करना जिससे उन बालिकाओ को विद्यालय से जोड़ा जा सके जिनके मॉ-बाप काम पर जाते है तथा छोटे बच्चो की जिम्मेदारी बालिकाओ पर आ जाती है। इसके लिए बाल विकास विभाग से मदद ली जा सकती है.

सर्व शिक्षा अभियान में निर्धारित लक्ष्यो की प्राप्ति हेतु समुदाय का सक्रिय सहयोग अति आवश्यक है। पंचायतीराज व्यवस्था के अन्तर्गत विकेन्द्रीकृत प्रक्रिया के अनुसार विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन किया जा चुका है एवं सर्व शिक्षा अभियान अन्तर्गत ब्लाक शिक्षा समितियों को सुदृढ़ीकृत एवं क्रियाशील बनाने पर जोर दिया जायेगा। शैक्षिक गोष्ठियों, नामांकन, ठहराव परिक्रमा सूक्ष्म नियोजन, शैक्षिक नियोजन एवं क्रियान्वयन आदि शिक्षा से संबंधित समस्त विकास कार्यो एवं एस.एस.ए. के सार्वभौमिकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु पंचायतीराज समितियों का सहयोग लिया जायेगा।

जनपद में शिशु केन्द्रों की स्थापना वर्षवार

सारणी-८.३

क्रमांक	वर्ष	चयनित शिशु केन्द्र	
		नवीन	कुल
1.	2001–2002	—	—
2.	2002–2003	100	100
3.	2003–2004	—	100
4.	2004–2005	—	100
5.	2005–2006	—	100
6.	2006–2007	—	100
7.	2007–2008	—	100
8.	2008–2009	—	100
9.	2009–2010	—	100

स्रोत – विभागीय आंकड़े एवं कार्य योजना

व्यवहारिक दक्षता का विकास :

प्रत्येक विद्यालय में एक अंशकालिक महिला कार्यकर्ता रखी जायेगी जो प्रतिदिन कुछ घण्टे बालिकाओं की व्यवहारिक कार्यदक्षता (सिलाई, बुनाई, पाककला) सम्बन्धी कार्य करेगी। उसको इस कार्य के लिए प्रतिमाह निश्चित मानदेय प्रदान किया जायेगा। वह कार्यकर्ता स्थानीय निश्चित महिला समूहों की देखरेख में कार्य करेगी।

प्रोत्साहन :

प्रत्येक वर्ष शतप्रतिशत नामांकन एवं प्रत्येक विकास खण्ड में सर्वाधिक ठहराव प्राप्त करने वाले विद्यालयों को प्रोत्साहन पुरस्कार की व्यवस्था होगी।

बालिका नामांकन Cohort Study हेतु समय–समय पर कराई जायेगी। 1991 की जनगणना के अनुसार ग्राम की जनसंख्या 2204415 है राष्ट्रीय दर के अनुसार विकलांगता राष्ट्रीय दर के अनुसार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या 14284 है जिसमें 7706 बालक तथा 6578 बालिका अनुमानित है। इस प्रकार 2003 में अनुमानित

रू० 4115 है जिसमें 9394 बालक तथा 8020 बालिका है। इस प्रकार विकलांगता की कोटि निम्न प्रकार है।

क्रम		बालक	बालिका	योग
1.	दृष्टि विकलांगता	195	99	294
2.	श्रवण विकलांगता	224	126	350
3.	मनसिक मन्दता	396	225	621
4.	अधिगम मन्दता	210	141	351
5.	आभित विकार	1091	622	1713
6.	बोलना	303	173	476
7.	अन्य	194	116	310
	योग	**2613**	**1502**	**4115**

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में हीन भावना बढ़ जाती है जिसके परिणाम स्वरूप वह समाज से उपेक्षित होने लगता है इस कमी की दूर करने के लिए सामाजिक चेतना तथा निर्भरता हेतु आर्थिक सहायता की आवश्यकता है इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए जनपद के विकलांग पुर्नवास केन्द्रों से निःशुल्क सहायता प्रदान की जाती है शारीरिक तथा मानसिक दोष को दूर करने हेतु जिला चिकित्सालय से योजना बद्ध कार्यक्रम सुनिश्चित करके ऐसे बच्चों की स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है जो उनके परीक्षण कार्ड में उल्लेखित है, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को स्वास्थ्य के विभिन्न एजेन्सियों को सन्दर्भ कर लिदया गया है तथा भविष्य में इस पर विशेष ध्यान दे करके इस कमी को दूर किया जायेगा।

विशेष वर्ग की समेकित शिक्षा

शिक्षा के सार्वजनीकरण का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु यह आवश्यक है कि विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चो की पहचान की जाय तथा उन्हे विद्यालय लाने का प्रयास किया जाय। प्रत्येक विद्यालय में भी ऐसे बच्चे मिलते है जो किसी न किसी प्रकार की विकलांगता से ग्रसित है। ऐसे बच्चो के लिए विशेष प्रयास की आवश्यकता है। क्योकि ध्यान न देने के कारण वे कई क्षेत्रो में पीछे रह जाते है। विकलांगता/अक्षमता मुख्यता निम्न 5 प्रकार की होती है।

1. दृष्टि सम्बन्धी अक्षमता
2. श्रवण सम्बन्धी विकलांगता
3. अस्थि सम्बन्धी विकलांगता
4. मानसिक मन्दता
5. अधिगम अक्षमता

वर्तमान में जनपद में 4115 चिन्हित विकलांग बच्चो की पहचान की जा चुकी है। ऐसे बच्चो के बारे में समाज एवं विद्यालय में जागरूकताकी आवश्यकता है जिससे ये बच्चे बिना किसी हीनभावना से ग्रसित हुए बिना सामान्य बच्चो के साथ ग्रहण कर सके। इसके लिए निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। सरणी एवं Writi up

A. प्रशिक्षण :-

जनपद के समस्त अध्यापको को इसके प्रति संवेदनशील बनाने के लिए प्रथम वर्ष 15 दिनो का तत्पश्चात प्रत्येक वर्ष 4 दिनो का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि आवश्यकतानुसार घटाया या बढाया जा सकता है।

B. सर्वेक्षण :-

प्रशिक्षण के पश्चात समस्त विद्यालयों में एवं विद्यालय द्वारा सेवित क्षेत्र में उक्त बच्चो की पहचान हेतु सर्वे किया जायेगा सर्वे द्वारा सभी श्रेणियो के बच्चो का चिन्ही करण किया जायेगा।

C. स्वास्थ्य परीक्षण/चिकित्सीय परीक्षण :-

समस्त बच्चो के स्वास्थ परीक्षण के साथ-साथ विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चो की चिकित्सीय जॉच करायी जायेगी। जिसमें उनके कृत्रिम अंगो एवं उपकरणो की आवश्यकता का निर्धारण एवं विकलांगता प्रमाण पत्र निर्गत कराया जायेगा।

D. छात्रवृति निर्धारण :-

चिकित्सीय परीक्षण के समय ही उनका छात्रवृति निर्धारण पपत्र (विकलांग कल्याण अधिकारी) भरवाकर सम्बन्धित अधिकारी को बुलाकर स्वीकृत कराया जायेगा।

E. जनजागरण एवं सामुदायिक सहभागता :-

ग्राम सभा स्तर पर गठित एम टी.ए./PTA/VEC/WMG/Core Team में विशेष आवश्यकता वाले बच्चो के अभिभावको को सदस्य बनाया जाना तथा उनकी दो दिवसीय विजनिग वर्कशाप कराना तथा उनके माध्यम से विद्यालय न आने वाले बच्चो का नामांकित कराया जायेगा।

F. कोर टीम का गठन :-

न्यायपंचायत स्तर पर एक कोर टीम गठित की जायेगी जो न्यायपंचायत स्तर पर विकलांग बच्चो की विशेष आवश्यकताओ का निर्धारण एवं पूर्ति की जायेगी। इस टीम का भी विजनिग प्रशिक्षण कराया जायेगा। इस टीम में विकलांग बच्चो के जागरूक आभिभावक शामिल होगा।

G. ब्लाक स्तर पर कोर टीम :-

ब्लाक स्तर पर सभी प्रकार के विकलांगताओ हेतु एक-एक विशेषज्ञो की ब्लाक कोर टीम गठित होगी जो विशिष्ट बच्चो की शिक्षा में आने वाली कठिनाइयो को दूर करेगी। इनका मानदेय परियोजना से वहन किया जायेगा।

H. शैक्षणिक सामग्री का विकास :-

विशिष्ट बच्चो की सफलता मूलक घटनाओ का संग्रह एवं प्रकाशन किया जायेगा। राज्य परियोजना कार्यालय से प्राप्त सामग्री का वितरण एवं प्रयोग सुनिश्चित किया जायेगा। स्थानीय स्तर पर जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से साहित्य प्रकाशित किए जायेगे।

I. स्वयं सेवी संगठनो एवं अन्य विभागो से सहयोग :-

स्वयं सेवी संगठनो एवं जिला विकलांग कल्याण अधिकारी की मदद से उन्हे कृत्रिम अंगो का वितरण कराया जायेगा।

J. ब्रिजकोर्स :-

विद्यालय न जाने वाले विशेष आवश्यकता वाले बच्चो (6-14 वर्ष) हेतु विभिन्न स्तरो का 15-15 दिन का क्रमश: ब्रिजकोर्स आयोजित किया जायेगा। इस हेतु राज्य स्तर पर अथवा जनपद स्तर पर ब्लाक स्तरीय विशेषज्ञो की मदद से माडयूल बनाया जायेगा। ब्रिजकोर्स के माध्यम से निर्धारित व्यय वर्ग के बच्चो को विभिन्न कक्षाओ में नामांकित कराकर मुख्य धारा से जोड़ा जायेगा।

K. खेल कूद प्रतियोगिताओ का आयोजन :-

विकलांग बच्चो की न्याय पंचायत, विकास खण्ड व जनपद स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का आयोजन कराया जायेगा। शारीरिक विकास से संबधी खेल नियमित रूप से आयोजित कराये जायेगे।

6. कोहर्ट स्टडी :-

कोहर्ट स्टडी के माध्यम से पिछले पांच वर्षो के शाला त्याग की दर का अध्ययन किया जायेगा। तथा ऐसे परिवारो को चिन्हित किया जायेगा जिनके बच्चो ने पिछले पांच वर्षो में विद्यालय छोड़ा है। इन बच्चो को विद्यालय में लाने के विशेष प्रयास किये जायेगे।

7. ग्रीष्म कालीन शिविर :-

कोहर्ट स्टडी के आधार पर ड्राप आऊट बच्चो हेतु ग्रीष्मावकाश में विशैष शिविर आयोजित होगे। शिविर के पश्चात उनका पुन: नामांकन विद्यालय में कराया जायेगा।

8. कला जत्था अभियान :-

कला जत्था के माध्यम से नुक्कड़ नाटक पिछड़े क्षेत्रो में कराया जायेगा तथा महिलाओ में जनजागरण लाकर उनका पुन: नामांकन कराया जायेगा।

9. शिक्षको का जेण्डर संवेदीकरण प्रशिक्षण :-

यह प्रशिक्षण मुख्यतया बच्चो/बालिकाओ के विद्यालय बीच में छोड़ देने के कारणो तथा उनके उपायो पर चर्चा व अभ्यास पर आधारित होगा।

अल्प संख्यक वर्ग व अनूसूचित-जाति की बालिका के अलग कर एवं ब्लाक में शोध कर समस्या वर्गी कृत करना व हल करना।

बालिकाओ के ठहराव हेतु कार्य विन्दु

1. माता शिक्षक संघ का गठन एवं प्रशिक्षण :-

प्रत्येक विद्यालय के 10-12 महिलाओ एवं वहां के अध्यापको का एक समूह बनाकर उनके कार्य एवं दायित्व के सम्बन्ध में प्रशिक्षित किया जायेगा। विद्यालय में बच्चो की उपस्थिति विशेष रूप से बालिकाओ की उपस्थिति सुनिश्चित करेगे।

2. ठहराव परिक्रमा व तारांकन :-

प्रत्येक सप्ताह शनिवार की सायं विद्यालय स्तर पर ठहराव परिक्रमा रैली निकाली जायेगी। जिन बच्चो की उपस्थित कम रहती है उनके घर के सामने खड़े होकर उन बच्चो के अभिभावको पर दबाव बनाया जायेगा।

3. तारांकन :-

उपस्थिति के प्रति बच्चो एवं अभिभावको को सचेत करने के लिए प्रतिमाह बच्चो को उनकी उपस्थिति के आधार पर तारांकन किया जायेगा।

0-06 दिन	-	लाल निशान
7-14 दिन	-	पीला निशान
15 या उससे अधिक	-	हरा निशान

यह निशान प्रतिमाह चार्ट पर अंकित कर कक्षा में लगाया जायेगा।

4. बाल सरकार का गठन/बालसभा का अयोजन/पुरूस्कार

बड़े एवं सक्रिय बच्चो को मिलाकर एक टीम गठित की जायेगी जो छोटे बच्चो की उपस्थित पर नजर रखेगी एवं विद्यालय कार्यो में अध्यापक को मदद देगी।

5. सत्रान्त सम्मेलन/ मॉ बेटी मेला :-

प्रत्येक सत्र के अन्त में अभिभावको व बच्चो का सम्मेलन किया जायेगा। जिसमें Result Cord का वितरण होगा। ऐसे अभिभावको को सम्मानित किया जायेगा जिनके बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आते रहे थे।

सामुदायिक गतिशीलता के कार्यक्रम

किसी भी कार्यक्रम की सफलता के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। विशेष रूप से बच्चो के नामांकन व ठहराव के लिए स्थानीय व्यक्तियों/अभिभावको/जागरूक नागरिको का सहयोग अपेक्षित है। शिक्षा के विकेन्द्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए समुदाय की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रो में ग्राम शिक्षा समिति तथा नगर क्षेत्र में वार्डवार नगर शिक्षा समिति गठित की गयी है। तथा उनका प्रशिक्षण भी कराया जा चुका है। पुन: निम्न कार्यक्रम किया जायेगा।

1. वातावरण सृजन

जनपद के पिछड़े विशेषकर माझा क्षेत्रो में जहॉ पर शिक्षा का स्तर सबसे कम है वहां पर सक्रिय भागी दारी हेतु स्थानीय व्यक्तियों निर्वाचित प्रतिनिधियों, संस्थाओ से सर्म्पक किया जायेगा तथा विद्यालय विकास हेतु सहयोग प्राप्त किया जायेगा।

2. ग्राम शिक्षा समितियों/नगर शिक्षा समितियो का प्रशिक्षण

ग्राम शिक्षा समितियो एवं नगर शिक्षा समितियो के कार्य एवं उत्तरदायित्व सम्बन्धी एक दिवसीय पुर्नवाधात्मक प्रशिक्षण प्रतिवर्ष दिया जायेगा।

3. कम्प्यूटर शिक्षा

यदि स्थानीय स्तर पर कोई संस्था क्रियाशील है तो उसके माध्यम से कुछ विद्यालयो में कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जा सकती है। नही तो BRC स्तर पर एक कम्प्यूटर कक्ष बनाकर चक्रीय क्रम से प्रत्येक विद्यालय के बच्चो को सामान्य शिक्षा प्रदान की जायेगी इस कार्य में स्थानीय शिक्षित व्यक्तियो का सहयोग लिया जायेगा।

4. सूक्ष्म नियोजन/मानचित्रण

विद्यालय की आवश्यकताओ के निर्धारण एवं उपलब्ध संसाधनो के बेहतर उपयोग हेतु स्थानीय समुदाय की मदद से प्रत्येक 5 वर्ष पर सर्वेक्षण कराया जायेगा तथा विद्यालय मानचित्रण कराया जायेगा। संसाधनो (जैसे भूमि, सफाई, आदि) हेतु समुदाय का सहयोग लिया जायेगा।

5. विद्यालय सौन्दर्यीकरण

विद्यालय के आकर्षक परिवेश हेतु प्रॉगण में वृक्षारोपण, फूलो की क्यारिया आदि लगाये जायेगी। इसमे स्थानीय समुदाय का सहयोग प्राप्त किया जायेगा विशेष रूप से उनकी सुरक्षा हेतु।

6. <u>साज सज्जा मे सहयोग</u>

विद्यालय में टाट पट्टी, श्यामपट्ट शैक्षिक सामग्री/गणवेश आदि हेतु स्थानीय समुदाय की मदद ली जायेगी। प्रतिभावान छात्रो के पुरस्कार की व्यवस्था समुदाय की मदद से की जायेगी विशेष रूप से बच्चो की सफाई एवं गणवेश में सहयोग लिया जायेगा।

7. विद्यालय प्रॉगण को समतल करने, मिट्टी भराव आदि में समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी

8. राष्ट्रीय पर्व एवं अन्य विद्यालयो उत्सवो में समुदाय को आमंत्रित किया जायेगा। सम्मानित व्यक्तियो द्वारा बच्चो को पुरस्कार दिलाया जायेगा।

9. <u>अध्यापन कार्य में सहयोग</u>

स्थानीय स्तर पर स्वयंसेवी पढे लिखे व्यक्तियो की पहचान की जायेगी जिससे आवश्यकता पड़ने पर वे शिक्षण कार्य में सहयोग दे सके।

10. विद्यालय पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण में उनका सहयोग लिया जायेगा विशेष रूप से MTA/PTA व VEC सदस्यो से सहयोग लिया जा सकता है।

11. <u>स्वंयसेवी संगठनो से सहयोग</u>

स्थानीय स्तर पर समुदाय में जन जागरण हेतु स्वयंसेवी संगठनो जैसे नेहरू युवा केन्द्र आदि का सहयोग लिया जायेगा।

सारणी-8

विद्यालय अनुदान का विवरण : रूप्या 2000 प्रतिवर्ष प्रति विद्यालय की दर से

क्रं० सं०	विद्यालय स्तर	वर्ष 2002–03			2003–04			2004–05			2005–06			2006–07		
		परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग
1.	प्रा० स्तर	—	—	—	1606	11	1617	1606	11	1617	1606	11	1617	1606	11	1617
2.	उ०प्रा. स्तर	206	—	206	274	72	346	334	72	406	334	72	406	334	72	406

अध्यापक अनुदान का विवरण : रूप्या 500 प्रति अध्यापक प्रति वर्ष की दर से

क्रं० सं०	विद्यालय स्तर	वर्ष 2002–03			2003–04			2004–05			2005–06			2006–07		
		परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग
1.	प्रा० स्तर	—	—	—	4365	33	4398	8125	33	8158	8931	33	8964	9231	33	9264
2.	उ०प्रा. स्तर	—	—	—	1051	360	1411	1051	360	1411	1051	360	1411	1051	360	1411

निःशुल्क पाठ्य पुस्तक परिषदीय/सहायता प्राप्त विद्यालय विवरण :

क्रं० सं०	विद्यालय स्तर	वर्ष 2002–03			2003–04			2004–05			2005–06			2006–07		
		परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग	परि०	सह०	योग
1.	प्रा० स्तर	—	—	—	173242	1232	174474	242848	1478	244326	247904	1800	249704	252932	2175	255107
2.	उ०प्रा. स्तर	—	—	—	23244	8068	31312	89036	10329	99365	91181	10380	101561	92785	10500	103285

अध्याय -9

गुणवत्ता सम्बर्द्धन

भारतीय संविधान की धारा 45 के अन्तर्गत 6-14 वर्ष तक के भी बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था की गयी है परन्तु देखा गया है कि अपनी मूलभूत अनेक कमियों के कारण यह व्यवस्था आज तक फली भूत नही हो पायी , उक्त अभीष्ट की प्राप्ति के लिए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत उ0प्र0 में हुई। द्वितीय चरण में जनपद गोण्डा को शामिल किया गया। जनपद में स्थापित जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान, दर्जी कुआं के शैक्षिक निर्देशन में उक्त कार्यक्रम 1998 से संचालित हो रहा है। जिला स्तर पर नियोजन व पर्यवेक्षण के लिए जिला परियोजना कार्यालय , ब्लाक स्तर पर ब्लाक संसाधन केन्द्र, न्याय पंचायत स्तर पर न्यायपंचायत संसाधन केन्द्र स्थापित हुए जो शत प्रतिशत नामांकन विद्यालयों में छात्र उपस्थिति , विद्यालयों की भौतिक दशा में सुधारें आदि का प्रयास कर रहे है । ब्लाक और न्याय पंचायत समन्वयको के लिए डायट द्वारा 5 दिवसीय और 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा एवं अन्य अनेक कार्यशालाएँ चलायी गयी ।

ब्लाक और न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों द्वारा अधीनस्थ विद्यालयों का पर्यवेक्षण करते हुए उनके शैक्षिक स्तर में सुधार के प्रयास किये गये । उपलब्धियों को आधार मानकर विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों का श्रेणीकरण (अ,ब,स,द) किया गया । यह प्रक्रिया प्रति मास और प्रति वर्ष अद्यतन जारी हैं । निम्न श्रेणी के विद्यालयों को उच्च श्रेणी में लाने हेतु प्रेरणात्मक प्रयास भी किये गये । एन.पी.आर.सी. और सी. आर.सी. स्तर पर मासिक बैठकों का आयोजन किया गया , जिन्हे अब मासिक कार्यशाला का रूप दिया जा रहा है। अत: बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया।

डायट द्वारा जनपद में समस्त प्रा0 शिक्षकों को , शिक्षण एवम् भाषा, गणित आदि विषयों में दक्षता बृद्धि हेतु प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम चलाया गया । शिक्षकोदय (अभिप्रेरण) रूप में प्रथम चक्र में शिक्षक/ शिक्षिकाओं को प्रेरित कर उनकी आत्म छवि सुधारने के क्रम में उन्हे उपने नूतन दायित्वों /मूल कर्तब्यों के प्रति संवेदनशील बनाया गया । जनपद के सभी प्राथमिक शिक्षक जागृत हुए।

द्वितीय चक्र में 'सबल' नाम से शिक्षकों को बल प्रदान करने वाला प्रशिक्षण डायट की देखरेख में ब्लाक स्तरों पर 16 केन्द्रों में चलाया गया । जिसमें सभी प्राथमिक शिक्षकों को शिक्षक कैसे हो?छात्र क्या है? भाषा शिक्षण कैसे प्रभावशाली बनाया जाय? गणित को सुगम कैसे बनाया जाय? पर्यावरण के

प्रति समझ कैसे बढ़ायी जाय? सीखने की कठिनाईयॉ कम कैसे हो? कक्षा विद्यालय का वातावरण रूचि उत्पादक कैसे बनाया जाय? इस अनेकानेक विन्दुओं पर फोकस डाला गया, क्योकि इसरे पूर्व यह बात उभर कर सामने आ चुकी थी कि शिक्षक काम करना भी चाहता है, तो उसके समक्ष उपर्युक्त प्रकार की कठिनाइयॉ सामने आती हैं ।

तृतीय चक्र में **'साधन'** प्रशिक्षण के द्वारा जनपद भर के शिक्षकों को नव विकसित पाठ्य पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया गया, इस प्रशिक्षण में न्याय पचायंत स्तर पर केन्द्र बनाकर शिक्षकों को बहु कक्षा शिक्षण , सतत् व्यापक मूल्यांकन , अधिगम सामग्री निर्माण , समय प्रबन्धन आदि विविध विषयों पर मूल्यवान प्रशिक्षण दिया गया, इस प्रशिक्षण की विशेषता विभिन्न विषयों का वास्तविक कक्षा शिक्षण अभ्यास रहा ।

जनपद गोण्डा के विकास हेतु विद्यालयों तथा शिक्षको के शैक्षिक स्तर को उत्कृष्ट करने हेतु अनेक प्रयास हुए किन्तु अनुभव किया जा रहा है कि कुछ क्षेत्रों में अभी भी काम किये जाने की आवश्यकता हैं -

1. M.T.L.M/T.L.M./ दृश्यश्रव्य सामग्री का समुचित प्रयोग करके कक्षा को प्रभाव शाली बनाना हैं ।
2. नगर क्षेत्र के विद्यालयों सें भौतिक संसाधन बढ़ाना हैं ।
3. अशासकीय कालेजों/स्कूलों में सम्बद्ध कक्षा 1-5 व 6-8 के बच्चें की शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के प्रयास करने होगें ।
4. अशासकीय सहायता प्राप्त/मान्यता प्राप्त इच्छुक विद्यालयों के शिक्षकों को प्रशिक्षित करना होगा ।
5. उच्च प्राथमिक शिक्षकों /विद्यालयों की शैक्षिक जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।
6. मकतब/मदरसों के शिक्षकों /बच्चों को गुणवत्ता विकास कार्यक्रम से जोड़ने हेतु प्रयास करना चाहिए।
7. संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को रूनिपूर्ण व प्रभावी शिक्षण के लिए प्रशिक्षित किया जाना / सामान्य प्रशिक्षण से जोड़ा जाना ।

स्कूल पूर्व शिक्षा (E.C.C.E. केन्द्र)

स्कूल पूर्व शिक्षा की महत्ता को समझते हुए जनपद गोण्डा में समेकित बाल विकास कार्यक्रम (I.C.D.S.) से सम्बद्ध 50 केन्द्रों को संचालित करने का लक्ष्य रखा गया । उक्त चयनित केन्द्रों की कार्यशालाओं, N.P.R.C., बी0आर0 सी0 समन्वय का प्रशिक्षण कराया गया जो प्रथम बार 7

दिवसीय, दूसरी बार 3 दिवसीय रहे, जो डायट द्वारा सम्पन्न कराये गये । संचालित केन्द्रों का जिला समन्वयकों आदि द्वारा देखरेख व पर्यवेक्षण होता रहता है । इन केन्द्रों के प्रति ग्राम शिक्षा समितियों को भी जिम्मेदार बनाया गया ।

7 ब्लाकों के प्रत्येक केन्द्र की कार्यकत्रियों कार्यकर्त्ताओं को निश्चित मानदेय के अतिरिक्त रूपये 5000/- सामग्री व्यय व 1500/- आकस्मिक व्यय प्रति केन्द्र प्रदान किया गया। इन केन्द्रों पर 3-6 वयवर्ग के 40-40 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं । अब आवश्यकता इस बात की है कि इन बच्चों का निर्धारित प्रपत्र पर सतत् मूल्यांकन की व्यवस्था हो।

इस सुविधा से शैक्षिक उपलब्धियॉ बढ़ी हैं । विद्यालयों में नामांकन बढ़ा हैं विद्यालयों में बालिकाओं की संख्या में बृद्वि हुई है । छात्र/छात्राओं का ठहराव बढ़ा है। बालिकाओं की घरेलू जिम्मेदारियॉ घटकर उनका शैक्षिक जुड़ाव हुआ है।

ग्राम शिक्षा समिति

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण का लक्ष्य प्राप्त करने की दृष्टि से ग्राम शिक्षा समिति के रूप में जनसमुदाय सहभागिता की आवश्यकता प्रतीत हुई हैं ।

डायट के नेतृत्व में जनपद के लगभग सभी ग्रामों की ग्राम शिक्षा समितियों को तीन-तीन दिवसों का प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं । प्रशिक्षक हेतु ब्लाक सन्दर्भ समूह, जिला सन्दर्भ समूह का गठन किया गया हैं । जिसकी देख रेख में निम्न विन्दुओं पर प्रशिक्षण दिया गया है -

1. परम्परागत रूढ़ियों को तोड़कर नवीन स्थापना ।
2. कौशल निर्माण -विकास और अभ्यास कार्य ।
3. सम्प्रेषण का अभ्यास , केन्द्र भ्रमण , ग्राम भ्रमण ।
4. ग्राम तथा समुदाय के अनुभवों का प्रस्तुतीकरण ।
5. रोलप्ले , प्रतिभागिता , समाधानात्मक अभ्यास ।
6. समुदाय में महिला वर्ग की केन्द्रीय स्थिति का मान ।

ग्राम शिक्षा समितियों के प्रशिक्षण का उददेश्य था, समुदाय को यह समझाना कि ग्राम के समस्त बच्चों की शिक्षा तथा विद्यालय संसाधनों में वृद्धि सरकार का दायित्व होते हुए भी समुदाय का अधिकतर दायित्व हैं ।

ग्राम शिक्षा समिति के प्रशिक्षण में ग्राम के शैक्षिक विकास की रूप रेखा / योजना बनायी गयी, स्कूल मानचित्रण , सूक्ष्म नियोजन, विद्यालय न आने वाले बच्चों (विशेष रूप से लड़कियों) की पहचान आदि की गयी । इसी प्रशिक्षण के आधार पर ग्रामों में विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने की योजनाएँ बनायी गयी । ठहराव को भी ध्यान में रखा गया ।

जनपद में स्कूल न आने वाले बच्चों की संख्या बालिका सवर्ग और अभिवंचित समुदाय से सर्वाधिक है । इनको शिक्षा की मुख्य धारा में लाकर गुणवत्ता स्तर की प्राप्ति तक के सारी कोशिशें ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से ज्यादा सफल हो सकती है। बालिकाओं द्वारा छोटे भाई-बहनों की देखभाल , गरीब बच्चों द्वारा बकरी चराना और बाल मजदूरी से मुक्त होने के लिए समुदाय की चेतना के लिए अभियान चलाये जाने की आवश्यकता हैं । ग्राम शिक्षा समिति में इस अभियान हेतु ग्राम के शिक्षित और सहयोग की रूचि रखने वाले युवाओं तथा एन.जी.ओ. को भी प्रतिनिधित्व दिया जाना अपेक्षित है । क्योकि प्राथमिक /पू0मा0 विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों में से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश परिवार शिक्षित और जागरूक नही हैं । जिन्हे प्रेरित करना आसान नही हैं , कला जत्था द्वारा नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से समुदाय को जगाना बेहतर होगा । शिक्षकों को शैक्षिक तथा विद्यालयी समस्याओं से उबरने के लिए आवश्यक समाधान सुझाये जाते है इसी तरह ब्लाक /न्याय पंचायत समन्वय के लिए भी समाधानात्मक पर्यवेक्षण /बैठक की व्यवस्था की गयी हैं ।

शैक्षिक समर्थन -सहयोग के लिए डायट मेण्टर , निरीक्षक वर्ग , समन्वयकों को शैक्षिक समर्थन व अनुश्रवण कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया हैं । विभिन्न स्तर के पर्यवेक्षणों के दौरान चिन्हित समस्याओं की समाधान अगली मासिक बैठकों में भी दिया जाता है । फिर भी, अभी और भी सहयोग-प्रोत्साहन की आवश्यकता है - जो निम्न तरह से अपेक्षित हैं -

1. शिक्षक दिवस का नियमित प्रायोजन किया जाना ।
2. जनपद स्तर पर प्रत्येक तहसील के आदर्श / सक्रिय शिक्षकों को प्रशस्ति, पुरस्कार ।
3. ब्लाक स्तर पर ब्लाक और न्याय पंचायत के कक्षा व्यवस्था/ सामाग्री उपयोग नामांकन /ठहराव / गुणवत्ता सम्प्राप्ति में अलग-अलग श्रेष्ठतम शिक्षकों को प्रशस्ति पुरस्कार ।
4. जनपद स्तर पर अच्छे प्रशिक्षकों को भी प्रशस्ति , पुरस्कार ।
5. जनपद स्तर पर श्रेष्ठ ब्लाक/ N.P.R.C. समन्वयों को प्रशस्ति पुरस्कार ।
6. पुरस्कृत शिक्षकों को पदोन्नति / प्रोन्नत वेतनमान ।

शिक्षकों को सहयोग-समर्थन की आवश्यकता

बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति के लिए और उसके स्तरोन्नयन के लिए तथा कक्षा और विद्यालय की स्थिति में बदलाव लाने के लिए शिक्षकों की क्षमता में अपेक्षित वृद्धि और उनकी कौशलात्मक सामर्थ्य में उभार तथा समुचित सहयोग व प्रोत्साहन अनिवार्य ही हैं । उपयुर्क्त के लिए बहु आयामी योजना बनायी गयी हालाकि इससे पूर्व से एस0ओ0पी0टी0 की योजना चल रही है परन्तु ऐसा प्रतीत होता है-

- एस0ओ0पी0टी0 शिक्षकों की शैक्षिक योग्यता आवश्यकताओं से दूर हैं ।
- कक्षा की जटिल प्रक्रियाओं से सीधे सम्बन्ध नही हैं ।
- सभी शिक्षकों के बजाय मात्र कुछ शिक्षक ही प्रशिक्षित किये जाते हैं ।
- ब्लाक, न्याय पंचायत स्तर पर अनुवर्ती कार्यक्रम और कठिनाई निवारण की व्यवस्था नही हैं ।

डी0पी0ई0पी0 के अन्तर्गत समस्त सेवारत शिक्षकों को तीन चक्रों में प्रशिक्षण दिया गया । डायट स्तर पर सन्दर्भ/संसाधन समूह के सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। शिक्षकों के ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण का पर्यवेक्षण डायट द्वारा किया गया ।

बी.आर.सी/एन.पी.आर.सी. समन्वयको द्वारा विद्यालयों का शैक्षिक पर्यवेक्षण प्रतिमाह किया जाता हैं। इन पर्यवेक्षणों के उपरान्त प्राथमिक विद्यालयों की ग्रेडिग भी की गयी जिसका प्रभाव गुणवत्ता सम्बर्द्धन में पड़ने लगा हैं । इन पर्यवेक्षणों / मासिक बैठकों के दौरान इसकी समीक्षा की जाती हैं ।

विद्यालयों की श्रेणीकरण

सारणी-9.

क्रम	विकास खण्ड का नाम	माह सितम्बर					माह अक्टूबर				
		निर्धारित विद्यालय	A	B	C	D	निर्धारित नि0 स0	A	B	C	D
1	झंझरी	5	1	2	2	1	5	2	3	1	-
2	पंडरी कृपाल	5	-	1	3	2	5	-	1	4	-
3	मुजेहना	5	1	1	1	2	5	1	1	2	-
4	इटियाथोक	5	-	1	1	3	5	1	1	3	-
5	हलधरमऊ	5	-	-	3	2	5	-	1	4	-
6	बेलसर	5	1	1	1	2	5	2	-	3	-

7	तरबगंज	5	-	1	1	3	5	1	2	2	-
8	वजीरगंज	5	-	-	3	2	5	1	1	3	-
9	नवाबगंज	5	-	-	2	3	5	1	-	5	-
10	बभनजोत	5	-	-	1	4	5	1	1	3	-
11	छपिया	5	-	-	1	4	5	-	1	4	-
12	परसपुर	5	1	1	2	1	5	1	1	3	-
13	रूपईडीह	5	-	-	1	4	5	-	1	3	-
14	कटराबाजार	5	1	1	1	3	5	1	1	3	-
15	कर्नलगंज	5	-	-	2	3	5	-	1	4	-
16	मनकापुर	5	-	-	2	3	5	-	2	2	1

श्रोत डायट गोण्डा

डायट के ब्लाक मेंन्टर बी.आर.सी. तथा एन0जी0 आर0 सी0 समन्वयकों द्वारा प्राथमिक विद्यालयों का पर्यवेक्षण किया जाता हैं । भौतिक स्थिति व शैक्षिक कियाओं बच्चों के अधिगम स्तर अर्थात विद्यालय के सम्पूर्ण वातावारण के आधार विद्यालय के श्रेणीकरण की जाती हैं । निम्न श्रेणी वाले विद्यालय को सुधार के लिये प्रेरित किया जाता हैं । जो सुविधाये सपोर्ट आवश्यक होता है, प्रदान किया जाता है जिससे विद्यालय उच्च श्रेणी में आ जाये । सारिणी से स्पष्ट है कि श्रेणी वाले विद्यालय को प्रयास कर के C में लाया गया तथा C वाले को B में व B वाले विद्यालयों को 1 में लाने का प्रयास किया गया हैं । और परिणाम भी सकारात्मक आये । ये प्रयास निरन्तर चलेगें। सभी विद्यालयों का श्रेणी करण किया जायेगा तथा श्रेणी सुधारने का प्रयास किया जायेगा ।

सेवारत शिक्षकों की क्षमता में गुणात्मक अभिवृद्धि हेतु प्रशिक्षण

प्राथमिक स्तर:- सेवारत शिक्षकों के लिए पूर्व में विरल पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण भी हो जाया करते थे परन्तु डी0पी0ई0पी0 द्वारा समस्त शिक्षकों को विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता में गुणात्मक अभिवृद्धि के प्रयास किये गये गत तीन वर्षो में तीन चक्रों में प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं । **प्रथम चक्र का प्रशिक्षण डायट में द्वितीय में, द्वितीय चक्र का प्रशिक्षण ब्लाकों से , तृतीय चक्र का प्रशिक्षण ब्लाकों में** आयोजित किया गया ।

प्रशिक्षण देने के लिए प्रत्येक चक्र में अलग-अलग टी0ओ0 टी0 चयन कार्याशाला की गयी चयनित प्रशिक्षकों को डायट राज्य सन्दर्भ समूह के सदस्यों द्वारा प्रशिक्षित किया गया ।

प्रथम चक्र शिक्षक प्रशिक्षण (शिक्षक अभिप्रेरण प्रशिक्षण 10 दिवसीय) के मुख्य विन्दु थे -

- शिक्षको को अभिप्रेरित करना।

- शिक्षकों में बच्चों के प्रति समझ विकसित करना।
- कक्षा का वातावरण आकर्षक बनाना।
- T.L.M. के प्रयोग से पूर्ण अधिगम की प्राप्ति कराना।
- गतिविधि आधारित शिक्षण।
- वंचित वर्ग / बालिकाओं की शिक्षा में कठिनाइयों के प्रति संवेदीकरण ।

द्वितीय चक्र प्रशिक्षण (सबल) 8 दिवसीय प्रदान किया गया , जिसके बिन्दु मुख्यतया थे -

- विषय वस्तु आधारित प्रशिक्षण
- शिक्षकों / छात्रों में दक्षता विकास
- T.L.M. निर्माण व प्रयोग की जानकारी
- विषयवार गतिविधि निर्माण व प्रयोग।
- गणित / पर्यावरण के प्रति समझ विकसित करना।
- भाषा दक्षता का विकास।

तृतीय चक्र शिक्षक प्रशिक्षण (साधन) 8 दिवसीय ब्लाक समन्वयकों के माध्यम से स्तरों पर सम्पन्न हुई जिसमें फोकस विन्दु इस प्रकार हैं -

- पाठ्य पुस्तकों (नवीन) का परिचय
- कक्षा शिक्षण अभ्यास
- बहु कक्षा शिक्षण की तकनीक का विकास व समझ
- बहु उददेशीय शिक्षण सामग्री का निर्माण व विकास
- समय प्रबन्धन
- सतत् व्यापक मूल्यॉकन

पूर्वमाध्यमिक स्तर –पूर्व माध्यमिक स्तर पर डी0पी0ई0पी0 योजना लागू ही नही थी , अत: इन विद्यालयों में शिक्षकों का प्रशिक्षण नही हो सका है। मात्र एस0ओ0पी0टी0 ट्रेनिंग होती हैं । परन्तु यह नितान्त नकाफी है , क्योकि यह मात्र कुछ शिक्षकों को गणित तथा विज्ञान में ही होता हैं इन शिक्षकों के प्रशिक्षणों की नितान्त आवश्यकता है।

जनपद गोण्डा में शिक्षकों की स्थिति शैक्षिक योग्यतानुसार

सारणी–9.

कमांक	शैक्षिक योग्यता	प्रा0 वि0 के शिक्षक	पूर्व0 मा0 के शिक्षक
1	शिक्षकों की कुल संख्या	2713	681
2	हाई स्कूल से कम योग्यता वाले शिक्षक	13	–
3	हाई स्कूल योग्यता वाले शिक्षक	740	–
4	इण्टर मीडिएट	1236	21
5	स्नातक	528	584
6	परास्नातक	196	86
7	अप्रशिक्षित	83	–
8	प्रशिक्षित	2630	681

स्रोत बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय गोण्डा

उपरोक्त सारिणी से ये स्पष्ट है कि 13 शिक्षक हाई स्कूल से भी कम योग्यता वाले है तथा 740 शिक्षक मात्र हाई स्कूल हैं । इण्टरमीडिएट पास शिक्षकों की संख्या 1236 हैं जिनकों विषयवार शिक्षण का विशेष प्रशिक्षण देने की आवश्यकता हैं । समस्त शिक्षकों में 83 शिक्षक अप्रशिक्षित है उनको शिक्षण विधियों, पाठ संकेत निर्माण सहायक शिक्षण अधिगम सामग्री आदि के विषय में पूर्ण जानकारी देने की आवश्यकता है।

अत: सर्व शिक्षा अभियान में ये प्रयास किया जायेगा कि शिक्षकों को शिक्षण की नई विधाओं और पाठ्यक्रम का पूर्ण जान कराया जायेगा ।

शिक्षकों की स्थिति अनुभव के अनुसार

सारिणी – 9.

कम	शिक्षण अनुभव	365	196
1	5 वर्ष से कम	318	71
2	5 से 10 वर्ष तक	173	119
3	10 से 15 वर्ष तक	266	126
4	15 से 20 वर्ष तक	403	191
5	20 से 25 वर्ष तक	580	38
6	25 से 30 वर्ष तक	422	21
7	30 वर्ष से अधिक	187	19
	35 वर्ष से अधिक		
			681

स्रोत बेसिक शिक्षा अधिकारी–गोण्डा

सारिणी से स्पष्ट है कि जनपद में 365 शिक्षक 5 से भी कम अनुभव वाले हैं । इनकों छोटे बच्चों को शिक्षण बिन्दुओं बहुकक्षा शिक्षण विद्यालय समय सारिणी कक्षा प्रबन्धन आदि की विशेष जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता होगी । सारिणी के अनुसार 1189 शिक्षक 25 वर्ष से अधिक अनुभव वाले हैं इन शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम नयी शिक्षण विधाओं वा बाल मनाविज्ञान की जानकारी देने की आवश्यकता हैं ।

उच्च प्राथमिक स्तर पर 196 शिक्षक 5 वर्ष से कम अनुभव वाले हैं । इनकों विषय वस्तु का ज्ञान बहुकक्षा शिक्षण कक्षा प्रकिया कक्षा प्रबन्धन आदि की जानकारी देने की आवश्यकता हैं । इसी प्रकार 78 शिक्षक 25 वर्ष से अधिक अनुभव वाले है जिनकों बदली हुयी शिक्षण तकनीकियों नये विषय वस्तु नयी विधाओं को परिचिति कराना होगा ।

प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कक्षा में प्रभाव

पर्यवेक्षण के दौरान शिक्षकों से बात चीत करके तथा बच्चों के बीच जाकर देखा गया कि शिक्षक पहले की अपेक्षा अधिक सक्रिय होकर कार्य कर रहे हैं । बच्चों की उपस्थिति में भी आशा तीत सुधार मिला हैं । कक्षा में सहायक सामग्री का प्रयोग समुचित ढंग से हो रहा हैं । परन्तु कही-कही इसका अभाव भी देखने को मिला हैं ।

अध्यापकों के नियमित होने और गति विधयों के प्रयोग से विधालय का वातावरण रोचक हुआ है तथा बच्चे खुश तथा सक्रिय नजर आते हैं ।

शिक्षक नियोजित ढ़ंग से कार्य करने का मन बना चुके हैं । और वे एकल या दो होने पर भी समुचित तरीके से मानीटर व्यवस्था और समेकित पाठों व विषयों का चयन करके एक से अधिक कक्षाओं में शिक्षण कार्य करने में अपने को समर्थ पाते है । कहीं-कही इसका बहुत अच्छा प्रभाव भी देखने को मिला हैं । कक्षा शिक्षण में बच्चों की अधिकाधिक भागीदारी से बच्चे को कुछ करके सीखने का अवसर मिला हैं । और शिक्षकों का बोझ कम हुआ हैं ।

समुचित अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन के लिए किये गये कार्य - जनपद गोण्डा में ब्लाक स्तर पर बी0आर0सी0 तथा न्याय पंचायत स्तर पर एन0पी0आर0 सी0 की स्थापना करके समुचित अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन के लिए शिक्षकों के बीच का ही एक-एक शिक्षक नियुक्त कर दिया गया हैं । जिन्हे कार्य

तथा दायित्वों के सम्बन्ध में 5 दिवसीय आधार भूत प्रशिक्षण व अकादमिक पर्यवेक्षण के सम्बन्ध 3 दिवसीय प्रशिक्षण मिला हैं ।

समन्वयक अपने अधीन विद्यालयों का नियमित श्रमण अनुश्रवण , आदर्श पाठों का प्रस्तुती करण करते हैं । भौतिक शैक्षिक एवं प्रशासनिक पक्षों के आधार पर विद्यालयों /शिक्षकों का श्रेणीकरण करते हैं । एन0पी0आर0सी0 स्तर पर मासिक बैठकें करके मा ह में आने वाली शिक्षकों की कठिनाइयों का समाधान करते हैं । सामग्री मेलो का आयोजन एवं बैठकों में संदर्भ शिक्षकों द्वारा आदर्श पाठों का प्रस्तुतीकरण होता हैं । और गुणवत्ता संवर्धन के लिए अनुश्रवण के कार्यक्रम संचालित किये जाते हैं ।

बी0आर0सी0 द्वारा किये जाने वाले कार्य

गुणवत्ता सम्बर्धन में समन्वयकों की भूमिका महत्वपूर्ण हैं । इनके द्वारा निम्न लिखित कार्य मुख्य रूप से किये जाते हैं ।

1. डायट के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षणों का आयोजन करना जिसमें शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण , शिशु शिक्षा केन्द्र के कार्य कत्रियों का प्रशिक्षण , ग्राम शिक्षा समिति का प्रशिक्षण मुख्य हैं ।
2. कार्यशालाओं का आयोजन जैसे सामग्री निर्माण की कार्यशाला आदर्श विद्यालय निर्माण की कार्यशाला , कार्यानुभव कार्यशाला ।
3. गोष्ठियों बैठकों का अयोजन करना , जिसमें शिक्षकों के लिये नियमित मासिक गोष्ठी सेवा सम्बन्धी प्रकरणों जैसे वेतन आदेश निर्देश एवं सूचनाओं का आदान प्रदान होता हैं । सीखने सिखाने में विषयगत कठिनाइयों , सहायक सामग्री विज्ञान किट, गणित किट के प्रयोग तथा गतिविधियों के आयोजन पर चर्चा होती हैं ।इसके अतिरिक्त शिक्षक अभिभावक गोष्ठी , ग्राम शिक्षा समिति की बैठक, न्याय पंचायत प्रभारियों की बैठके भी होती हैं । समय-समय पर बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी के आहवन पर अधिकारिक बैठक भी होती हैं जिसमें सूचनाओं का आदान प्रदान तथा आदेश निर्देश जारी किये जाते हैं ।
4. बच्चों से सम्बन्धित प्रतियोगिताए जैसे लोकगीत , लोक नृत्य, संगीत, चित्रांकन, अन्त्याक्षरी, निबन्ध लेखन भावगीत, भावनृत्य, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता हैं ।

इसके साथ-साथ शिक्षकों से सम्बन्धित प्रतियोगिताए जैसे सामग्री निर्माण आदर्श पाठ, व भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित करता हैं ।

5. विद्यालय भ्रमण के दौरान कक्षाओं का अवलोकन पृष्ठपोषण एवं श्रेणीकरण किया जाता हैं ।
6. आकड़ों का संकलन
7. कार्यक्रमों व योजनाओं की रिपोर्ट तैयार करके डी0पी0ओ0 व डायट को भेजा जाता हैं ।
8. बी0आर0सी0 द्वारा समस्त न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रो शिक्षकों बच्चों तथा आंकड़ों का मूल्यांकन किया जाता है फिर उनका विश्लेषण होता हैं ।
9. संसाधनों /संदर्भ व्यक्तियों की पहचान करके डायर व डी0पी0ई0 पर उनका नाम भेजा जाता है और उनका उपयोग जिला स्तर पर होता हैं ।

एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों की भूमिका

न्याय पंचायत स्तर पर शैक्षणिक तथा पाठ सहभागी क्रिया कलापों का केन्द्र विन्दु एन0पी0आर0सी0 हैं । इनका प्रमुख कार्य निम्नवत हैं ।

1. स्थानीय समुदाय को शिक्षा के प्रति अभिप्रेरित करना और उन्हे विद्यालय के प्रति संवेदनशील बनाना ।
2. ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण आयोजित करना ।
3. शिक्षको के अनुभव का परस्पर आदान प्रदान कराना तथा स्कूल भ्रमण के दौरान शिक्षकों को सहयोग देना ।
4. मासिक बैठकों तथा कार्य शालाओं का आयोजन ।
5. वैकल्पिक शिक्षा केन्दों तथा शिशु शिक्षा केन्द्रो का भ्रमण करना और सार्थक सहायोग प्रदान करना ।
6. ग्राम शिक्षा समितियों के सहयोग से विद्यालय शिक्षण योजना का विकास करना ।
7. बी0आर0सी0 को सहयोग प्रदान करना , बी0आर0सी0 की मासिक बैठकों में भाग लेना और सूचनाओं का आदान प्रदान करना ।
8. संदर्भ व्यक्तियों , कार्यो एवं कार्यक्रमों की रिपोर्ट तैयार करके वी0आर0सी0 तथा डायट को भेजना ।

बच्चों के प्रोत्साहन के लिए संचालित योजनाए – बच्चों का विद्यालय में नामांकन एवं ठहराव बनाये रखने के लिए उन्हे कुछ प्रोत्साहन दिये गये है जो निम्नवत है –

1. अनुसूचित , पिछड़ी एवं अल्प संख्यक जाति के छात्रों को छात्रवृत्ति ।
2. सभी छात्रों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध करायी गयी है जिससे प्रोत्साहन के अतिरिक्त शिक्षण कार्यक्रम में समयवद्धता भी सुनिश्चित होती हैं ।
3. बाल पोषाहार कार्यक्रम पोषाहार योजना का लाभ विद्यालय के सभी बच्चों को प्रतिमास मिलता हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन अभिभावक को बड़ी मदद मिली हैं ।

उक्त योजनाओं के फलस्वरूप बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में बढा हैं । तथा विद्यालय पलायन (डाप आउट) समस्या पर भी अंकुश लगा हैं । विकलांग बच्चों व तीव्र बुद्धि के बच्चों को भी प्रोत्साहन अपेक्षित हैं । यह प्रोत्साहन नगद पुरस्कार , विद्यालय परिधान , स्टेशनरी रूप में हो ।

आधारभूत सर्वेक्षण तथा मध्यावधे सर्वेक्षण के अनुसार छात्र की उपलब्धि कक्षा 1 के छात्रों की भाषा विषय में उपलब्धि –

सारिणी –9.

सर्वेक्षण	मध्यमान प्रतिशत				
	बालक	बालिका	अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य वर्ग
आधारभूत सर्वेक्षण	48.15	35.57	42.76	42.76	44.64
मध्यावधी सर्वेक्षण	69.1	65.0	78.2	84.6	83.2
उपलब्धि वृद्धि दर	20.95	20.95	42.63	41.84	38.56

स्रोत डायट गोण्डा

उपरोक्त तालिका में कक्षा 1 के छात्रों की भाष विषय में उपलब्धि स्तर जो आधारभूत सर्वेक्षण तथा मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त हुई, प्रदर्शित हैं। तालिका में प्रदर्शित मानों के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त किया जा सकता हैं कि दोनो सर्वेक्षणों के दौरान बालकों का मध्यमान प्रतिशत कमश: 48. 15 तथा 69.1 प्राप्त हुए जो 20.95 प्रतिशत वृद्धि को इंगित करता हैं ।

बालिकाओं का मध्यमान प्रतिशत कमश: 44.05 तथा 65.0 प्राप्त हुआ जो भी 20.95 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता हैं । जातिगत आधार पर आकड़ों से यह निष्कर्ष प्राप्त किया जा सकता है कि अनुसूचित जातियों के छात्रों का मध्यमान प्रतिशत कमश: 35.57 तथा 78.2 है जो 42.63 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है

अनय पिछड़ा वर्ग के छात्रों का दोनो सर्वेक्षणों के दौरान मध्यमान प्रतिशत कमशः 42.76 तथा 84.6 प्राप्त हुआ जो 41.84 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों का मध्यमान प्रतिशत कमशः 44.64 तथा 83.2 है जो आधार भूत सर्वेक्षण की अपेक्षा 38.56 प्रतिशत वृद्धि का सकेंत करता हैं । कक्षा 1 के भाषा उपलब्धि के सम्बन्ध में यह निष्कर्ष दिया जा सकता है है कि आधार भूत सर्वेक्षण की तुलना में मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान उपलब्धि में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है जो परियोजना के घनात्मक प्रभाव को परिलक्षित करता हैं ।

कक्षा 1 के छात्रों की गणित विषय में उपलब्धि

सारिणी-9.

सर्वेक्षण	मध्यमान प्रतिशत				
	बालक	बालिका	अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य वर्ग
आधारभूत सर्वेक्षण	45.0	34.64	35.57	42.76	44.64
मध्यावधी सर्वेक्षण	83.5	81.00	78.20	84.60	83.20
उपलब्धि वृद्धि दर	38.5	46.36	42.63	41.84	38.56

स्रोत डायट गोण्डा

उपरोक्त तालिका के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त किया जा सकता है कि आधार भूत सर्वेक्षण की अपेक्षा मध्यावधि सवेक्षण के दौरान गणित विषय में छात्रों की उपलब्धि सतर में वृद्धि हुई है । तालिका में अंकित मान यह दर्शाता है कि दोनो सर्वेक्षणों के दौरान बालकों की उपलब्धि का मध्यमान प्रतिशत कमशः 45.0 तथा 83.5 रहा जो 38.5 न्रतियरत पृद्धि को दर्शाता है । बालिकाओं का मध्यमान प्रतिशत कमशः 34.64 तथा 81.00 रहा जो 46.36 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता हैं । जातिगत आधार पर प्राप्त आकड़ों से निष्कर्ष प्राप्त होता हैं कि अनुसूचित जाति के छात्रों का दोनो सर्वेक्षणों के दौरान मध्यमान प्रतिशत कमशः 35.57 तथा 78.20 रहा जो 42.63 प्रतिशत वृद्धि को प्रदर्शित करता हैं ।

अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों का गणित विषय में दोनो सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त मध्यमान प्रतिशत कमशः 42.76 तथा 84.60 है जो 41.84 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों का मध्यमान प्रतिशत कमशः 44.64 तथा 83.20 है जो 38.56 प्रतिशत वृद्धि को प्रदर्शित करता हैं ।

?कक्षा 4 के छात्रों की भाषा विषय में उपलब्धि

सारिणी-9.

सर्वेक्षण	मध्यमान प्रतिशत				
	बालक	बालिका	अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य वर्ग
आधारभूत सर्वेक्षण	41.2	40.76	40.43	40.85	40.85
मध्यावधी सर्वेक्षण	47.7	48.0	48.9	47.6	47.6
उपलब्धि वृद्धि दर	6.5	7.24	8.47	6.75	6.75

स्रोत:BAS/MAS

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि आधारभूत सर्वेक्षण की अपेक्षा मध्यावधि सर्वेक्षण में कक्षा 4 के छात्रों की भाषा विषय में उपलब्धि स्तर में वृद्धि हुई हैं । गोण्डा जनपद में आधारभूत एवं मध्यावधि सर्वेक्षणों के दौरान बालकों के भाषा उपलब्धि का मध्यमान प्रतिशत क्रमश: 41.2 तथा 47.7 प्राप्त हुआ जो 6.5 प्रतिशत वृद्धि प्रदर्शित करता हैं । बालिकाओं का दोनो सर्वेक्षणों के दौरान मध्यमान प्रतिशत क्रमश: 40.76 तथा 48.0 प्राप्त हुआ जो 7.24 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता हैं । जातिगत आधार पर देखने पर यह स्पष्ट होता है कि अनुसूचित जाति के छात्रों का दोनो सर्वेक्षणों के दौरान उपलब्धि का मध्यमान स्तर क्रमश: 40.43 तथा 48.9 है जो 8.48 प्रतिशत वृद्धि को इंगित करता है। अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के उपलब्धि का मध्यमान प्रतिशत क्रमश: 40.85 तथा 47.6 प्राप्त हुआ जो 6.75 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों का मध्यमान प्रतिशत 40.85 तथा 47.6 प्राप्त हुआ जो 6.75 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता हैं ।

कक्षा 4 के छात्रों की गणित विषय में उपलब्धि

सारिणी–9.

सर्वेक्षण	मध्यमान प्रतिशत				
	बालक	बालिका	अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य वर्ग
आधारभूत सर्वेक्षण	**31.85**	**31.07**	**29.55**	**30.95**	**30.95**
मध्यावधि सर्वेक्षण	**37.1**	**37.3**	**32.8**	**39.3**	**39.3**
उपलब्धि वृद्धि दर	**5.25**	**6.23**	**3.25**	**8.35**	**8.35**

स्रोत:BAS/MAS

उपरोक्त तालिका में प्रदर्शित आकड़ों के आधार पर यह निष्कर्ष प्राप्त किया जा सकता है कि कक्षा 4 के बालकों का गणित विषय में उपलब्धि का मध्यमान प्रतिशत दोनो सर्वेक्षणों के दौरान क्रमश: 31.85 तथा 37.1 प्राप्त हुआ जो 5.25 प्रतिशत वृद्धि को प्रदर्शित करता है बालिकाओं का दोनो सर्वेक्षणों के दौरान उपलब्धि मध्यमान प्रतिशत क्रमश: 31.07 तथा 37.3 है जो 6.23 पतिशत वृद्धि को दर्शाता हैं। जातिवार विश्लेषण से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि दोनो सर्वेक्षणों के दौरान अनुसूचित जाति के छात्रों का उपलब्धि मध्यमान क्रमश: 29.55 तथा 32.8 प्रतिशत हुआ जो 3.25 प्रतिशत वृद्धि को स्पष्ट करता हैं ।

इसी प्रकार अन्य पिछड़े तथा वर्ग के तथा अन्य वर्ग के छात्रों का दोनो सर्वेक्षणों की अवधि में मध्यमान प्रतिशत क्रमश: 30.95 तथा 39.3 प्राप्त हुआ जो दोनो वर्ग के छात्रों में 8.35 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता हैं ।

मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान कक्षा 1 के छात्रों का भाषा विषय में उपलब्धि स्तर न्यूनतम अधिगम स्तर के पैमाने पर

सारिणी -9.

स्तर					
	बालक	बालिका	अनुसूचित जाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	अन्य वर्ग
पूर्ण स्तर दक्षता प्राप्ति स्तर	25.3%	23.8%	31.6%	36.6%	32.4%
पूर्ण दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर	36.0%	31.4%	25.2%	25.2%	23.6%
न्यूनतम अधिगम स्तर	21.3%	23.3%	20.0%	22.1%	25.0%

स्रोत:BAS/MAS

उपरोक्त तालिका के आधार पर यहा निष्कर्ष प्राप्त कर सकते है कि मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान कक्षा 1 के बालकों की भाषा विषय में उपलब्धि स्तर क्या रहा । 25.3 बालकों ने पूर्ण दक्षता स्तर को प्राप्त किया अर्थात 25.3 प्रतिशत बालकों ने 80 प्रतिशत से अधिक अधिमय किया । 36.0 प्रतिशत दक्षता प्राप्ति की तरफ उन्मुख रहे अर्थात इन्होने 60 से 80 प्रतिशत के बीच अधिगम स्तर प्राप्त किया । इसी प्रकार 21.3 प्रतिशत बालकों ने न्यूनतम अधिगत स्तर प्राप्त किया अर्थात इन्होने 40 प्रतिशत से अधिक तथा 60 प्रतिशत से कम अधिगम स्तर प्राप्त किया है। बालिकाओं में , 23.8 प्रतिशत बालिकाओं ने पूर्ण दक्षता स्तर , 31.4 प्रतिशत वालिकाओं ने पूर्ण दक्षतान्मुख स्तर तथा 23.3 प्रतिशत बालिकाओ ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया है । अनुसूचित जाति के छात्रों मे 31.6 प्रतिशत छात्र पूर्ण दक्षतास्तर 25.2 प्रतिशत छात्र दक्षता प्राप्ति की तरफ उन्मुख स्तर तथा 20.0 प्रतिशत छात्र न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त किए अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों 36.6 प्रतिशत छात्र न्यूननम अधिगम स्तर को प्राप्त किये हैं । इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों में 32.4 प्रतिशत छात्र पूर्ण दक्षता स्तर 23.6 प्रतिशत छात्र पूर्ण दक्षता प्राप्ति की तरफ उन्मुख स्तर तथा 25.0 प्रतिशत छात्रो ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया गया हैं ।

मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान कक्षा 1 के छात्रों का गणित विषय में उपलब्धि स्तर (न्यूनतम अधिगम स्तर पैमाने पर)

सारणी -9.

स्तर	बालक प्रतिशत	बालिका प्रतिशत	अनु. जाति प्रतिशत	अन्य पिछड़ा वर्ग प्रतिशत	अन्य वर्ग प्रतिशत
पूर्ण दक्षता स्तर	65.04%	60.0	50.3	67.8	68.2
दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर	18.43	19.52	27.1	16.3	14.9
न्यूनतम अधिगम स्तर	10.3	14.76	15.5	10.5	10.8

स्रोत:BAS/MAS

उपरोक्त तालिका से यह स्पष्ट है कि गणित विषय में कक्षा 1 के विद्यार्थियों का मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान दक्षता स्तर उच्च रहा । बालको में 65.04 प्रतिशत ने पूर्ण दक्षता स्तर , 18.43 दक्षता स्तर की तरफ उन्मुख स्तर तथा 10.30 प्रतिशत बालकों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया । बालिकाओं में 60.0 प्रतिशत ने पूर्ण दक्षता स्तर 19.52 प्रतिशत दक्षता स्तर की तरफ उन्मुख स्तर तथा 14.76 प्रतिशत छात्राओं ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया ।

जातिगत आधार पर अनुसूचित जाति के छात्रों मे 50.3 प्रशित ने दक्षता स्तर , 27.1 प्रतिशत छात्रों ने दक्षता स्तर की तरुप उन्मुख तथा 15.5 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों में , 67.8 प्रतिशत छात्रों ने पूर्ण दक्षता स्तर , 16.3 प्रतिशत छात्रों ने दक्षता प्राप्ति की तरफ उन्मुख स्तर तथा 10.5 प्रतिशत ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों मे 68.2 प्रतिशत ने पूर्ण दक्षता स्तर , 14.91 प्रतिशत ने 60 से 80 के बीच अधिगम स्तर तथा 10.8 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया ।

कक्षा 5 के छात्रों का भाषा विषय में उपलब्धि स्तर न्यूनतम अगिम स्तर पैमाने पर

सारणी -9.14

स्तर	बालक प्रतिशत	बालिका प्रतिशत	अनु. जाति प्रतिशत	अन्य पिछड़ा वर्ग प्रतिशत	अन्य वर्ग प्रतिशत
पूर्ण दक्षता स्तर	40.00%	60.0%	60.0%	60.0%	10.0%
दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर	5.7%	6.4%	8.3%	5.9%	4.3%
न्यूनतम अधिगम स्तर	43.5%	48.7%	47.7%	42.9%	46.8%

स्रोत:BAS/MAS

मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान 4.0 प्रतशत बालकों ने भाषा विषय में पूर्ण दक्षता स्तर 5.7 प्रतिशत बालको ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 43.5 प्रतिशत बालकों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं 6.0 प्रतिशत बालिकाओं ने पूर्ण दक्षता स्तर 6.4 प्रतिशत बालिकाओं ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख सतर तथा 48.7 प्रतिशत ने न्यूनतम दक्षता स्तर को प्राप्त किया है । जातिवार विवेचन के आधार पर स्पष्ट है कि 6.0 प्रतिशत अनुसूचित जाति के छात्रों ने पूर्ण दक्षता स्तर , 8.3 प्रतिशत छात्रों ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 47.7 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं । अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों में 6.0 प्रतिशत छात्रों ने पूर्ण दक्षता स्तर , 5.9 प्रतिशत छात्रों ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 42.9 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं । इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों में 10 प्रतिशत

छात्रा ने पूर्ण दक्षता स्तर , 4.3 प्रतिशत छात्रों ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 46.8 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं ।

कक्षा 5 के विद्यार्थियों की गणित विषय में उपलब्धि स्तर (न्यूनतम अधिगम स्तर पैमाने पर)

सारणी-9.15

स्तर	बालक प्रतिशत	बालिका प्रतिशत	अनु. जाति प्रतिशत	अन्य पिछड़ा वर्ग प्रतिशत	अन्य वर्ग प्रतिशत
पूर्ण दक्षता स्तर	4.0	4.0	4.0	4.0	10.0
दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर	3.8	3.8	4.6	4.7	2.2
न्यूनतम अधिगम स्तर	9.5	11.5	9.2	14.1	6.5

स्रोत:BAS/MAS

उपरोक्त तालिका में मध्यावधि सर्वेक्षण के दौरान कक्षा 5 के गणित विषय में अधिगम स्तर को न्यूनतम अधिगम स्तर पैमाने पर प्रदर्शित किया गया हैं । तालिका से स्पष्ट है कि 4.0 प्रतिशत बालकों ने पूर्ण दक्षता स्तर , 3.8 प्रतिशत ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 9.5 प्रतिशत बालकों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं । बालिकाओं में 4.0 प्रतिशत ने पूर्ण दक्षता स्तर 3.8 प्रतिशत ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 11.5 प्रतिशत बालिकाओं ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं। जातिवार विश्लेषण के आधार पर स्पष्ट है कि 4.0 प्रतिशत अनुसूचित जाति के छात्रो ने पूर्ण दक्षता स्तर 4.6 प्रतिशत दक्षताप्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 9.2 प्रतिशत में न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया है, अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों में 4.0 प्रतिशत छात्रों ने पूर्ण दक्षता स्तर 4.7 प्रतिशत ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर तथा 14.1 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त किया है इसी प्रकार अन्य वर्ग के छात्रों में 10.0 प्रतिशत छात्रों ने पूर्ण दक्षता स्तर 2.2 प्रतिशत छात्रों ने दक्षता प्राप्तिन्नोमुख स्तर , तथा 6.5 प्रतिशत छात्रों ने न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त किया हैं ।

निष्कर्षत: यह कहा जा सकता है कि आधारभूत सर्वेक्षण की अपेक्षा मध्यावधि सर्वेक्षण में उपलब्धि स्तर या अधिगम स्तर में गुणोत्तर वृद्धि एवं क्रमोत्तर सुधार हुआ है जो परियोजना के सकारात्मक परिणाम का घोतक हैं ।

अपर्वाचित बच्चे :-

जब तक समाज का हर बच्चा बुनियादी शिक्षा को प्राप्त नहीं करता है तब तक शिक्षा की सार्वभौमिकता का लक्ष्य पूरा नहीं होता सरकार के अनेक प्रयसों के पश्चात अभी एक वर्ग ऐसा है जो शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ नही पाया है जिनकी पहचान हम निम्न श्रेणियों के अन्तर्गत कर सकते है:-

1- घुमन्तू बच्चे।

2 – खतरनाक पेशे में लगे बच्चे।

3 – बाल श्रमिक।

4 – खेतिहर मजदूर आदि।

5 – विकलांग बच्चे।

6 – मलिन बस्तियों में रहने वाले बच्चे।

सर्व प्रथम हमें इन बच्चों को चिन्हित करना होगा। माता पिता तथा अभिभवकों से मिल कर उनके शिक्षा के प्रति दृष्टि कोण को सकारात्मक बनाना होगा। उन बच्चों में आत्म विश्वास जगाना होगा।

इनके लिए आवश्यकता के अनुसार शिक्षा की व्यवस्था अपेक्षित है जो बच्चे औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश नही हो सकते है। उनके लिए बैकल्पिक शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी वे औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश की आयु पार कर चुके है या फिर पूर्ण विद्यालय समय में विद्यालय में रहने की स्थिति में नहीं है ऐसी परिस्थिति में वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र ही एक मात्र सहारा है।

जो बच्चे बाल श्रमिक है अथवा खेतिहर मजदूर है उनके लिए जीवनोंपयोगी कौशलों और कार्यानुभव की शिक्षा पाठ्य क्रम में लाने की आवश्यकता है जिससे शिक्षा रोजगार परक हो सके।

विकलांग बच्चों के लिये विशेष प्रयास की आवश्यकता है ये बच्चे अपने अन्दर सामान्य बच्चों के बीच हीन भावना महसूस करते हैं ये बच्चे समुदाय से दया सहानुभूति नही वरन समान अधिकार की उपेक्षा करते है अत: इन बच्चों को अलग से प्रशिक्षित किये जाने की आरयकता हो इनकी आयु सीमा भी 6 से 18 वय वर्ग कर दी गयी इनमें आत्म विश्वास जगाने की आवश्यकता है। इनकी कार्य कुशलता बढ़ाने के लिये उनको उपकरण प्राप्त करने की आवश्यकता अत: सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन सभी विशेष वर्ग के बच्चों के लिये इनकी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था शिक्षा केन्द्र तथा शिक्षक लाने की आवश्यकता है।

स्कूल में शिक्षकों की स्थिति प्राथमिक स्तर पर :–

सारिणी–9.

परिषदीय विद्यालय	एक शिक्षक विद्यालय	दो शिक्षक विद्यालय	तीन शिक्षक विद्यालय	चार शिक्षक विद्यालय	पांच शिक्षक विद्यालय	पांच से अधिक
प्राथमिक स्तर पर	753	661	98	42	20	12

स्रोत बेसिक शिक्षा कार्यालय गोण्डा

उपरोक्त सारिणी को देखने सें स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि गोण्डा जनपद में 753 विद्यालय एक शिक्षक कालेज 661 विद्यालय दो शिक्षक वाले 98 विद्यालय तीन शिक्षक वाले तथा 42 विद्यालय चार

शिक्षक वाले एवं 20 विद्यालय पांच शिक्षक वाले मात्र 12 विद्यालय ऐसे हैं जो पाचं शिक्षक से अधिक वाले है।

अत: विचार करने योग्य स्थिति है कि एक ही अध्यापक को पांच तक की कक्षायें एक साथ चलानी पड़ती है जो एक कठिन कार्य है शिक्षा की व्यवस्था की गयी है जनपद शिक्षा मित्र डायट द्वारा प्रशिक्षित करके एकल विद्यालय में भेजे गये है समस्या का समाधान करने का प्रयास किया गया है परन्तु दो अध्यापकों के लिये भी पांच कक्षाओं को एक साथ शिक्षण कार्य कराना जरूरी है।

अत: सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण के तृतीय फेरे में जो साधना आधारित था बहुकक्षा शिक्षण का प्रशिक्षण देकर इस समस्या से निपटने का प्रयास किया गया बहुकक्षा सें निम्न बिन्दुओं पर बल दिया गया: -

1- बैठक व्यवस्था - कक्षाओं को अर्द्धचन्द्राकार यू आकार एल आकार सी आकार एल आकार में इस तरह बैठाये शिक्षक केन्द्र विन्दु के रूप सें रहे।

2- बच्चों की मानीटर तथा विद्यालयी सरकार बनाकर।

3- बड़ी कक्षा द्वारा छोटी कक्षाओं को संचालित कराकर।

इस तरह से एकल विद्यालयों की समस्या को बहुकक्षा शिक्षण द्वारा समाधान करने की कोशिश की गयी है परन्तु अभी अध्यापकों को बहुकक्षा शिक्षण का पुन: प्रशिक्षण कराने की आवश्यकता है। आने वाले समय में अभी एकल शिक्षक विद्यालयों तथा दो शिक्षक वाले विद्यालयों की समस्या बने रहने की सम्भावना है।

<u>उच्च प्राथमिक स्तर पर</u> :-

उच्च प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों के सामने एकल अध्यापकीय विद्यालय के साथ-साथ विषय वार अध्यापक न होने की समस्या सामने आ रही है। प्राथमिक विद्यालयों से अध्यापक प्रोन्नति पाकर उच्च प्राथमिक विद्यालय में आ जाते परन्तु अध्यापकों में विषय के ज्ञान का आभाव पाया जाता है विज्ञान गणित संस्कृत भाषा सामाजिक अध्यन आदि विषयों के लिए विषय का वांक्षित ज्ञान वाले अध्यापक होने चाहिये ऐसा न होने के कारण ही एक सामान्य अध्यापक को विशिष्ट विषय पढ़ाते है जिसका प्रभाव बच्चों के धारण एवं सम्प्राप्ति पर पड़ता है।

अत: उच्च प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को विषयों के नवीन ज्ञान का प्रशिक्षण दिया जाना आवश्यक है। जिससे शिक्षकों को शिक्षण प्रभावी एवं बोध गम्य हो सके।

प्रभावी शिक्षण के लिये सहायक सामग्री का प्रयोग बहुत महत्व रखता है। विज्ञान और गणित जैसे विषयों के शिक्षण में शिक्षकों के सहायक सामग्री प्रयोग की अधिकतम सीमा ब्लैक बोर्ड ही है। प्राथमिक स्तर पर शिक्षकों को 500 रूपये प्रति वर्ष शिक्षण सामग्री बनाने हेतु दिया जा रहा है जिसका प्रयोग हो भी रहा है परन्तु अभी इसमें और प्रयास की आवश्यकता है।

उच्च प्राथमिक स्तर पर भी इसी तरह की धनराशि सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण हेतु उपलब्ध कराये जाने की व्यवस्था करना आवश्यक होगा। इस स्तर पर प्रयोगशाला जिसमें आवश्यक संसाधन हो शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने की दिशा में एक आवश्यक कदम होगा।

गणित के किट को भी उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता है।

विकास खण्ड पर एक संकुल विद्यालय बनाये जाने की आवश्यकता है। ये माध्यमिक या केन्द्रीय विद्यालय हो सकते है इनका कार्य उच्च प्राथमिक स्तर पर विद्यालयों को शैक्षिक विकास खण्ड पर सपोर्ट देना होगा। जनदप स्तर पर डायट द्वारा शैक्षिक सपोर्ट उच्च प्राथमिक को भी दिया जायेगा।

प्राथमिक स्तर पर पहले से शैक्षिक सपोर्ट देने की समुचित व्यवस्था है जिले स्तर पर डायट, ब्लाक स्तर पर डी आर सी तथा न्याय पंचायत स्तर पर एन0 पी0 आर0 सी0 है। ये तीनों संसाधन केन्द्र विद्यालयों में नियमित पर्यवेक्षण का कार्य करता है। शिक्षण कार्य से आने वाली समस्याओं के आधार पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है।

पर्यवेक्षणें एवं निरीक्षणों में शिक्षकों ने भी अपनी समस्यायें बतलायी है जो निम्नवत हैं :-

1- अभिभावक शिक्षा के प्रति उदासीन है अत: बच्चों को विद्यालय समय से नहीं भेजते।
2- ग्रह कार्य में सहयोग नहीं देते।
3- बच्चों की स्वच्छता में अभिभावक रूचि नहीं लेते।
4- अध्यापकों की संख्या बहुत कम।
5- अध्यापकों को शिक्षण के अतिरिक्त अन्य कार्य करने पड़ते है जिससे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है।
6- उच्च प्राथमिक स्तर पर जो बच्चे प्रवेश लेते हैं उनका आरम्भिक ज्ञान स्तरीय नहीं होता है।
7- सामान्य विषयों के अध्यापकों को विशिष्ट विषय पढ़ाने पड़ते है।
8- उच्च प्राथमिक स्तर कक्षा कक्षों की कमी तथा तथा शौचालयों का न होना।

अभिभावकों की शिक्षकों से अपेक्षायें:-

1- शिक्षक बच्चों का आदर्श है अत: उसको बच्चों के सामने अनैतिक आचरण नहीं करना चाहिए।

2- अभिभावक अशिक्षित है अत: उग्रह कार्य में ऐसे कार्य न दें जिसके लिये सहयोग की आवश्यकता पड़े।

3- उनके पास शिक्षा का अन्य कोई विकल्प नहीं है अत: वो चाहते है कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा का स्तर ऊॅचा हो।

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रस्तावित प्रशिक्षण :-

सर्व शिक्षा अभियान प्राथमिक शिक्षा के गुणवत्ता संवर्धन का एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। जनपद गोण्डा में 6-14 वयवर्ग के सभी बालक-वालिकाओं को वर्ष 2010 जीवनों पयोगी तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य है। कार्य क्रम का लक्ष्य इस प्रकार है।

1- 6-14 वय वर्ग के सभी बच्चों को स्कूल ई0 जी0 एस0 केन्द्र वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों में लाया जायेगा।

2- सभी बच्चे पांच वर्ष की प्राथमिक शिक्षा पूरी करेंगे यह लक्ष्य 2007 तक प्राप्त कर लिया जायेगा।

3- सभी बच्चे आठ वर्ष की शिक्षा पूर्ण करेंगे यह लक्ष्य वर्ष 2010 तक प्राप्त किया जायेगा।

4- गुणवत्ता परक शिक्षा जो जीवनोंपयोगी कौशलें पर बल देती हो, प्रदान की जायेगी।

5- प्राथमिक स्तर पर बालक-बालिकाओं, समुदायों और समूहों के मध्य अन्तर को 2007 तक तथा पू0 मा0 स्तर पर 2010 तक समाप्त कर लिया जायेगा।

6- लक्ष्य समूह (6-14) के सभी बच्चों का स्कूल में ठहराव का लक्ष्य सुनिश्चित किया जायेगा।

7- शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी।

इन लक्ष्यों को प्राप्ति में शिक्षक तथा बेहतर शिक्षा प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। एवं प्रथम गुणात्मक परिवर्तन के लिए एक दृष्टि विकसित किया जायेगा जिसमें जनपद, विकास खण्ड स्तर, न्याय पंचायत स्तर तथा स्कूल स्तरीय अभिकर्मियों की भागी दारी होगी। इसके लिए 3 दिवसीय विजनिंग कार्य शालाओं का आयोजन किया जायेगा। सर्वप्रथम जनपद स्तरीय अभिकर्मियों तथा डायट संकाय के सदस्यों, जिला परियोजना के कर्मियों विकास खण्ड तथा न्यान पंचायत स्तरीय अभिकर्मियों के लिए डायट स्तर पर विजनिंग कार्यशालाएं आयोजित की जायेगी। जिनमें मुख्यत: सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्यों तथा लक्ष्यों, बच्चों की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव के लक्ष्यों शिक्षकों विद्यालयों तथा कक्षा-कक्षों की प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति तथा उसमें बदलाव के लक्ष्यों को दृष्टिगत रखत हुए सह भागिता आधारित निष्कर्ष और सहमति तय की जायेगी। इन कार्य शालाओं का उद्देश्य होगा कि परियोजना के अन्तर्गत समस्त

स्तरीय अभिकर्मियों में परिवर्तन के लक्ष्यों के प्रति समान विचार समझ बन सके। शिक्षकों के लिए भी विजनिंग कार्यशालाओं का आयोजन एन0 पी0 आर0 सी0 पर किया जायेगा।

कार्यरत शिक्षकों की दक्षता तथा उनके शिक्षण कौशल में अभिवृद्वि उनके विषयज्ञान को बढ़ाने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जाने की योजना है। सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ष में एक बार आयोजित करने की रणनीति के स्थान पर सेवारत प्रशिक्षणों को सम्मिलित किया जायेगा। शिक्षक प्रशिक्षकों को इस प्रकार श्रंखला बद्व किया जायेगा कि प्रशिक्षण का एक प्रमुख भाग वी0 आर0 सी0 स्तर पर 6-8 दिवसों की अवधि के लिए तथा इसके अनुभव में प्रशिक्षण तथा कार्य शालाएं वी0 आर0 सी0 और मुख्यत: एन0 पी0 आर0 सी0 स्तर पर आयोजित किये जायेंगे। प्रशिक्षण की यह कार्य योजना शिक्षकों के लिए नियमित आधार पर अभिमुखी करण में सहायक सिद्व होगी।

डी0 पी0 ई0 पी0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण अनुभव वर्तमान में अनुभूत आवश्यकताओं तथा बहुकक्षा शिक्षण बहु स्तरीय शिक्षण प्रतिधियों की जानकारी वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाने प्राथमिक कक्षाओं के लिए विकसित नवीन पाठ्य क्रम और पाठ्य वस्तुओं के बेहतर और प्रभावी आदि के प्रकाश मै। यै सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें।

<u>सर्वशिक्षा अभियान अन्तर्गत प्रस्तावित आवश्यक प्रशिक्षण</u>

<u>प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम वर्ष में</u>

1. नवीन पाठ्यक्रम में प्रचलित पाठ्य पुस्तकों के आधार पर शैक्षणिक गुणवत्ता संर्वधन हेतु विभिन्न विषयों के शैक्षणिक दृष्टि से कठिन स्थलों का चयन कर अनुपूरक प्रशिक्षण का आयोजन

   (i) <u>विजटिग कार्यशालांए-तीन दिवसीय (आवासीय)</u>

   प्रतिभाग- N.P.R.C.. ब्लाक समन्यवक डी0पी0ओं स्टाफ, डायट स्टाफ डायट स्तर पर तथा जनपद स्तरीय संसाधन समूह के शिक्षक सदस्य ।

   (ii) <u>विषयवार अनुपूरक प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

   अवधि-पांच दिवसीय
   प्रतिभाग -जनपद के प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक डी0पी0ओं स्टाफ ब्लाक स्तर डायट स्टाफ (अनावासीय)

   (iii) <u>विद्यालय प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

   अवधि - चार दिवसीय ।
   प्रतिभाग - प्राथमिक विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, डी0पी0ओ0 डायट स्तर पर स्टाफ डायट स्टाफ ।

स्तरीय अभिकर्मियों में परिवर्तन के लक्ष्यों के प्रति समान विचार समझ बन सके। शिक्षकों के लिए भी विजनिंग कार्यशालाओं का आयोजन एन0 पी0 आर0 सी0 पर किया जायेगा।

कार्यरत शिक्षकों की दक्षता तथा उनके शिक्षण कौशल में अभिबृद्वि उनके विषयज्ञान को बढ़ाने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जाने की योजना है। सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ष में एक बार आयोजित करने की रणनीति के स्थान पर सेवारत प्रशिक्षणों को सम्मिलित किया जायेगा। शिक्षक प्रशिक्षकों को इस प्रकार श्रंखला बद्व किया जायेगा कि प्रशिक्षण का एक प्रमुख भाग वी0 आर0 सी0 स्तर पर 6-8 दिवसों की अवधि के लिए तथा इसके अनुभव में प्रशिक्षण तथा कार्य शालाएं वी0 आर0 सी0 और मुख्यत: एन0 पी0 आर0 सी0 स्तर पर आयोजित किये जायेंगे। प्रशिक्षण की यह कार्य योजना शिक्षकों के लिए नियमित आधार पर अभिमुखी करण में सहायक सिद्व होगी।

डी0 पी0 ई0 पी0 के अन्तर्गत प्रशिक्षण अनुभव वर्तमान में अनुभूत आवश्यकताओं तथा बहुकक्षा शिक्षण बहु स्तरीय शिक्षण प्रतिधियों की जानकारी वास्तविक शिक्षण समय को बढ़ाने प्राथमिक कक्षाओं के लिए विकसित नवीन पाठ्य कम और पाठ्य वस्तुओं के बेहतर और प्रभावी आदि के प्रकाश मै। यै सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण आयोजित किये जायेगें।

<u>सर्वशिक्षा अभियान अन्तर्गत प्रस्तावित आवश्यक प्रशिक्षण</u>

<u>प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम वर्ष में</u>

1. नवीन पाठ्यक्रम में प्रचलित पाठ्य पुस्तकों के आधार पर शैक्षणिक गुणवत्ता संर्वधन हेतु विभिन्न विषयों के शैक्षणिक दृष्टि से कठिन स्थलों का चयन कर अनुपूरक प्रशिक्षण का आयोजन

   (i) <u>विजटिग कार्यशालांए-तीन दिवसीय (आवासीय)</u>

   प्रतिभाग- N.P.R.C.. ब्लाक समन्यवक डी0पी0ओं स्टाफ, डायट स्टाफ डायट स्तर पर तथा जनपद स्तरीय संसाधन समूह के शिक्षक सदस्य ।

   (ii) <u>विषयवार अनुपूरक प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

   अवधि-पांच दिवसीय
   प्रतिभाग -जनपद के प्राथमिक विद्यालय के समस्त शिक्षक डी0पी0ओं स्टाफ ब्लाक स्तर डायट स्टाफ (अनावासीय)

   (iii) <u>विद्यालय प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>

   अवधि - चार दिवसीय ।
   प्रतिभाग - प्राथमिक विद्यालयों के समस्त प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक, डी0पी0ओ0 डायट स्तर पर स्टाफ डायट स्टाफ ।

(iv) <u>(कक्षा 3 से 5 तक) अंग्रेजी शिक्षण हेतु कार्यशालाओं का आयोजन</u>-

विभिन्न स्तरों पर आयोजन -

(अ) एन0पी0आर0सी0 स्तर पर एक दिवसीय प्रतिभाग न्याय पंचायत के समस्त अनावासीय अध्यापक डायट का एक सदस्य डी0पी0ओं0 का सदस्य

(ब) ब्लाक संसाधन केन्द्र स्तर पर एक दिवसीय

प्रतिभाग- सभी न्याय पंचायत प्रभारी ब्लाक स्तरीय कुशल अंग्रजी शिक्षक डी0पी0ओं0 स्टाफ तथा डायट का एक सदस्य ।

(स) डायट स्तर पर तीन दिवसीय आवासीय कार्यशाला का आयोजन-

प्रतिभाग- सभी ब्लाक समन्यवक जनपद के सभी न्याय पंचायत प्रभारी,ब्लाक स्तरीय कुशल अंग्रजी शिक्षक डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ ।

(v) <u>उक्त आयोजनों में चिन्हित सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण साहित्य तैयार किये जाने हेतु कार्यशालाओं का आयोजन-</u>

प्राकृति/अवधि-तीन दिवसीय आवासीय

प्रतिभाग- डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ तथा पूर्व चिन्हित (सदस्य) शिक्षक डायट स्तर उक्त कार्यशालाएं प्रशिक्षण साहित्य को अन्तिम रूप देने के लिए कम से कम तीन चकों में संचालित की जायेगी ।

(vi) <u>तदोपरान्त मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने हेतु प्रशिक्षण का आयोजन</u>-

प्रकृति एवं अवधि-आवासीय पांच दिवसीय

प्रशिक्षक - राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ तथा आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान इलाहाबाद द्वारा तीन नामित सदस्य ।

प्रतिभाग- जनपद के विभिन्न विकास खण्डों के पूर्व चिन्हित अंग्रेजी अध्यापक डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ ।

(vii) <u>अंग्रजी भाषा शिक्षण- प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन</u>

प्रकृति एवं अवधि - अनावासीय छः दिवसीय

स्तर - ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण

प्रतिभाग- ब्लाक के समस्त प्राथमिक विद्यालय के अंग्रजी पढाने वाले शिक्षक ।

(viii) अंग्रजी भाषा की शिक्षक संदर्शिका का निर्माण डायट स्तर पर किया जायेगा जिसमें प्रत्येक कक्षा (3 से 5 तक) का अलग-अलग संदर्शिका का निर्माण करवा कर प्रत्येक विद्यालय में एक सेर उपलब्ध कराया जायेगा । जिससे शिक्षकों को अंग्रेजी शिक्षा के संवर्द्धन से आवश्यक मदद मिल सके ।

(ix) <u>शैक्षिक अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन</u>-शिक्षकों के प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त अग्रेंजी भाषा शिक्षण की गुणवत्ता का अनुश्रवण करना एवं आवश्यक सहयोग प्रदान

करने हेतु प्रशिक्षकों की सहभागिता डी0पी0ओं0 स्टाफ एवं स्टाफ को ब्लाकवार भेजा जायेगा ।

विभिन्न पर्यवेक्षण कर्ताओं द्वारा प्राप्त आख्याओं की समीक्षा के उपरान्त आवश्यक पश्चपोषण (फीड) का कार्य किया जायेगा ।

द्वितीय वर्ष –

प्रशिक्षण कक्षाओं में सभी विषयों को पाठ्यक्रम में समाहित करने के साथ ही साथ संस्कृत भाषा को भी पाठ्यक्रम का एक अंग बनाया गया हैं । जिसके शिक्षण कार्य हेतु संस्कृत शिक्षको की आवश्यकता होगी । इस परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक शिक्षकों को संस्कृत विषय के अध्यापन की विधाओं का ज्ञान होना आवश्यक होगा ।

अतः उक्त कार्य हेतु निम्न लिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालित किया जाना आवश्यक होगा।

(i) कक्षा 3 , 4 व 5 में संस्कृत विषय के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्य शालाओं का आयोजन ।

(A) एन0पी0आर0सी0 स्तर पर एक दिवसीय

(B) ब्लाक संसाधन केन्द्र स्तर पर एक दिवसीय

(C) डायट स्तर पर दो दिवसीय आवासीय कार्याशाला ।

(ii) उक्त त्रिस्तरीय कार्यशालाओं के आयोजन में संस्कृत भाषा के प्रशिक्षण हेतु चिन्हित सदस्यों द्वारा प्रशिक्षण साहित्य तैयार किया जायेगा ।
इसके लिए कम से कम तीन चक्रों में इसी क्रम में मास्टर टेनर्स का चयन किया जायेगा ।

(iii) <u>मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम –</u>

प्रकृति एवं अवधि–आवासीय , पांच दिवसीय
प्रशिक्षक–राज्य परियोजना कार्यालय तथा हिन्दी भाषा शिक्षण संस्थान वाराणसी द्वारा नामित तीन सदस्य ।
प्रतिभाग–जनपद के विभिन्न विकास खण्डो के पूर्व चिन्हित संस्कृत अध्यापक डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ ।

(iv) <u>संस्कृत भाषा शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन</u>

प्रकृति एवं अवधि–अनावसीय छः दिवसीय
स्तर–ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण
प्रतिभाग–ब्लाक के सभी अध्यापक

(v) प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त संस्कृत भाषा के उचित पठन-पाठन हेतु संस्कृत भाषा संदर्शिका कक्षा 3 से 5 तक तैयार करवाकर प्रत्येक विद्यालय में एक सेट उपलब्ध कराया जायेगा । जिससे संस्कृत भाषा में गुणात्मक सुधार हो सकेगा ।

(vi) **शैक्षिक अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन**-ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षक , डी0पी0ओं0 स्टाफ डायट स्टाफ द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण एवं संदर्शिका के आधार पर आवश्यक मूल्याकंन किया जायेगा । न्याय पंचायत प्रभारी के माध्यम से उक्त सन्दर्भ-दाताओं द्वारा आवश्यक सहयोग भी मूल्यांकन के दौरान किया जायेगा ।

उर्दू शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

(i) संस्कृत विषय के अनुरूप ही उर्दू विषय के शिक्षण प्रशिक्षण का कार्यक्रम नियोजित किया जायेगा।

(ii) प्रशिक्षकों की प्रतिपूर्ति राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा नामित सदस्यों द्वारा की जायेगी ।

(iii) उर्दू भाषा शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम की सम्पूर्ण प्रकियाएं डायट स्तर पर ही सम्पन्न की जायेंगी ।

(iv) अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन का कार्य प्रशिक्षण के दौरान चिन्हित उर्दू अध्यापकों द्वारा की जायेगी ।

शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण उपयोग एवं प्रशिक्षण-किसी भी विषय की अवधारणाओं एवं सम्बोधों को स्थाई रूप प्रदान करने हेतु शिक्षण अधिगम सामाग्री का मूर्त रूप में प्रयोग आवश्यक होता है इससे विषय वस्तु छात्रों के लिए रूचिकर होता है और वे उत्सुक होकर सीखने में रूचि लेते हैं । साथ यह भी आवश्यक है कि शिक्षण अधिगम सामग्री इतना अधिक न हो जाये कि शिक्षार्थी पाठ्य वस्तु से परे चला जाय । मात्र एक चित्र ही हजारो शब्दो को व्यक्त करता है और देखने वाला कुछ बताने से पहले बहुत कुछ जान लेता हैं ।

इस सम्बन्ध में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत काफी प्रयास किया गया है परन्तु वास्तविकता यह है कि इस क्षेत्र में अभी बहुत कुछ करना शेष हैं ।

न्याय पंचायत स्तर पर पूर्व की भाँति मैटेरियल मेले का आयोजन किया जाना अब भी आवश्यक प्रतीत होता है इस मेले मे न्याय पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा स्वनिर्मित शिक्षण सामग्रियों का प्रदर्शन किया जाना समीचीन होगा । साथ ही एक समिति द्वारा उनके कार्यो का मूल्याकंन किया जायेगा सर्वोत्तम पाई जाने वाली सामग्रियों को बी0आर0सी0 स्तर पर आयोजित मैरेसिल मेले में प्रस्तुत किया जायेगा । उक्त प्रक्रिया के अनुसार ही ब्लाक स्तर पर भी सामग्रियों का चयन किया जायेगा ।

न्याय पंचायत स्तर तथा बी0आर0सी0 स्तर पर चयनित सामग्रियों को जनपद स्तरीय मैटेरियल मेले में प्रस्तुत किया जायेगा ।

विषयवार पाठ्य पुस्तकों पर आधारित शिक्षण सामग्रियों का प्रस्तुतीकरण उपयोग आधारित होगा तथा उनके बहुउद्देशीय उपयोग के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जायेगा यह मूल्यांकन कार्य जनपद स्तर पर शिक्षाविदों की एक गठित समिति द्वारा किया जायेगा । प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अध्यापकों -(उनके द्वारा निर्मित सामग्री) को प्रमाण पत्र एवं प्रोत्साहनार्थ पुरस्कार प्रदान किया जाना आवश्यक होगा ।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों के प्रत्येक अध्यापक को शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण हेतु 500/- रूपये की धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की गई है परन्तु डिम्बना यह है कि कतिपय कारणोंवश शिक्षक इसका सही उपयोग नही कर पा रहे है।अध्यापक मात्र कैची गोंद टेप कागज तथा पिन आदि क्रय करने तक ही सीमित रह जाते हैं ।

आवश्यकता है उनकी सही जानकारी प्रदान करना जिसे प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से ही किया जा सकता हैं ।

शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण कार्यशाला-

(i) **<u>विकास खण्ड स्तर पर प्रशिक्षकों का चयन</u>** -

स्थल -डायट
प्रकृति एवं अवधि - एक दिवसीय कार्यशाला
प्रतिभाग-विकास खण्ड स्तरीय प्रथम,द्वितीय,तृतीय वाले शिक्षक डी0पी0ओ0 स्टाफ

(ii) **<u>चयनित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण</u>**-

प्रकृति एवं अवधि-अनावासीय चार दिवसीय
स्थल - डायट
प्रतिभाग- चयनित प्रशिक्षक डायट स्टाफ डी0पी0ओं0 स्टाफ बी0आर0सी0

(iii) **<u>विकास खण्ड के सभी अध्यापकों का प्रशिक्षण</u>**-

प्रकृति एवं अवधि-अनावासीय चार दिवसीय
स्थल - विकास खण्ड / न्याय पंचायत सं0 केन्द्र
प्रतिभाग- समस्त प्राथमिकअध्यापक

(v) तैयार की गई सामग्रियों की उपादेयता-ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षकों /एन0पी0आर0सी0 के माध्यम से विद्यालयों में निर्माण की गई सामग्रियों का अवलोकन एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया जायेगा ।

जिससे सम्पूर्ण पाठ्यक्रम आधारित शिक्षण अधिगम सामग्री का सदुपयोग स्थाई ज्ञान देने में सहायक सिद्ध हो सकेगा ।

तृतीय वर्ष

निर्धारित लक्ष्य तक पंहुचने के लिए कृत कार्यो में सुधार लाने हेतु उसका मूल्यांकन प्रत्येक दिशा में आवश्यक होता हैं । शिक्षा जगत में शिक्षण अधिगम प्रकिया का महत्वपूर्ण स्थान है । इस प्रकिया के अन्तर्गत मूल्यांकन कार्य मात्र छात्रों के मूल्यांकन तक सीमित नही है अपितु छात्रों के साथ ही साथ शिक्षकों के कार्यो का मूल्यांकन स्वयं उनके द्वारा सहयोगियों द्वारा तथा समाज के विभिन्न पक्षों द्वारा निरन्तर किया जाता हैं । इस प्रकार अनुभव किया जाता हैं कि मूल्यांकन कार्य मात्र परम्परागत परीक्षाओं तक ही सीमित न रहकर निरन्तर व्यापक रूप में प्रतिफल चलता रहता हैं ।

नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित कक्षा शिक्षण कराने हेतु अनेक प्रशिक्षणों के माध्यम से अध्यापकों में दक्षता प्रदान की गई है परन्तु क्या वास्तव में बच्चे के अन्दर संज्ञानात्मक , बोधात्मक , कौशलात्मक तथा अनुप्रयोगात्मक दक्षताएं विकसित हो रही हैं । यदि नही तो इसमें कही न कही कोई अभाव रह गया हैं । इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षण कराया जायेगा ।

सतत एवं व्यापक मूल्यांकन हेतु कार्यशाला का आयोजन

(i) एन0पी0आर0सी0 स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला

प्रतिभाग – एन0पी0आर0सी0 में स्थित सभी विद्यालयों के शिक्षक ।

(ii) बी0आर0सी0 स्तर पर एक दिवसीय कार्यशाला

प्रतिभाग– एन0पी0आर0सी0 प्रा0 वि0 के प्रधानाध्यापक, डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट से एक सदस्य

(iii) डायट स्तर पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

उद्देश्य–(i) परम्परागत मूल्यांकन एवं सततव्यापक मूलयाकंन की जानकारी प्रदान करना।

(ii) मूल्यांकन उपकरणों का निर्माण एवं विकास

(iii) प्रशिक्षकों को चिन्हित करना

* प्रकृति– आवासीय * स्थल – डायट
* प्रतिभाग– डायट स्टाफ, डी0पी0ओ0 स्टाफ ब्लाक समन्यवक चिन्हित एन0पी0आर0 सी0 एवं अध्यापक ।

(iv) <u>ब्लाक स्तरीय मूल्यांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>-

* प्रकृति- अनावासीय चार दिवसीय * स्थल - बी0आर0सी0
* प्रतिभाग- विकास खण्ड के समस्त शिक्षक

(v) विकास खण्ड में शिक्षकों की संख्या के अनुरूप 35 शिक्षको को फेरे वार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

(vii) सतत एवं व्यापक मूल्यांकन कार्य की निरन्तरता एवं गुणवत्ता की परख हेतु विद्यालयों में कृत मूल्यांकन कार्यो का अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन का कार्य डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ तथा शिक्षक प्रशिक्षकों द्वारा किया जायेगा । प्राप्त आख्याओं का विश्लेषण एवं समीक्षा डायट एवं डी0पी0ओ0 स्तर पर किया जायेगा ।

चतुर्थ वर्ष-

गणित एवं भाषा की विषय वस्तु आधारित तथा बहुकक्षा शिक्षण एवं बहुस्तरीय शिक्षण विधियों पर आधारित 8 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जायेगा । इस प्रशिक्षण के संचालन हेतु एन0पी0आर0सी0 स्तर से डायट स्तर तक कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षकों का चयन किया जायेगा ।

(i) बहुकक्षा शिक्षण प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर्स का चयन कर जनपद के समस्त न्याय पंचायत प्रभारियों को प्रशिक्षित किया जायेगा । उन्ही के माध्यम से तीन दिवसीय प्रशिक्षण न्याय पंचायत स्तर पर सभी अध्यापकों को बहुकक्षा शिक्षण एवं बहुस्तरीय शिक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

(ii) गणित एंव भाषा के अनुपूरक प्रशिक्षणों का आयोजन जनपद स्तरीय प्रशिक्षकों के माध्यम से 8 दिवसीय प्रशिक्षण सामाग्री तैयार करवाई जायेगी ।

(iii) <u>गणित एवं भाषा के प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन</u>-

प्रशिक्षक -राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा नामित सन्दर्भ दाता
स्थल - डायट
अवधि- सात दिवसीय/ आवासीय
प्रतिभाग- डायट स्टाफ, डी0पी0ओ0 स्टाफ एवं कार्यशाला में चिन्हित शिक्षक ।

(iv) <u>ब्लाक स्तरीय गणित - भाषा अनुपूरक प्रशिक्षण</u>

स्थल - बी0आर0 सी0

अवधि - सात दिवसीय

प्रतिभाग - विकास खण्ड के समस्त शिक्षक

(v) शिक्षकों को सहयोग समर्थन कार्यक्रम -प्रशिक्षण प्राप्त समस्त शिक्षकों को उनके विद्यालय में शैक्षिक सहयोग प्रदान करने हेतु एन0पी0आर0 सी0 एवं प्रशिक्षकों के माध्यम से किया जायेगा । तथा उनके कार्यो का मूल्यांकन भी किया जायेगा ।

पांचवे वर्ष -

विज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन में संचालित की जा रही पाठ्य पुस्तकों के आवश्यक कठिन बिन्दुओं पर आधारित अनुपूरक प्रशिक्षण सामग्री का निर्माण डायट के निर्देशन में योग्य प्रशिक्षकों के माध्यम से तैयार किया जायेगा ।

(i) <u>विज्ञान एवं पर्यावरणीय अध्ययन का अनुपूरक प्रशिक्षण</u>-

प्रतिभाग- डायट स्टाफ , डी0पी0ओं0 सदस्य चिन्हित प्रशिक्षक

प्रकृति एवं समय - सात दिवसीय आवासीय

स्थल - डायट

(ii) <u>ब्लाक स्तरीय विज्ञान एवं पर्यावरणीय अध्ययन का अनुपूरक प्रशिक्षण</u>-

स्थल - बी0आर0सी0 / एन0पी0आर0सी0

अवधि - सात दिवसीय अनावासीय

प्रतिभाग- विकास खण्ड के समस्त शिक्षक

(iii) उपर्युक्त प्रशिक्षण के उपरान्त आवश्यक शैक्षिक सपोर्ट एन0पी0आर0सी0 स्तर पर प्रशिक्षकों सपोर्ट एन0पी0आर0सी0 स्तर पर प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जायेगा तथा एन0पी0आर0सी0 को भी शैक्षिक भमण पर आवश्यक समर्थन दिया जायेगा ।

प्राथमिक शिक्षकों को उपर्युक्त प्रशिक्षणों के अतिरिक्त भी प्रशिक्षण की व्यवस्था की जायेगी ।

पूर्व माध्यामिक विद्यालयों हेतु गुणवत्ता सम्वर्द्धन :-

जनपद गोण्डा में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 'शिक्षकोदय' प्रशिक्षण के माध्यम से प्रारम्भिक विधालयों में जागरूकता लाने का प्रयास किया गया अध्यापक कार्य करने के लिए मानसिक रूप से अभिप्रेरित है।

प्रशिक्षण के द्वारा शिक्षकों को विभिन्न विषयों को रोचक एवम प्रभावी ढ़ग से पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया, साधन, प्रशिक्षण के माध्यम से समय प्रबन्धन, बहुकक्षा शिक्षण समेकित शिक्षा मूल्यांकन आदि विन्दुओं पर बल देकर प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसका प्रभाव प्राथमिक विद्यालयों में परिलक्षित होने भी लगा है परन्तु पूर्व माध्यमिक विद्यालय अभी तक इस कार्य क्रम से पूरी तरह अछूते है डायट और डी0 पी0 ओ0 स्तर पर सर्वेक्षणों अनुवेक्षणों के उपरान्त महसूस किया गया कि 6-14 वष्र तक के सभी बच्चों के नामांकन साथ ही साथ विद्यालयों में बच्चों के ठहराव और शिक्षा के गुणवत्ता की सम्प्राप्ति तभी हो सकती है जब पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में उक्त के लिए विशेष प्रयास किये जाय। शिक्षकों, शिक्षाविदों, सन्दर्भ समूह के सदस्यों से विमर्श उपरान्त विद्यालयों में बच्चों के बीच जाकर आकलन किया गया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में अभी हर लक्ष्य व उद्देश्य की सम्प्राप्ति के लिए सर्व प्रथम विद्यालयों में समुचित प्रबन्धन शिक्षकों के प्रशिक्षण और भौतिक संसाधन की उपलब्धता व सदुपयोग, साथ ही सामग्री निर्माण व उपयोग तथा शिक्षा एवम बाल मनोविज्ञान का प्रशिक्षण आदि की आवश्यकताओं की सम्पूर्ति करायी जाय, किटें एवं प्रयोगशाला तथा शारीरिक शिक्षा संगीत के उपकरण उपलब्ध कराये जांय।

पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में विशेष पुनर्स्थापन प्रशिक्षण (SOPT) चल रहा है परन्तु इस में मात्र कुछ शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करते है।

सभी विषय शिक्षक यह प्रशिक्षण नहीं प्राप्त करते है। वास्तविक कक्षा शिक्षण का अभाव साथही फीड बैंक, फालोअप, शिक्षण सामग्री संसाधनों आदि की अभाव होने के कारण सफल नहीं प्रतीत हो रहा है।

राज्य स्तर पर सामग्री प्राय: खरीदी हुई ही होती है, जिन से बच्चों का जुड़ाव नहीं हो पा रहा है जबकि जुड़ाव अनिवार्य है और दशा यह है कि किटें जो मौजूद भी है, निष्प्रयोज्य है।

एक गलत धारणा प्रचलित हो गयी है कि गणित और विज्ञान को जटिल, नीरस, कठिन विषय माना जाने लगा है ऐसे में ड्राप आऊट बढ़ रहा है, अत: धारणा स्वत: घटती जा रही है इस स्थिति में बदलाव अपेक्षित है इसके लिए गणित-विज्ञान के प्रति समझ नूतन ढ़ग से विकसित करनी होगी।

वास्तव में पू0मा0 शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण आवश्यक क्यों है इस पर शिक्षकों का भी ध्यान आकर्षित किया जाना चाहिए क्योंकि परम्परागत और नवीनतम शिक्षण पद्वतियों में सामंजस्य बैठाकर शिक्षक समुचित रूप से आवश्यकतानुरूप स्वयं को ढाल सकेगा।

शिक्षक के अनेक प्रकार के छिपे दबे कौशलों को उभार कर उन्हें जगाना, अभीष्ट सा हो गया है ताकि उन्हें बहु कक्षा- बहुस्तरीय की दशाओं में तथा नैतिकतापूर्ण माहौल बनाने, आकर्षक कक्षाकक्ष तैयार करने में उदासीनता से दूर रखा जा सके वे विद्यालय और समय प्रबन्धन की अपनी क्षमता का बेहतर इस्तेमाल कर सके, इसके लिए भी उन्हें जगाना होगा।

कक्षा 6-8 के बच्चे किशोरावस्था के सोपान पर पहुंच रहे होते है उनकी मनोवृत्तियों का ज्ञान शिक्षक का प्रथम धर्म होता है यह भी देखना है कि उनका अधिगम स्तर क्या है, तथा उसमें कितना अपेक्षित सुधार किया जा सकता है ।

नये कलेवर में तैयार हो रही नव विकसित पाठ्य पुस्तकें कैसी है? विशिष्टता क्या है? इनका पाठन प्रस्तुतीकरण कैसे किया जाय । पुस्तकें छात्रों तक पहुचने के पूर्व ही इनका प्रशिक्षण (परिचयपरक) शिक्षकों को दिया जाना जरूरी है।

हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत भाषाओं को पाठ्यक्रम में विशेष महत्व नही दिया जा रहा है । फलत: बच्चे पूर्व माध्यमिक स्तर पर भी अपने में भाबायी दक्षता विकसित नहीं कर पाते हैं अनमें व्याकरणिक त्रुटियां उच्चारण और शब्द प्रयोगगत दोष, वर्तनी सम्बन्धी अशुद्वियों बढ़ती जा रही है इनका निराकरण शिक्षक प्रशिक्षण द्वारा किया जायेगा।

भाषा शिक्षण में सामग्री क्या हो ? बहुउद्देशीय अधिगम सामग्री का भाषा शिक्षण में प्रयोग कैसे और कितना इसका प्रशिक्षण सामग्री निमार्ण कार्यशाला और उपयोग का प्रशिक्षण तथा किट का निर्माण व रख रखाव हेतु इसका भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

अन्य विषयों यथा-सामाजिक विषय कृषि आदि शिल्प आदि में भी सामग्री निर्माण व प्रयोग को बढ़ावा दिया जायेगा। समाजो पयोगी उत्पादक कार्य, शारीरिक संगीत, स्काउटिंग का भी प्रशिक्षण दिया जायेगा।

पू0 मा0 विद्यालयों में किशोरियों के नामंकन के साथ-साथ उन्हें शिल्प सम्बन्धी तथा अन्य समस्त प्रकार के जीवनों पयोगी व्यावहारिक ज्ञान की प्राप्ति हो, उनकी झिझक घटाकर

अबलाभाव' से दूर करने वाले शिक्षण हेतु शिक्षकों का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ ही शिक्षकों और अभिभावकों को लिंग संवेदीकरण के प्रति सचेत बनाने का प्रयास किया जायेगा।

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चे काफी हद तक अभी भी उपेक्षित से हो रहे है जबकि वे पूरी तरह अक्षम नहीं हैं, उन्हें विशिष्ट ढंग से सामान्य बच्चों के साथ ही पढ़ाने के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित होगा।

विभिन्न विषयों के प्रति समझ विकसित करने दृष्टिकोण बदलने के साथ ही साथ नवीन विधियों, नवाचारों का विषयवार वास्तविक कक्षा शिक्षण अभ्यास भी कराया जायेगा जिससे कि प्रशिक्षण के अभीष्ट की प्राप्ति भी हो सके।

बच्चों में दक्षताओं का विभिन्न कोणों से विकास करने के साथ ही साथ साथ बच्चे धारण कितना कर पा रहे हैं धारण करने में क्या कोई ह्रास/ अवरोध भी है।अधिगमपठार कहां आ रहा है, इसका विश्लेषण करते हुए बच्चों की सतत-व्यापक मूल्यांकन करने हेतु शिक्षकों को तैयार किया जायेगा, वास्तव में यह मूल्यांकन उनके विभिन्न कौशलों-संज्ञानात्मक, भावात्मक, कियात्मक, पक्षों को साथ ही साथ शिक्षक और शिक्षण व्यवस्था का भी होता चलेगा।

शिक्षा के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने, सामुदायिक सहयोग प्रापत करने हेतु समुदाय को प्रशिक्षत करने के क्रम में ग्राम शिक्षा समिति/ शिक्षा अभिभावक संघ / शिक्षक माता संघ को प्रशिक्षत किया जायेगा।

शिक्षक आज न तो पाठ्यक्रम/पाठ्यवस्तु में कठिन स्थलों की तलाश कर रहा है न उनके निवारण के उपाय ढूंढ़ रहा है जबकि कतिपय कठिन स्थलों के कारण छात्रों के अधिगम में पठार आ जाता है। ऐसी स्थिति में डायट द्वारा चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षित करके कियात्मक शोध कराये जायेंगे। जिससे वे इन कठिनाइयों की स्वयं भी तलाश करके निवारण कर सकेंगे।

कम्प्यूटर सम्प्रति, जीवन के अन्तः क्षेत्रों में भी अनिवार्य स्थान लेता जा रहा है, भारत के बच्चे भी इनकी शिक्षा से वंचित न रहे इस हेतु, उनके शिक्षक प्रशिक्षत किया जायेंगे, डायट गोण्डा के द्वारा प्रत्येक विद्यालय से एक-2 शिक्षकों को प्रशिक्षण देन प्रस्तावित है।

बाल कविता और कहानी बच्चों की रूचियों का परिमार्जन करने में समर्थ है यह नाना नानी की पीढ़ी से ही प्रभाव पैदा करने लगते हैं और बच्चों को अपनी ओर खींच लेते है जनपद

में प्रतिष्ठित बाल रचना कारों के द्वारा कार्यशाला में बाल साहित्य की रचना करायी जायेगी और इनका प्रकाशन भी कराया जायेगा।

प्रत्येक स्तर पर रूचि पूर्ण प्रयास सफलता के मानदण्ड तय करने में समर्थ हो इसको ध्यान में रखते शिक्षण को विशेष रोचक बनाने हेतु अलग से कार्यशाला आयोजित की जायेगी-डायट के स्तर से:-

नव नियुक्त शिक्षकों और पदोन्नत प्रधानाध्यापकों को नूतन शिक्षण पद्वतियों से जोड़ने के लिए अलग से कार्यशालाएं आयोजित की जायेगी-डायट स्तर पर,

डायट गोण्डा द्वारा शैक्षिक पृष्टि भूमि को सुदृण करने के कम में एक शैक्षिक प्रत्रिका का प्रकाशन भी किया जाता है। इसके प्रकाशन के लिए सम्बन्धित/चयनित व्यक्तियों की एक कार्यशाला भी आयोजित की जायेगी जिसके बाद समुचित व्यवस्थापन द्वारा तय मासिक प्रत्रिका का प्रकाशन होगा।

इतने सारे प्रशिक्षण के कम में यह भी जरूरी है कि सर्व शिक्षा आभियान के संचालन का दायित्व जिनके कन्धों पर होगा वे भी प्रशिक्षण प्राप्त करें इस कारण डायेट गोण्डा ने तय किया है कि विभिन्न स्तरों/उद्देश्यों हेतु ए0 बी0 एस0 ए0,बी0 आर0 सी0, ABRC, NPRC, BSA, मेण्टर को पर्यवेक्षणीय/अनुश्रवण/अनुसमर्थन प्रशिक्षण दिया जायेगा।

उपर्युक्त के साथ-साथ डायट द्वारा मासिक कार्यशालाओं हेतु एजेण्डे का निर्धारण करके ब्लाक स्तरों पर ये कार्यशालाओं आयोजित होगी प्रत्येक प्रशिक्षण के उपरान्त डायट में प्रशिक्षकों की अनुभव आदान प्रदान कार्यशाला तथा चिन्हित विद्यालयों में जाकर प्रशिक्षक शिक्षकों को शैक्षिक समर्थन और पश्चोषण प्रदान करेंगे।

चौथे वर्ष से शिक्षकों आदि को पुनर्वोधात्मक प्रशिक्षण प्रति वर्ष दिया जायेगा जिससे नवीन ज्ञान का शिक्षण में समावेश भी होता रहेगा।

इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष अनुपूरक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। यह अनुपूरक प्रशिक्षण चिन्हित कठिन स्थलों और अछूते विन्दुओं को केन्द्र बनाकर दिया जायेगा।

सर्व शिक्षा अभियान : गुणवत्ता सम्बर्द्धन कार्यक्रम

(पू0 मा0 विद्यालयों हेतु)

प्रथम वर्ष :-

नवीन विकसित पाठ्य पुस्तकों और शिक्षण विधियों के परिप्रेक्ष्य में शैक्षिक गुणवत्ता सम्बर्द्धन हेतु पूर्वमाध्यमिक शिक्षकों में नूतन संचेतना का विस्तार व विकास करने वाला प्रशिक्षण

कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जो गुणवत्ता स्तर की न्यूनतम प्राप्ति व उसके सुदृढ़ीकरण तक चलता रहेगा। रूप रेखा संक्षेप में इस प्रकार है:-

1. **सन्दर्भ समूह चयन कार्यशाला का आयोजन:-**

ब्लाक के 20 से अधिक शिक्षकों को बुलाकर शिक्षा-शिक्षक और बच्चों के प्रति उनका नजरिया परखने वाली एक कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा, इसी में से ब्लाक संदर्भ समूह के लिए और जिला सन्दर्भ समूह के लिए शिक्षक [प्राथमिक+पू0 मा0] चयनित होंगे।

* स्थल-बी0 आर0 सी0 * अवधि-एक दिवसीय * प्रकृति-अनावासीय

* प्रतिभागी-चयनित शिक्षक N.G.O

2. **विजनिंग कार्यशाला प्रतिभागी आधारभूत प्रशिक्षण:-**

* स्थल-डायट * प्रकृति-आवासीय * अवधि-8 दिवसीय

प्रतिभागी-ब्लाक समन्वयक, न्याय पंचायत प्रभारी डायट/डी0 पी0 ओ0 स्टाफ, जिला संसाधन समूह के सदस्य

* प्रशिक्षण क्यों ? परम्परागत शिक्षण * विज्ञान प्रयोगशाला और सूक्ष्मदर्शी

* भौतिक संसाधन नवीन पाठ्यक्रम पुस्तकें * MTLM, DPEP/ सर्वशिक्षा अभियान

3. **प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण:-**

3 दिवसीय, आवासीय, डी0आर0जी0 सदस्य, डायट

4. **माड्यूल निर्माण कार्यशाला:-**

* स्थल-डायट * प्रकृति-अनावासीय * अवधि-5 दिवसीय

प्रतिभागी-समस्त संसाधन समूह/ पू0 मा0 शिक्षक(चयनित) कोर टीम सदस्य

5. **विषय वस्तु आधारित प्रशिक्षण:-(गणित, विज्ञान)**

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-(7+7 दिन)

प्रतिभागी-समस्त पू0 मा0 गणित/विज्ञान अध्यापक

स्थल-डायट द्वारा निर्धारित 1 या 2 केन्द्रों पर

6. गणित विज्ञान से सम्बन्धित किट व सामग्री निर्माण व प्रयोग कार्यशाला

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-दिवसीय (3+3 दिन)

* प्रतिभागी-समस्त गणित,विज्ञान शिक्षक

* स्थल-डायट द्वारा तय 2-3 केन्द्र

7.**सामग्री प्रदर्शनी** :- (पहले ब्लाक, फिर जिला स्तर पर)

* प्रकृति-अनावासीय, गणित-विज्ञान से सम्बन्धित *अवधि-एक दिवसीय

* प्रतिभागी-ब्लाक स्तर पर प्रत्येक विद्यालय से तथा जिला स्तर पर प्रत्येक ब्लाक जो एक-एक शिक्षक

* स्थल-बी0 आर0 सी0 / डायट (यथावश्यक)

8.**अनुश्रवण-अनुसमर्थन प्रशिक्षण कार्यशाला:-**

* प्रकृति-अनावासीय *अवधि-4 दिवसीय

* प्रतिभागी-बी0आर0सी0,ए0बी0एस0ए0,एस0डी0आई0,बी0एस0ए0,जिला संसाधन समूह सदस्य,

* स्थल-डायट

9.**एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला** :-(जिला कोरटीम द्वारा)

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-एक दिवसीय (प्रत्येक त्रय मासिक)

* प्रतिभागी-शिक्षक(चयनित) * स्थल-डायट

10. **मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला** :-जिला कोर टीम/डायट द्वारा तय एजेण्डे के अनुसार बी0आर0सी0 पर एक दिवसीय कार्यशाला प्रत्येक माह,

11.**शैक्षिक समर्थन एवं पश्चपोषण** :- (प्रत्येक प्रशिक्षण की समाप्ति पर)

* एक दिवसीय कार्यशाला डायट में

* प्रतिभागी-डायट मेण्टर,डी0पी0ओ0 मेण्टर, प्रशिक्षण कार्य, बी0आर0सी0,

* प्रशिक्षण गण अलग-2 विद्यालयों में शिक्षकों के बीच जाकर दिये हुए प्रशिक्षण को लागू कराने में शिक्षकों को सहयोग, समर्थन करेंगे साथ ही स्वयं अगले प्रशिक्षण के लिए फीट बैंक भी प्राप्त करेंगे,

12 .**कौशलात्मक प्रशिक्षण** :-(बहुकक्षा,बहुस्तरीय, आदि सहित)

* प्रकृति-अनावासीय *अवधि-3 दिवसीय *प्रतिभागी-समस्त शिक्षक

13.**समय एवं विद्यालय पबन्धन** :-(बाल सरकार, समय प्रबन्धन, भौतिक प्रबन्धन, शैक्षिक अतिरिक्त प्रबन्धन)

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-4 दिवसीय * स्थल-बी0आर0सी0

नोट :- जनपद गोण्डा के लिए औसतन 70 प्रतिशत प्रति शिक्षक की दर से प्रथम वर्ष के प्रशिक्षण और कार्यशाला के लिए कुल 10 लाख रूपये प्रस्तावित है।

द्वितीय वर्ष :-

सर्व शिक्षा अभियान द्वारा द्वितीय वर्ष में पूर्व मा0 शिक्षकों के लिए बाल मनोविज्ञान सम्बन्धी कार्यशाला एवं विभिन्न विषयों से सम्बंधित कार्यशाला आयोजित किया जायेगा। जिसका उद्देश्य छात्रो के विषयवार शैक्षिक संम्प्राप्ति में वृद्धि करना है । विशेष रूप से किशोर बालिकाओं के लिए शिक्षा की व्यवस्था करने का प्रयास किया जायेगा ।

14. **शैक्षिक बाल मनोविज्ञान** कार्यशाला :-

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि -3 दिवसीय * प्रतिभागी -समस्त शिक्षक

* स्थल -बी0 आर0 सी0

15. **नव विकसित पाठ्य पुस्तकों** का **परिचय** :-

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि -3 दिवसीय * प्रतिभागी -समस्त शिक्षक

* स्थल -बी0 आर0 सी0

16.**भाषा दक्षता विकास कार्यशाला**:- (हिन्दी,अंग्रेजी, संस्कृत,उर्दू)

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि -8 दिवसीय

* प्रतिभागी -समस्त शिक्षक (विभिन्न भाषाओं के) * स्थल -डायट

विषेष :- अलग-2 **विषयों** के लिए अलग-2 दिनों में अलग-2 विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण केन्द्र पर विशेष रूप से बुलाकर,

17. **भाषा गत शिक्षण सामग्री** व प्रयोग **कार्यशाला** :-

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि -3 दिवसीय (बी0 आर0 सी0 व डायट पर)

* प्रतिभागी -विषय शिक्षक * स्थल -डायट

18. **भाषा शिक्षक सम्बन्धी सामग्री मेला** :-

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि -1 दिवसीय ब्लाक पर, 1 दिवसीय डायट पर

* प्रतिभागी -विषय शिक्षक * स्थल -बी0 आर0 सी0 /डायट

19. **अनुश्रवण, अनुसमर्थन प्रशिक्षण** :- प्रथम वर्ष की भाँति

20. **एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला** :- प्रथम वर्ष की भाँति

21. मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला :- प्रथम वर्ष की भांति

22. **शैक्षिक अनुसमर्थन एवं पश्चपोषण** :- प्रथम वर्ष की भांति

नोट :- जनपद के लिए द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणों कार्यशालाओं के लिए 10 लाख रूपये प्रस्तावित हो।

23. **किशोरी शिक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रम** :- अनावासीय, 3 दिवसीय, समस्त शिक्षक,बी0 आर0 सी0,

तृतीय वर्ष

तृतीय वर्ष में समाज के हर वर्ग के लिए शिक्षा की सकंल्पना हेतु विशिष्ट बच्चों की शिक्षा को समावेशित किया गया हैं। इसके अतिरिक्त भाषा के अतिरिक्त अन्य विषयों के शिक्षण एवं प्रभावी अनुश्रवण हेतु विभिन्न कार्यक्रम निहित हैं ।

24- सगेकित (विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की) शिक्षा प्रशिक्षण :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-3 दिवसीय * प्रतिभागी-समस्त शिक्षक

* स्थल-बी0 आर0 सी0

25. **सतत् व्यापक मूल्यांकन कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-2 दिवसीय * प्रतिभागी-समस्त शिक्षक

* स्थल-बी0 आर0 सी0

26. **सामाजिक विषय,कृषि, स0इ0की0 शिक्षण कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-5 दिवसीय * प्रतिभागी-समस्त शिक्षक

* स्थल-चयनित बी0 आर0 सी0/डायट

27. **शारीरिक शिक्षा, संगीत आधारित कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-4 दिवसीय

* प्रतिभागी-विषय शिक्षक (नियुक्ति/चयनित) * स्थल-डायट

28. **शेष विषयों की सामग्री तथा किट निर्माण प्रयोग कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-3 दिवसीय * प्रतिभागी-सम्बन्धित विषय शिक्षक

* स्थल-चयनित बी0 आर0 सी0/डायट

29. **शेष विषयों से सम्बन्धित सामग्री मेला** :- एक दिवसीय, बी0 आर0 सी0 पर सम्बन्धित शिक्षकों द्वारा।

30. **अनुश्रवण अनुसमर्थन प्रशिक्षण कार्यशाला** :- द्वितीय वर्ष की भांति

31. **एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला** :- द्वितीय वर्ष की भांति

32. **मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला** :- द्वितीय वर्ष की भांति

33. **शैक्षिक समर्थन एवं पश्चपोषण** :- द्वितीय वर्ष की भांति

नोट :- जनपद गोण्डा के लिए त्रतीय वर्ष के लिए प्रशिक्षण मद में 10 लाख रूपये प्रस्तावित।

चतुर्थ वर्ष :-

सर्वशिक्षा अभियान के चर्तुथ वर्ष में विषयवार कक्षा शिक्षण का प्रयोगात्मक रूप देने हेतु शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित की जायेगी । इसके अतिरिक्त किशोरों की शिक्षा एवं विभिन्न समितियों के सहयोग प्राप्त करने हेतु कार्यशाला आयोजित की जायेगी।

34. **विषयवार कक्षा शिक्षण अभ्यास कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-7 दिवसीय * प्रतिभागी-सभी शिक्षक

* स्थल- बी0 आर0 सी0

35. **सेवारम्भ प्रशिक्षण** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-10 दिवसीय * प्रतिभागी-समस्त नवनियुक्ति शिक्षक

* स्थल-डायट

36. **जनसंख्या शिक्षा, किशोरी शिक्षा, लिंग संवेदी करण कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-5 दिवसीय * प्रतिभागी- शिक्षक

* स्थल-चयनित बी0 आर0 सी0

विशेष:-अन्तिम दिवस में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी

37. **कार्यानुभव एवम पर्यवेक्षणीय प्रशिक्षण** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-5 दिवसीय
* प्रतिभागी-डायट प्रवक्ता, ए0 बी0 एस0 ए0,बी0 आर0 सी0,NPRC *स्थल-डायट

38. **ब्लाक सन्दर्भ समूह प्रशिक्षण** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-3 दिवसीय * प्रतिभागी-बी0 आर0 सी0 सदस्य
* स्थल- बी0 आर0 सी0

39. **ग्राम शिक्षा समिति प्रशिक्षण** :- [माता शिक्षक संघ/अभिभावक शिक्षक संघ/कोरटीम]

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-3 दिवसीय * प्रतिभागी-ग्राम शिक्षा समितियों के सदस्य

* स्थल-NPRC

40. **अनुश्रवण,अनुसमर्थन कार्यशाला** :- प्रथम, द्वितीय, त्रतीय वर्ष की भांति

41. **एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला** :- प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की भांति

42. **मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला** :- प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष की भांति

43. **शैक्षिक समर्थन एवं पश्चपोषण** :- प्रथम, द्वितीय, त्रतीय वर्ष की भांति

44. **पुनर्बोधात्मक प्रेशिक्षण** :-

विशेष :- इस वर्ष के लिए 10 लाख रूपये व्यय प्रस्तावित है।

पंचम वर्ष

सर्वशिक्षा अभियान का पंचम वर्ष विशिष्ट उपलब्धियों की जानने का हैं । इसके अर्न्तगत क्रियात्मक शोध, कम्प्यूटर प्रशिक्षण, बाल साहित्य रचना , रूचिपूर्ण शिक्षण आदि कार्यशालाओं का आयोजन किया जायेगा ।

45. **कियात्मक शेध कार्यशाला** :-

* प्रकृति -आवासीय * **अवधि**-6 दिवसीय

* **प्रतिभागी** -डायट स्टाफ, बी0 आर0 सी0 चयनित शिक्षक (पू0 मा0)

* **स्थल** -डायट एवं चयनित विद्यालयों में

46. **कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला** :-

* प्रकृति -आवासीय * अवधि-30 दिवसीय

* प्रतिभागी -डायट/डी0 पी0 ओ0 स्टाफ चयनित बेसिक शिक्षक

* स्थल -डायट/डी0 पी0 ओ0

47. **बाल साहित्य रचना कार्यशाला** :-

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि-4 दिवसीय

* प्रतिभागी -डायट द्वारा सूची बद्व जनपद के रचना कार(कवि, कहानीकार)

* स्थल -डायट

48. **रूचिपूर्ण शिक्षक कार्यशाला** :-

* प्रकृति -अनावासीय * अवधि-5दिवसीय * प्रतिभागी -चयनित शिक्षक

* स्थल -डायट/विद्यालयों में कक्षा-अभ्यास भी।

49. **पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण** :- चतुर्थ वर्ष की भांति।

50. **अनुश्रवण, अनुसमर्थन कार्यशाला** :- पूर्व के वर्षो की भांति

51. एजेण्डा **निर्धारण कार्यशाला** :- पूर्व के वर्षो की भांति

52 **मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला** :- पूर्व के वर्षो की भांति

53. **शैक्षिक समर्थन एवम् पश्चपोषण** :- पूर्व के वर्षो की भांति

विशेष :-प्रशिक्षण के लिए 10 लाख रूप्ये व्यय प्रस्तावित है।

अतिरिक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम :- (पू0 मा0)

नवागत प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण(प्रबन्धकीय, अकास्मिक, प्रशासनिक दक्षताओं हेतु।

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-4 दिवसीय

* प्रतिभागी-समस्त प्रोन्नत/प्रभारी प्रधानाध्यापक * स्थल-डायट

55. **पत्रिका प्रकाशन हेतु, डायट स्तर पर प्रत्येक ब्लाक से डायट द्वारा चयनित शिक्षकों की कार्यशाला** :-

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-4 दिवसीय

* प्रतिभागी- सूचीबद्व (डायट द्वारा) शिक्षाविद, **शिक्षक** लेखक तथा अन्य **विशेषज्ञ**

* स्थल-डायट

विशेष:-पत्रिका त्रय मासिक होगी।

56. **अनुपूरक कार्यशाला** :- समीक्षा एवं विश्लेषणों के उपरान्त प्रत्येक वर्ष आवश्यकता आधारित कार्यशाला करायी जायेगी, इस कार्यशाला से पूर्व या इस के दौरान चिन्हित आवंटित स्थलों का चयन कर लिया जायेगा, जिन पर या तो पूर्व में ध्यान नहीं गया था या जहां कोई कमी रह गयी थी।

* प्रकृति-अनावासीय * अवधि-5 दिवसीय * प्रतिभागी-यथावश्यक प्रतिभागी

* स्थल-डायट/बी0 आर0 सी0

विशेष:- प्रत्येक प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ करने से पूर्ण जिला संसाधन समूह के सदस्यों/शिक्षक-प्रशिक्षकों को समय-समय पर यथावश्यक प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था डायट/SPO द्वारा की जाती रही है।

अन्य विशेष कार्यक्रम :-

- जनपद/डायट स्तर पर शैक्षिक पत्रिका का त्रय मासिक प्रकाशन किया जायेगा।

- प्रत्येक पू0 मा0 विद्यालय में एक प्रयोगशाला स्थापित की जायेगी। जिससे छात्रों का अधिगम सुगमता से बढ़ सके।
- विज्ञान की पाठ्य वस्तु को सरल, सुगम और व्यवहारिक बनाया जायेगा तथा इसे पर्यावरण से अंशत: जोड़ा जायेगा।
- अभिभावक संगोष्ठी प्रतिवर्ष 2 बार करायी जायेगी जिस में नामांकन, ठहराव और किशोरी शिक्षा पर बल दिया जायेगा और उनका सहयोग मांगा जायेगा।
- प्रत्येक विद्यालय में पुरातन छात्र परिबद का गठन किया जायेगा, वर्ष में 2 बार बैठकें की जायेगी और प्रत्येक जन अभियान में उनका सहयोग लिया जायेगा।
- विद्यालयी और शैक्षिक कार्यो में सामुदायिक शिक्षक की नियुक्ति करके उनका तथा स्वयं सेवी संगठन के सदस्यों का सहयोग जिया जायेगा।
- एकाडमिक मानीटरिंक और सपोर्ट पैनल का गठन किया जायेगा जो कार्यक्रमों की गुणवत्ता आदि बढ़ाने में लगे रहेंगे।
- शारीरिक शिक्षा, स्काउटिंग, कला, संगीत के लिए विषय शिक्षकों और पैराशिक्षकों की नियुक्ति की जायेगी (प्रत्येक विद्यालयों)
- शारीरिक शिक्षा, संगीत आदि के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे । (प्रत्येक स्कूल)
- कार्याधारित प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार की व्यवस्था की जायेगी। इसके अन्तर्गत प्रतिवर्ष ब्लाक, स्तर पर फिर जिला स्तर पर एक-एक या अधिक शिक्षकों को पुरस्कृत किया जायेगा। इस पुरस्कृत का आधार शिक्षक का कौशल,छात्र नामांकन, ठहराव गुणवत्ता सम्प्राप्ति, विद्यालय के समय प्रबन्धन आदि को आधार माना जायेगा।
- मकतब/ मदरसों के शिक्षकों को भी एस0 एस0 ए0 से जोड़कर उनके लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलायेंगे।
- संस्कृत विद्यालयों के शिक्षकों को भी प्रशिक्षत कार्यक्रमों में जोड़ा जायेगा।

अन्य प्रशिक्षण (प्राथमिक)

बच्चों के अधिगम स्तर को ऊचां उठाने के लिए उक्त प्रशिक्षणों के माध्यम से प्रयास किया जाना आवश्यक तो है ही इसके साथ-साथ गुणक्ता संवर्धन हेतु कुछ अतिरिक्त प्रशिक्षणों का भी आयोजन डायट स्तर पर किया जायेगा ।

(1) **शिक्षा मित्र आचार्य जी का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण**-वर्तमान परिस्थियों में अध्यापकों की रिक्त कमी को शिक्षा मित्रों द्वारा पूरा किये जाने का लक्ष्य है अभी भी एकल विद्यालय की परिस्थिति में कोई भी प्राथमिक विद्यालय एकल नही रहेगा इन शिक्षा मित्रों को आधारीय प्रशिक्षण 30 दिन दिया जाता हैं । इसके उपरान्त इन्हे डायट के नेतृत्व में 15 दिन का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

(2) **वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशकों का प्रशिक्षण**-डायट के निर्देशन में जनपद स्तर पर वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशकों को आधार भूत प्रशिक्षण 15 दिन तथा पुनश्चर्या प्रशिक्षण 10 दिन दिया जायेगा ।

(3) **ई0 सी0 सी0 ई0 का प्रशिक्षण**-। बाल विकास परियोजना अन्तर्गत ग्राम सभा स्तर पर आगंन बाड़ी केन्द्रो का संचालन पूर्वशिक्षा हेतु किया जाता हैं । जिसमें इनकी कार्यकर्ताओं एवं सहायिको का प्रशिक्षण सात दिवसीय कराया जायेगा ।

(4) **सर्व शिक्षा अभियान का प्रशिक्षण**-डायट स्तर पर डायट के प्रव्क्ताओं जनपद संसाधन समूह आदि को कार्यक्रम के उचित विकास एवं संचालन हेतु राज्य परियोजना द्वारा नामित सन्दर्भ दाताओं द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा ।

(5) **पर्यवेक्षण सम्बन्धी प्रशिक्षण**- कार्यक्रम की परख एवं मूल्यांकन हेतु ए0बी0एस0ए0 तथा बी0आर0सी0 को एक दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा । जिसके बिन्दुओं का निर्धारण जनपदीय कोर टीम द्वारा किया जायेगा ।

(6) **ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण**-ग्राम शिक्षा समितियों को सक्रियता प्रदान करने के उद्देश्य से ब्लाक सन्दर्भ दाताओं का चयन करके उन्हे तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाता हैं । परन्तु प्राय: देखने में आया हैं । कि ग्राम शिक्षा समिति या तो निष्क्रिय है अथवा विद्यालयों से जुड़ाव बहुत कम है इसके लिए जनपद स्तरीय कोर टीम द्वारा समिति को सक्रियता देने हेतु नई रणनीति बनाकर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

(7) **कार्यानुभव प्रशिक्षण**-जनपद स्तर पर एक टीम तैयार करके उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा । जिसमें उन्हे परिवेशीय उपलब्धता के आधार पर बच्चों में वह कौशल पदान किया जायेगा । जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें तथा उनके अन्दर कौशल का विकास हो सकें । जैसे

-सन से रस्सी बनाना, बांस से पंखा बनाना, डलिया बनाना पत्तों से पत्तल दोना तैयार करना आदि ।

इस प्रशिक्षण के फालोअप के लिए डायर द्वारा तैयार किये गये एजेण्डा केआधार पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी । इसका प्रशिक्षण कम से कम 5 दिवस का होगा ।

(8) <u>लिंग संवेदीकरण प्रशिक्षण</u>- जनपद गोण्डा में बालिकाओं को नामांकन की दर अपेक्षाकृत कम होने का एक मात्र कारण है कि यहां की महिलाए साक्षरता में अत्यन्त कम हैं। ऐसी दशा में बालिकाओं के नामांकन के लिए महिलाओं को अभिप्रेरित करना समुदाय को बालिका अशिक्षा से होने वाली हानियों एवं आवश्यकताओं पर बल देने की जरूरत हैं ।

बालिकाओं के प्रति व्यवहार में संवेदनशीलता लाने हेतु बी0आर0सी0 स्तर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । जिसमें डायट द्वारा नामित कम से कम दो शिक्षक एक प्राथमिक तथा एक उच्चप्राथमिक प्रति भाग करेगें । इसमें कुछ और भी प्रयास किए जायेगें -

1. महिला कोरटीम का गठन एवं प्रशिक्षण (प्रत्येक स्तर पर)
2. न्याय पंचायत स्तर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में बालिका मेला का आयोजन ।
3. नुक्कड़ नाटक (कला जत्था द्वारा)
4. शिक्षा विभाग की महिला कोर टीम द्वारा प्रत्येक मेलो में प्रतिभाग ।
5. दृव्य श्रव्य कार्यक्रम ।
6. मीना कैम्पेन ।
7. सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना ।

(9) <u>नवनियुक्त शिक्षकों का समेकित प्रशिक्षण</u>-जनपद में समय-समय परनये अध्यापकों का चयन होता रहता है जैसे बी0टी0सी0 प्रशिक्षण प्राप्त विशिष्ट बी0टी0सी0 मृतक आश्रित आदि परन्तु उन्हे मुख्य धारा से जोड़ने के लिए डायट स्तर पर एक समेकित प्रशिक्षण का आयोजन कर उन अध्यापकों को प्रशिक्षित किया जायेगा ।

इसके लिए शिक्षकोदय , सबल एवं साधन के कुछ आवश्यक अंशों को सम्मिलित कर एक दस दिवसीय प्रशिक्षण माडयूल तैयार किया जायेगा जिसमें जनपद के एस0आर0जी0 डायट के प्रवक्ता एवं जनपद के योग्य प्रशिक्षकों की कार्यशाला आयोजित कर रणनीत एवं साहित्य तैयार किया जायेगा ।

शोध एवं मूल्यांकन -

जनपद गोण्डा की अपनी शैक्षणिक परिस्थिति सामाजिक परिस्थिति तथा भौगोलिक परिस्थितयों को ध्यान में रखते हुए डायट के निर्देशन में शैक्षिक कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शोध कार्य का होना आवश्यक प्रतीत होता हैं ।

डायट द्वारा गणित कोर टीम सर्व शिक्षा अभियान से जुड़े समस्त विन्दुओं पर शोध कार्य करेगी इसके लिए डायट द्वारा समय-समय पर दिशा निर्देश दिया जायेगा ।

शोध कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षकों में यह दक्षता विकसित की जायेगी जिससे शैक्षिक समस्याओं का समाधान स्वयं वे ढूढ़ सकें एवं कारण जान सकें । उसका निवारण भी एन0पी0आर0सी0 स्तर पर कर सकें ।

इस प्रकार डायट स्तर पर प्रत्येक वर्ष डायट स्तर पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । इसमें राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद एवं सीमेंट इलाहाबाद का भी आवश्यक दिशा निर्देश लिया जायेगा ।

क्रियात्मक शोध के आवश्यक बिन्दुओं को संकुल एवं विद्यालय स्तर पर लिया जायेगा-

(i) बालिकाओं के नामांकन की कमी । (ii) विद्यालयों से छात्रों का पलायन ।
(iii) कक्षा 5 पास कर चुके सभी बच्चों का कक्षा 6 में नामांकन का न होना ।
(iv) सेवारत प्रशिक्षणों का प्रभाव कम होना ।
(v) गणित विषय में अधिगम स्तर की कमी।
(vi) विषय अध्यापकों में विषय के प्रति अरूचि ।
(vii) विशेष लांग बच्चों का अधिगम स्तर बढ़ाने के उपाय ।
(viii) मध्यान्तर के बाद छात्रों की उपस्थिति कम होना ।
(viiii) दुर्गम क्षेत्रों की भौगोलिक समस्याओं का अध्ययन ।
(x) बाल श्रमिक एवं घुमन्तू बच्चों का विद्यालयों मे ठहराव ।
(xi) व्यवसायिक शिक्षा देने की आवश्यकता ।
(xii) शिक्षक अनुदान एंव विद्यालय अनुदान का सार्थक उपयोग कैसे हो ।
(xiii) एन0पी0आर0सी0 के शैक्षिक भ्रमण में आने वाली कठिनाइयों का समाधान कैसे हो ।
(xiv) शिक्षक प्रशिक्षण का क्रियान्वयन कैसे हो ।
(xv) विद्यालय प्रबन्धन में सामुदायिक सहभागिता ।
(xvi) कक्षा में धीमी गति से सीखने का कारण व कारगर उपाय ।
(xvii) उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक को प्रोत्साहन देने के साथ ही साथ अन्य अध्यापकों को उसी तरह कार्य करने के लिये अभिप्रेरित करने के तरीके ।
(xviii) बहुकक्षा शिक्षण शिक्षण में एक से अधिक विषयों को कैसे पढ़ाया जाय ।
(xviiii) राष्टीय पर्वो पर समाज की भागीदारी कैसे हो ।

(xx) विद्यालय में कम उपस्थित रहने वाले बच्चों के कारण एवं निदान ।

(xxi) सकुल स्तर पर विद्यालयों का शैक्षणिक मूल्यांकन कैसे हो ।

(xxii) विभिन्न स्तर के अध्यापकों का एक ही स्तर का प्रशिक्षण आवश्यक है पता करना ।

शिक्षण समय को बढाना

विद्यालयों में सभी विषयों का सम्यक ज्ञान देने हेतु प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में समय विभाजन चक्र का उपयोग किया जाता हैं ।

शैक्षिक सत्र में कुल 220 दिन कार्य दिवस के रूप में होते हैं जिसमें से मात्र 160 तथा 165 दिवस ही शिक्षण कार्यो के लिए मिल पाते हैं ।

सारणी-9.

	प्राथमिक स्तर	पूर्व माध्यमिक स्तर
कुल कार्य दिवस	220	220
समुदाय से सम्पर्क(नामांकन एवं सहयोग)	10	10
मासिक बैठक (एन0पी0आर0सी0 -बी0आर0सी0)	20	10
सरकारी कार्यो में नष्ट हो जाने वाले दिन	10	10
अन्य कार्य	10	10
परीक्षा	10	15
शिक्षण दिवस	160	165

श्रोत-डायट द्वारा कराये गये अध्ययन वर्ष 2001

विद्यालय 220 दिन खुलता हैं, परन्तु नामांकन तथा ग्रीष्म अवकाश आदि के कारण बन्द रहने पर समुदाय का सहयोग आदि लेने में 10 दिन का समय नष्ट हो जाता हैं ।

प्राथमिक विद्यालयों में N.P.R.C. तथा B.R.C. की बैठकों में भी 20 दिन का समय लगता हैं । तथा उच्च प्राथमिक में N.P.R.C. या B.R.C. न जाने के कारण 10 दिन का समय लगता हैं । सरकारी कार्यो के प्रति भी (बैंक कार्य, छात्रवृत्ति आदि) में भी 10 दिवस का समय लगता हैं ।

प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में प्राय: अन्य कार्यो जैसे व्यक्तिगत टूनामेन्ट (क्रीडा,प्राथमिक) बोटर लिस्ट पल्स पोलियों चुनाव आदि में 10 दिन का समय नष्ट हो जाता हैं ।

वर्ष में अर्धवार्षिक एवं वार्षिक परीक्षाओं में प्राथमिक में 10 दिवस तथा उच्च प्राथमिक में 15 दिवस लग जाते है ।

स्कूल समय सारणी (साप्ताहिक)

सारणी-9.

	प्राथमिक स्तर	पूर्व माध्यमिक स्तर
हिन्दी	40 मिनट x 9	40 मिनट x 9
अंग्रेजी	40 मिनट x 3	40 मिनट x 3
संस्कृत/उर्दू	40 मिनट x 3	40 मिनट x 3
गणित	40 मिनट x 9	40 मिनट x 9
विज्ञान	40 मिनट x 6	40 मिनट x 6
सामाजिक विषय	40 मिनट x 6	40 मिनट x 6
समाजोपयोगी कार्य	40 मिनट x 4	40 मिनट x 4
कला शिक्षण	40 मिनट x 3	40 मिनट x 3
शारीरिक शिक्षा	40 मिनट x 3	40 मिनट x 3
कृषि शिक्षा /शिल्प / प्रा0	40 मिनट x 3	40 मिनट x 3

श्रोत डायट गोण्डा

प्राथमिक विद्यालय:-

उपरोक्त सारणियों से स्पष्ट होता है कि हमे विद्यालय प्रबन्धन में समय-विभाजन चक्र के अनुसार प्रत्येक विषय के प्रति कुछ समय बढ़ाने की आवश्यकता हैं ।

डायट स्तर पर जनपदीय कोर टीम की सहायता से शिक्षण समय को और अधिक बढ़ाने के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा । जिसके फलस्वरूप आवश्यका दिशा निर्देश के साथ समय सारिणी का निर्माण किया जायेगा । जिससे शिक्षण समय को और अधिक बढ़ाया जा सके ।

पाठ्य सामग्री

डी0पी0ई0पी0 अर्न्तगत नवविकसित पाठ्य पुस्तकें प्राथमिक कक्षाओं को जुलाई में लागू किया गया इन पाठ्य पुस्तकों का उपयोग सर्वशिक्षा अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत भी वर्ष 2005 तक जारी रहेगा। उसके पश्चात एस. सी. ई. आर. टी. उ0प्र0 द्वारा प्राथमिक कक्षाओं की पाठ्य पुस्तकों का यथा आवश्यक संसोधन किये जाने पर तद्नुरुप पाठ्य पुस्तकें वितरित करने की व्यवस्था भी सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत लागू की जायेगी। निशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण से प्राथमिक विद्यालयो के सभी बालक बालिकायें लाभान्वित हुये है।

नवीन पाठ्य पुस्तकों के आधार पर शिक्षक संदर्शिकाएं डी. पी. ई. पी. के अनतर्गत विकसित कर विद्यालयों को उपलबध कराई गयी।

नवीन पाठ्यक्रम आगामी पाठ्यक्रम संसोधन किये जाने तक लागू रहेगा। शिक्षकों को प्रशिक्षण द्वारा इस बात के लिये प्रोत्साहित किया गया। कि वे इसका अधिकत्म उपयोग कक्षा शिक्षण में करें। इसका फालों अप बी. आर. सी. तथा एन. पी. आर. सी. द्वारा किया जा रहा है।

कक्षा 6-० के लिये संसोधित पाठ्यक्रम के आधार पर नवीन पाठ्यपुस्तकों का विकास एस. नी. ई. आर. टी. के. तत्वाधान में किया जा रहा है। ये पाठ्य पुस्तकें एस. सी. ई. आर. टी. के विशिष्ट संस्थानों राज्य संदर्भ समूह के सदस्यों शिसकों बाह्य विशेषयों आदि के सहयोंग से सहभागिता आधारित प्रक्रिया में अर्न्तगत विकसित की जा रही है।

इन पाठ्य पुस्तकों की फील्ड ट्रायलिग की जा रही है जुलाई 2002 से आरम्भ होने वाले क्षैशिक सत्र में इन्हें लागू किया जायेगा पाठ्य पुस्तकों के आधार पर शिक्षक संदर्शिकाओं का भी विकास किया जा रहा है जो उच्य प्राथमिक विद्यालयो को नि:शुल्क प्राप्त कराया जायेगा। उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे अध्ययनरत सभी बालिकाओं तथा अनुसूचित जाति तथा जन जाति के बालकों को नि:शुल्क पाठ्यपुस्त्कें उपलब्ध करायी जायेगी जिससे उच्च प्राथमिक स्तर पर नांमाकित सभी बच्चे लाभान्वित होगें तथा इस पर अनुमान धनराशि 60 लाख व्यय होगी।

<u>किशोरी बालिकाओं के लिये पाठ्य सामग्री</u>- सर्व शिक्षा अभियान में उच्च प्राथमिक स्तर पर विशेष बल दिया गया है उच्च प्राथमिक स्तर में अध्ययनरत बालिकाओं को ध्यान में रखकर इस प्रकार की शिक्षण अधिगम सामग्री विकसित की जायेगी। जो किशोरी बालिकाओं की जीवन आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके तथा भावी जीवन के लिये अच्छी तरह से तैयार कर सके। यह विशेष रुप से ध्यान दिया जायेगा कि किशोरी बालिकायें जीवनोपयोगी कौशल का यथेष्ट एवं सम्यक ज्ञान प्राप्त कर सके । इस हेतु शिक्षण अधिगम सामग्री विकसित कर उच्च प्राथमिक विद्यालयों को उपलब्ध करायी जायेगी ।

<u>गुणवत्ता विकास में डायट की भूमिका</u>-डायट द्वारा जनपद में प्रत्येक स्तर पर शैक्षिक समर्थन प्रदान किया जायेगा । सर्व शिक्षा अभियान के क्रियान्वयन के लिये योजनाये बनायी जायेंगी जिसकी सफलता के लिये जनपद स्तर पर ब्लाक स्तर पर तथा न्याय पंचायत स्तर पर प्रशिक्षणों का नियोजन तथा क्रियान्वयन किया जायेगा । डायट द्वारा शैक्षिक पर्यवेक्षण किया जायेगा । विद्यालयों का श्रेणी करण किया जायेगा । अभिकर्मियों की क्षमताओं का विकास शोध एवं मूल्यांकन कार्यक्रमों का संचालन किया जायेगा । । डायट द्वारा इन कार्यक्रमों का अनुश्रवण, सामग्री विकास ई0एम0आई0एस0 आगड़ों का विश्लेषण आदि दायित्वों को पूर्ण किया जायेगा।

डायट का मुख्य उददेश्य होगा शिक्षकों को उनके कार्य स्थल पर सहयोग व समर्थन प्रदान करने की रणनीतियों का विकास करनके हेतु संस्थागत क्षमता का विकास करना । इस परिपेक्ष्य में डायट द्वारा निम्न क्षेत्रों पर कार्य किया जायेगा।

क्षमता क़ा विकास -जनपद स्तर पर डायट द्वारा शैक्षिक नेतृत्व प्रदान किया जायेगा उसके द्वारा सम्पादित कार्य मुख्य बिन्दु है -

1. प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक शिक्षकों को विषय वस्तु एवं शिक्षण विधाओं पर आधारित प्रशिक्षण प्रदान करना ।
2. बी0 आर0 सी0 एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयकों को पर्यवेक्षण के लिये प्रशिक्षित करना ।
3. वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशकों को प्रशिक्षण प्रदान करना ।
4. वी0ई0सी0 को प्रशिक्षित करना ।
5. ई0 सी0 सी0 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण करना ।
6. समेकित शिक्षा हेतु प्रशिक्षण देना ।
7. विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों को कार्यक्रम से जोड़ना ।
8. स्वयंसेवी संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित करना ।
9. नवीनतम शोध मूल्यांकन का उपयोग कार्यक्रमों के कियान्वयन में सुनिश्चित करना ।
10. ए0बी0एस0ए0 एस0डी0आई0 0ी0आर0 सी0 एन0पी0आर0सी0 समन्वयकों संकुल प्रभारीयों की क्षमताओं का विकास विभिन्न प्रशिक्षणों के माध्यम से करना ।

डायट की क्षमता के विकास के लिये भी संस्थागत क्षमता कार्यक्रम लागू किया जायेगा। डायट के सदस्यों को राज्य स्तर के संस्थानों में प्रशिक्षित करके उनकी क्षमता का विकास किया जायेगा । बाहय संस्थानों के अनुभवी व्यक्तियों से वार्ता एवं व्याख्यानों का आयोजन किया जायेगा । विभिन्न प्रशिक्षणें द्वारा डायट के सदस्यों में नेतृत्व की क्षमता प्रबन्धन एवं नियोजन की क्षमता पर्यवेक्षण की क्षमता तथा शैक्षिक सपोर्ट की क्षमता का विकास किया जायेगा ।

<u>शैक्षिक संदर्भ समूह का गुदृढीकरण</u>-जनपद स्तर पर शैक्षिक संसाधन समूह का गठन किया गया है जिसमें डायट स्टाफ के अतिरिक्त बाहय विशेपज्ञ शिक्षाविद हाईस्कूल तथा इण्टर स्तर के योग्य शिक्षक आदि सदस्य हैं । इसका कार्य जनपद स्तर पर गणवत्ता विकास के लिये कार्यक्रमों का नियोजन कियान्वयन तथा अनुश्रवण करने गुणवत्ता विकास के लिये विभिन्न कार्यक्रमों प्रशिक्षण आदि से प्राप्त फीडबैंक का विश्लेषण कर उनका समाधान प्रस्तुत करना हैं । जनपद के शैक्षिक उन्नयन में एकादमिक संदर्भ समूह का महत्वपूर्ण स्थान है अत: इसकी क्षमताओं के संर्वद्धन हेतु एस0सी0आर0टी0 के सहयोग से क्षकता विकास कार्यशाला एवं विजय निर्माण हेतु कार्यशाला डायट स्तर पर आयोजित की जायेगी ।

इन कार्यशालाओं के मुख्य बिन्दु होगें । अकादमिक पर्यवेक्षण विषय शिक्षण स्कूल प्रबन्धन शिक्षकों की समस्याओं का निवारण आदि ।

<u>स्वयं सेवी संगठनों की भागीदारी</u>– सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत शासकीस संस्थाओं अथवा स्वैच्छिक संगठनों जो संसाधन उपलब्ध है उनका सहयोग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की क्षकता विकास व अकादमिक संदर्भ समूह को सक्रिय बनाने में लिया जायेगा । जनपद स्तर पर अनुभवी व ख्याति प्राप्त स्वयं सेवी संगठनों से प्रस्ताव प्राप्त किया जायेगा तथा निर्धारित प्रक्रिया द्वारा उनका चयन किया जायेगा ।

<u>कम्प्यूटर प्रशिक्षण</u>–डायट गोण्डा में कम्प्यूटर की व्यवस्था सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत की जायेगी । प्रशिक्षण तथा शैक्षिक कार्यक्रमों में इसके बढ़ते हुये महत्व को देखते हुये डायट के सदस्यों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जायेगी । सर्वशिक्षा अभियान में उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य है अतः डायट स्तर पर शिक्षकों को भी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा ।

<u>शिक्षण सामग्री का विकास</u>–डायट स्तर पर एन0पी0आर0सी0 बी0आर0सी0 समन्वयकों कुशल अध्यापकों की सहभागिता से शिक्षण को सुगम बनाने हेतु शिक्षा सामग्री तथा अनुपूरक शिक्षण सामग्री का विकास किया जायेगा ।

शिक्षण को रूचिकर बनाने के लिये अधिगम को सरल बनाने में सहायक शिक्षण सामग्री की महती भूमिका को देखते हुये प्राथमिक शिक्षकों को 500 रूपये डी0पी0ई0पी0 द्वारा प्राप्त कराये जाता है जिससे शिक्षक अपने विषय वस्तु के अनुसार पोस्टर चार्ट माडल तथा अन्य उपकरणों का निर्माण करता हैं। सर्वशिक्षा अभियान में इस अनुदान को जारी रखा जायेगा तथा आगे भी 500 रूपये का अनुदान शिक्षकों को प्रदान किया जायेगा । उच्च प्राथमिक स्तर पर भी इस तरह का अनुदान सुनिश्चित किये जाने की आवश्यकता हैं । विज्ञान किट के उपयोग हेतु प्रशिक्षण दिये जायेगें ।

न्याय पंचायत स्तर पर मेटीरियल मेले का आयोजन किया जायेगा जिससे अध्यापको में निहित क्षमताओं का विकास हो सके शिक्षण सामग्री मेले का आयोजन जनपद व ब्लाक स्तर भी किया जायेगा।

<u>कार्यशाला एवं गोष्ठियों का आयोजन</u>–प्राथमिक विद्यालयों एवं उच्च प्रा0वि0 की विभिन्न समस्योओं के निराकरण हेतु कार्यशालाओं एवं गोष्ठियों की जायेगी इन गोष्ठियों के द्वारा अनुपूरक अध्ययन सामग्री का निर्माण बच्चों की सम्प्राप्ति के आंकड़ों पर चर्चा एवं निष्कर्ष मूल्यांकन हेतु परीक्षण सामग्री निर्माण स्कूल

पूर्व शिक्षा के लिये कक्ष कविता संग्रह रूचि पूर्ण शिक्षण किशोरी बालिकाओं की समस्योओं से सम्बन्धित गोष्ठी विशेष बच्चों के शिक्षण से सम्बन्धित समस्याओं आदि पर चर्चा करके परिणाम प्राप्त किये जायेंगे ।

न्याय पंचायत स्तर पर प्रति मास एक बैठक होती है जिसको प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का रूप दिया गया है इन बैठकों में शिक्षकों की शैक्षिक समस्याओं का समाधान करनके के अतिरिक्त आदर्श पाठ का प्रस्तुतीकरण सामग्री आदि का निर्माण आदि कार्य किया जाता है । सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत इन गोष्ठियों का एजेण्डा डायट द्वारा तैयार किया जायेगा जिससे ये गोष्ठियां अधिक प्रभावी सिद्ध हो सकें ।

विकलांग बच्चों हेतु शिक्षा व्यवस्था-शारिरिक एवं मानसिक रूप से अक्षय बच्चों को भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना सर्वशिक्षा अभियान का प्रमुख लक्ष्य है । इन बच्चों के लिये उनकी आवश्यकता के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था की जायेगी । विशेष पाठ्यक्रम का निर्माण किया जायेगा । इन बच्चों को पढ़ाने के लिये अलग से शिक्षको को प्रशिक्षित किया जायेगा । डायट से दो प्रवक्ता इस क्षेत्र में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगें जिससे जनपद स्तर पर उनके द्वारा सहयोग समर्थन प्राप्त हो सके ।

बाल श्रमिकों के लिये शिक्षा व्यवस्था-वो बच्चे जो रोजी रोटी कमाने में लगे है खेतो में काम करते है बाल श्रमिक है प्राथमिक विद्यालयों के निर्धारित समय तक विद्यालयों में नही रूक सकते ऐसे बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिये वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था की गयी है शिक्षा केन्द्र खोले गये हैं ।

इन केन्द्रो के शिक्षकों को प्रशिक्षण डायट द्वारा प्रदान किया जायेगा । डायट द्वारा इनकों शैक्षिक सपोर्ट प्रदान किया जायेगा । इनके पर्यवेक्षण अनुश्रवण अध्ययन सामग्री आदि की व्यवस्था डायट द्वारा की जायेगी ।

शोध एवं मूल्यांकन-प्रत्येक जनपद की अपनी अलग-अलग भौगोलिक , सामाजिक परिस्थिति होती है किसी भी शैक्षिक कार्यक्रम को जनपद विशेष की स्थिति के अनुसार लागू करने पर सफलता मिलने की सम्भावनाये अधिक रहती हैं । अत: शैक्षिक कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने के लिये शोध कार्यक्रमों का महत्व विवाद हीन हैं । निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार संस्थान विभिन्न विषयों जैसे पाठ्यक्रम करना शिक्षण , निरीक्षण विद्यालय प्रबन्धन मूल्यांकन आदि क्षेत्रों में वास्तविक आकलन कर व्यवहारिक कठिनाइयों के परिपेक्ष्य में उनके निवारण हेतु क्रियात्मक शोध करके प्राप्त निष्कर्षो को क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं शिक्षक प्रशिक्षक निरीक्षक तक पहुचाकर उनकों आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे ।

डायट द्वारा सर्वशिक्षा अभियान से जुड़े समस्त विन्दुओं पर सर्वेक्षण तथा क्रियात्मक शोध करेगा ।

आकडो का विश्लेषण-डायट द्वारा ई0एमआई0एस0 से प्राप्त ऑकड़ो का विश्लेषण किया जायेगा । जिससे बच्चों की स्थिति स्पष्ट होगी । ब्लाक स्तर , गॉव स्तर, विद्यालय स्तरकी मूल भूत समस्या की जानकारी मिलेगी । किस स्थान पर डाप आउर अधिक है किस जाति लिंग धर्म व वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे है , कारण का एवं निवारण का अध्ययन कर समस्या का समाधान किया जायेगा ।

कक्षा कक्ष में निरीक्षण-कक्षा कक्ष में शिक्षण कार्य का अध्ययन डायट द्वारा ब्लाक मेन्टर ब्लाक समन्वयक न्याय पंचायत समन्वयक ग्राम शिक्षा समिति द्वारा कराया जायेगा । कक्षा में बच्चे सक्रिय है या नही , शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग हो रहा है या नही प्रशिक्षणों का शिक्षण पर क्या प्रभाव पड़ा है आदि आधार पर शिक्षकों को सहयोग प्रदान किया जायेगा । आने वाले प्रशिक्षणों की प्राथमिकताए उसी आधार पर तय की जायेगी ।

मूल्यांकन प्रणाली-एस0ई0आर0टी0 द्वारा जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अर्न्तगत बच्चों की शैक्षिक सम्प्राप्ति के मूल्यांकन हेतु सतत एवं व्यापक मूल्यांकन सम्बन्धी प्रणाली का विकास किया गया हैं । सर्व शिक्षा अभियान में भी इसका प्रयोग किया जायेगा । इसके लिये शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जायेगा ।

कक्षा 5 की परीक्षा न्याय पंचायत स्तर पर तथा कक्षा 8 की परीक्षा बी0 आर0 सी0 स्तर पर की जायेगी तथा मूल्यांकन व्यवस्था डायट पर हो । प्रश्न पत्रों का निर्माण भी डायट स्तर पर योग्य अध्यापकों के सहायोग से किया जायेगा छात्रों के उपलब्धि के मूल्यांकन और उन्हे फीड बैंक प्रदान करने के लिये सतत व्यापक मूल्यांकन प्रणाली विकसित की जायेगी ।

सर्वशिक्षा अभियान :-गुणवत्ता सम्वर्द्धन कार्यक्रम (प्रथम वर्ष)

सारणी 9.

प्राथमिक विद्यालयों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
1	विजटिंग कार्यशाला	डायट	एन0पी0आर0सी0, बी0आर0सी0 डी0पी0ओ0 स्टाफ, डायट स्टाफ संसाधन के सदस्य	3 दिवसीय	आवासीय
2	विषयवार अनुपूर प्रशिक्षण कार्यक्रम	ब्लाक	समस्त शिक्षक डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ	5 दिवसीय	अनावासीय
3	विद्यालय प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम	डायट	समस्त प्रधानाध्यापक , डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ	4 दिवसीय	अनावासीय
4	कक्षा 3 से 5 तक	(A) एन0	न्याय पंचायत के समस्त अध्यापक	1 दिवसीय	अनावासीय

	अंग्रजी शिक्षण हेतु कार्यशाला	पी0 आर0 सी0 पर	डी0पी0ओ0 का एक सदस्य डायट का एक सदस्य		
		(B) बी0 आर0 सी0	न्याय पंचायत प्रभारी, विषय विशेषज्ञ शिक्षक, डायट का एक स्टाफ डी0पी0ओ0 का एक सदस्य	1 दिवसीय	अनावासीय
		(C) डायट	बी0आर0सी0 एन0 पी0 आर0 सी0 (समस्त)डायट स्टाफ , डी0 पी0 ओ0 स्टाफ, कुशल विषय शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय
5	प्रशिक्षण साहित्य तैयार किये जाने हेतु कार्यशाला (तीन चक्रो में)	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक	3दिवसीय	अनावासीय
6	प्रशिक्षण साहित्य परीक्षण के लिये कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक आग्ल भाषा शिक्षा संस्थान इलाहाबाद के विशेषज्ञ	3 दिवसीय	अनावासीय
7	मास्टर टेनर तैयार करने हेतु प्रशिक्षण	डायट	पूर्व चिन्हित अंग्रेजी अध्यापक डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ	5 दिवसीय	आवासीय
			प्रशिक्षक-राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ तथा आग्लभाषा शिक्षा संस्थान द्वारा नामित तीन व्यक्ति		
8	अंग्रेजी भाषा शिक्षण प्रशिक्षण	ब्लाक	समस्त शिक्षक (अंग्रेजी पढ़ाने वाले)	6 दिवसीय	अनावासीय
9	अंग्रेजी भाषा की शिक्षक संदर्शिका निर्माण की कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ , डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक आग्लभाषा शिक्षा संस्थान इलाहाबाद के विशेषज्ञ	15 दिवसीय	अनावासीय
10	अकादमिक अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन कार्यशाला	डायट	डी0पी0ओ0 स्टाफ स्टाफ मास्टर ट्रेनर (समस्त सेन्टर)	3 दिवसीय	अनावासीय
11	पश्चपोषण कार्यशाला	डायट	डी0पी0ओ0 स्टाफ , डायट स्टाफ (समस्त सेन्टर)बी0आर0सी0, एन0पी0आर0सी0 अंग्रेजी पढ़ाने वाले	1 दिवसीय	अनावासीय

द्वितीय वर्ष

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
2	कक्षा 3 से 5 तक संस्कृत शिक्षण हेतु कार्यशाला	(A) एन0पी0 आर0 सी0	न्याय पंचायत के समस्त अध्यापक डी0पी0ओ0 का एक सदस्य डायट का एक सदस्य	1 दिवसीय	अनावासीय

		(B) बी0 आर0 सी0 पर	न्याय पंचायत प्रभारी विशेषज्ञ विषय शिक्षक डायट का एक स्टाफ डी0पी0ओ0 का एक स्टाफ	1 दिवसीय	अनावासीय
		(C)डायट	बी0आर0सी0, एन0पी0आर0सी0 डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ विशेषज्ञ विषय शिक्षक	3 दिवसीय	आवासीय
13	प्रशिक्षण साहित्य तैयार किये जाने हेतु कार्यशाला (तीन चक्रों में)	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक	3 दिवसीय	आवासीय
14	प्रशिक्षण साहित्य परीक्षण के लिए कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक हिन्दी भाषा शिक्षा संस्थान वाराणसी के विशेषज्ञ	3 दिवसीस	आवासीय
15	मास्टर ट्रेनर तैयार करने हेतु प्रशिक्षण	डायट	पूर्व चिन्हित संस्कृत शिक्षक डी0पी0ओ0 स्टाफ , डायट स्टाफ प्रशिक्षक एस0पी0ओ0 लखनऊ तथा हिन्दी भाषा शिक्षा संस्थान द्वारा नामित तीन व्यक्ति	5 दिवसीय	आवासीय
16	संस्कृत भाषा शिक्षण प्रशिक्षण	ब्लाक	समस्त शिक्षक (संस्कृत पढ़ाने वाले)	6 दिवसीय	अनावासीय
17	संस्कृत भाषा की शिक्षक संदर्शिका निर्माण की कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक हिन्दी भाषा शिक्षा संस्थान वाराणसी के विशेषज्ञ	15 दिवसीय	अनावासीय
18	अकादमिक अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन कार्यशाला	डायट	डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ मास्टर ट्रेनर (समस्त सेन्टर)	3 दिवसीय	अनावासीय
19	पश्चपोषण कार्यशाला	डायट	डी0पी0ओ0 स्टाफ डायर स्टाफ वी0आर0सी0एन0पी0आर0सी0 अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक समस्त सेन्टर	1 दिवसीय	अनावासीय
20	कक्षा 3 से 5 तक उर्दू शिक्षण हेतु कार्यशाला	(A)एन.पी. आरसी.	न्याय पंचायत के समस्त अध्यापक डी0पी0ओ0 का एक सदस्य डायट का एक सदस्य	1 दिवसीय	अनावासीय
		(B)बी.आरसी.	न्याय पंचायत प्रभारी विशेषज्ञ विषय शिक्षक डायट का एक स्टाफ डी0पी0ओ0 का एक स्टाफ	1 दिवसीय	अनावासीय
		(C) डायट	वी0आर0सी0, एन0पी0आर0सी0 डायट स्टाफ डी0पी0ओ0स्टाफ विशेषज्ञ शिक्षक	3 दिवसीय	आवासीय
21	प्रशिक्षण साहित्य तैयार किये जाने हेतु कार्यशाला तीन चक्रो में	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय

22	प्रशिक्षण साहित्य परीक्षण के लिए कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिन्हित शिक्षक उर्दू भाषा शिक्षा संस्थान इलाहाबाद के विशेषज्ञ	3 दिवसीय	अनावासीय
23	मास्टर ट्रेनर तैयार करने हेतु प्रशिक्षण	डायट	पूर्व चिहिन्नत उर्दू शिक्षक डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ प्रशिक्षक एस0पी0ओ0 लखनऊ तथा उर्दू भाषा शिक्षा संस्थान इलाहाबाद द्वारा नामित तीन शिक्षक	5दिवसीय	आवासीय
24	उर्दू भाषा शिक्षण प्रशिक्षण	ब्लाक	समस्त उर्दू पढ़ाने वाले शिक्षक	6 दिवसीय	अनावासीय
25	उर्दू भाषा की शिक्षक संदर्शिका निर्माण की कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट द्वारा चिहिन्नत शिक्षक उर्दू भाषा शिक्षा संस्थान इलाहाबाद के विशेषज्ञ	15 दिवसीय	अनावासीय
26	अकादमिक अनुश्रवण एवं अनुसमर्थन कार्यशाला	डायट	डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ मास्टर टेनर (समस्ट सेन्टर)	3 दिवसीय	अनावासीय
27	पश्चपोषण कार्यशाला	डायट	डी0पी0ओ0 स्टाफ डायट स्टाफ वी0आर0सी0 एन0पी0आर0सी0 उर्दू पढ़ाने वाले शिक्षक समस्त सेन्टर	1 दिवसीय	अनावासीय
28	शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण कार्यशाला (ब्लाक स्तर पर प्रशिक्षणो के चयन हेतु)	डायट	ब्लाक स्तरीय प्रथम,द्वितीय,तृतीय आने वाले अध्यापक डायट स्टाफ डी0पी0ओ0 स्टाफ	1 दिवसीय	अनावासीय
29	चयनित प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	डायट	चयनित प्रशिक्षक , डायट स्टाफ बी0आर0सी0	4 दिवसीय	अनावासीय
30	ब्लाक के सभी शिक्षकों का प्रशिक्षण	ब्लाक/न्याय पंचायत केन्द्र	समस्त प्राथमिक शिक्षक	4 दिवसीय	अनावासीय

तृतीय वर्ष

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
31	सतत एवं व्यापक मूल्यांकन हेतु कार्यशाला	(A)एन. पी0आरसी0	समस्त शिक्षक	1 दिवसीय	अनावासीय
		(B) बी0 आर0 सी0	एन0पी0आर0सी0 प्रधानाध्यापक डायट के एक सदस्य	1 दिवसीय	अनावासीय
		(C)डायट	डायट स्टाफ , ब्लाक समन्वयक चिन्हित एन0पी0आर0सी0 एवं शिक्षक	4 दिवसीय	आवासीय
32	ब्लाक स्तरीय मूल्यांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम	बी0आर0सी0	समस्त शिक्षक	4 दिवसीय	अनावासीय

चतुर्थ वर्ष

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
33	बहुकक्षा शिक्षण प्रशिक्षण	N.P.R.C.	समस्त अध्यापक	3 दिवसीय	अनावासीय
34	गणित एवं भाषा के प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण	डायट	डायट स्टाफ चिन्हित शिक्षक	7 दिवसीय	आवासीय
35	गणित एवं भाषा अनुपूरक प्रशिक्षण	B.R.C.	समस्त शिक्षक	7 दिवसीय	अनावासीय

पंचम वर्ष

36	विज्ञान एवं पर्यावरणीय अध्ययन का अनुपूरक प्रशिक्षण (प्रशिक्षकों)	डायट	डायट स्टाफ चिन्हित शिक्षक	7 दिवसीय	आवासीय
37	ब्लाक स्तरीय विज्ञान एवं पर्यावरणीय अध्ययन का अनुपूरक प्रशिक्षण	ब्लाक	समस्त शिक्षक	7 दिवसीय	अनावासीय
	अतिरिक्त प्रशिक्षण				
38	शिक्षा मित्र आचार्यजी का पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण	डायट	समस्त शिक्षा मित्र एवं आचार्य जी	15 दिवस	आवासीय
39	वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेश को का प्रशिक्षण (अ) आधार भूत	डायट	वेकल्पिक शिक्षा के अनुदेशक	15 दिवस	आवासीय
	(ब) पुनर्बोधात्मक	डायट	वैकल्पिक शिक्षा के अनुदेशक	10 दिवस	आवासीय
40	सर्वशिक्षा अभियान का प्रशिक्षण	डायट	जनपद की कोर टीभ जिला संसाधन समूह	2 दिवसीय	अनावासीय
41	पर्यवेक्षण सम्बन्धी प्रशिक्षण	डायट	वी0आर0सी0 एन0पी0आर0सी0 ए0वी0एस0ए0	1 दिवसीय	अनावासीय
42	ग्राम शिक्षा समितियों का प्रशिक्षण	ग्राम सभा स्तर	ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य समुदाय के जागरूक अभिभावक (हर वर्ग के) प्रा0 वि0 के शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय
43	कार्यानुभव	डायट	चुने हुए शिक्षक एवं डायट स्टाफ	5 दिवसीय	आवासीय
44	लिंग संवेदीकरण	N.P.R.C.	समस्त शिक्षक	2 दिवसीय	अनावासीय
45	कियात्मक शोध का प्रशिक्षण	डायट	चुने हुए शिक्षक डायट स्टाफ वी0आर0सी0	5 दिवसीय	आवासीय
46	नव नियुक्त शिक्षकों का समेकित प्रशिक्षण	डायट	समस्त नव नियुक्त शिक्षक	8 दिवसीय	आवासीय

सर्वशिक्षा अभियान :-गुणवत्ता सम्वर्धन कार्यक्रम (प्रथम वर्ष)

सारणी 9.

(पूर्व माध्यमिक विद्यालयों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम)

क्रम	कार्यक्रम	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
1	संदर्भ समूह कार्यशाला (बी.आर0सी0 पर)	प्राथमिक एवं पूर्वमाध्यमिक के चयनित शिक्षक, एन्जियोज	1 दिवसीय	अनावासीय
2	विजनिंग कार्यशाला/आधारभूत प्रशिक्षण (डायट)	ब्लाक समन्वयक न्याय पंचायत प्रभारी डायट, डी0पी0ओ0 जिला संसाधन समूह के सदस्य	8 दिवसीय	आवासीय
3	प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण (डायट) स्तर	डी0आर0जी0 /डायट	8 दिवसीय	आवासीय
4	माड्यूल निर्माण कार्यशाला (डायट स्तर)	समस्त संसाधन समूह कोर टीम	5 दिवसीय	अनावासीय
5	विषय वस्तु आधारित प्रशिक्षण गणित/विज्ञान (समझ एवं रूचि पैदा करना डायर स्तर पर या डायट द्वारा चयनित केन्द्र	समस्त पूर्व माध्यमिक गणित और विज्ञान अध्यापक	7+7 दिवसीय	अनावासीय
6	गणित/विज्ञान से सम्बन्धित किट व सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण एवं प्रयोग का प्रशिक्षण (डायट स्तर) डायट द्वारा चयनित केन्द्र	समस्त पूर्व माध्यमिक गणित और विज्ञान शिक्षक	3+3 दिवसीय	अनावासीय
7	सामग्री प्रदर्शनी ब्लाक स्तर/जिला स्तर पर बी0आर0सी0/डायट या डायट द्वारा चयनित केन्द्र	ब्लाक स्तर पर विद्यालय से एक शिक्षक और जिला स्तर पर प्रत्येक ब्लाक से एक शिक्षक	1 दिवसीय	अनावासीय
8	अनुश्रवण/अनुसमर्थन प्रशिक्षण कार्यशाला	बी0आर0सी0 ए0बी0आर0सी0 बी0एस0ए0, एस0डी0आई0	4 दिवसीय	अनावासीय
9	एजेन्डा निर्धारण (मासिक बैठकों के लिए कार्यशाला डायट स्तर पर	चयनित शिक्षक और जिला कोर टीम के सदस्य	1 दिवसीय (प्रत्येक मास में एक)	अनावासीय
10	मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला	समस्त पू0मा0वि0 से एक सदस्य तथा बी0आर0सी	1 दिवसीय	अनावासीय
11	शैक्षिक एवं पश्चपोषण कार्यशाला (प्रत्ये प्रशिक्षण की समाप्ति पर डायट स्तर)	डायट मेन्टर , बी0आर0सी0, डी0पी0ओ0 मेन्टर	1 दिवसीय	अनावासीय
12	कौशलात्मक प्रशिक्षण (बी0आर0सी0 बहुकक्षा/बहुस्तरीय स्तर पर रूचिपूर्ण नैतिक शिक्षा स्वच्छता आदि	प्रशिक्षक एवं चिन्हित विद्यालय के शिक्षक समस्त शिक्षक	1 दिवसीय	अनावासीय
13	समय एवं विद्यालय प्रबन्धन बी0आर0सी0 पर	समस्त शिक्षक	4 दिवसीय	अनावासीय

द्वितीय वर्ष

सारणी 9.

क्रम	कार्यक्रम	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
14	शैक्षिक बालमपोविज्ञान कार्यशाला (ब्लाक स्तर पर)	समस्त शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय
15	नव विकसित पाठ्य पुस्तकों का परिचय (ब्लाक स्तर पर)	समस्त शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय
16	भाषा दक्षता विकास कार्यशाला हिन्दी/संस्कृत/अंग्रेजी/उर्दू (डायट स्तर पर)	समस्त विषय शिक्षक, विषय विशेषज्ञ	8 दिवसीय	अनावासीय
17	भाषा शिक्षण सामग्री निर्माण एवं उयोग कार्यशाला	समस्त विषय शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय
18	भाषा शिक्षण सम्बन्धी सामग्री मेला (बी0आर0सी0 तथा डायट स्तर पर)	ब्लाक स्तर पर हर विद्यालय से एक शिक्षक तथा डायट स्तर पर ब्लाक से एक शिक्षण	1 दिवसीय	अनावासीय
19	अनुश्रवण तथा अनुसमर्थन प्रशिक्षण	प्रथम वर्ष की भाति		
20	एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला	प्रथम वर्ष की भाति		
21	मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला	प्रथम वर्ष की भाति		
22	शैक्षिक अनुश्रवण एवं पश्चपोषण कार्यशाला	प्रथम वर्ष की भाति		
23	किशोरी शिक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण बी0आर0सी0 स्तर पर	समस्त शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय

तृतीय वर्ष

सारणी 9.22

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
24	समेकित शिक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण	B.R.C. पर	समस्त शिक्षक	3दिवसीय	अनावासीय
25	सतत व्यापक मूल्यांकन सम्बन्धी कार्यशाला	B.R.C.	समस्त शिक्षक	2 दिवसीय	अनावासीय
26	सामाजिक विषय /कृषि सा0ऊ0 का शिक्षण कार्यशाला	डायट या डायट द्वारा चयनित	समस्त शिक्षक (विषय)	5दिवसीय	अनावासीय
27	शारीरिक शिक्षा /संगीत आधारित कार्यशाला	डायट	विषय शिक्षक	4 दिवसीय	अनावासीय
28	सामाजिक विषय/कृषि सा0उ0का0 शिक्षण सामग्री व किट निर्माण कार्यशाला	डायट तथा डायट द्वारा चयनित	विषय शिक्षक	3 दिवसीय	अनावासीय

	किट निर्माण कार्यशाला	केन्द्र			
29	शेष विषयों से सम्बन्धित सामग्री मेला कार्यशाला	B.R.C	विषय अध्यापक	1 दिवसीय	अनावासीय
30	अनुश्रवण अनुसमर्थन सम्बन्धी कार्यशाला	द्वितीय	वर्ष की भाति		
31	एजेण्डा निर्धारण सम्बन्धी कार्यशाला	द्वितीय	वर्ष की भाति		
32	मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला	द्वितीय	वर्ष की भाति		
33	शैक्षिक अनुश्रवण एवं पश्चपोषण कार्यशाला	द्वितीय	वर्ष की भाति		

चतुर्थ वर्ष

सारणी 9.

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
34	विषयवार शिक्षण अभ्यास कार्यशाला	B.R.C	समस्त शिक्षक	7 दिवसीय	अनावासीय
35	सेवारम्भ (नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण	डायट	समस्त नव नियुक्त शिक्षक	10 दिवसीय	अनावासीय
36	जन संख्या शिक्षा लिंग संवेदीकरण कार्यशाला	B.R.C	समस्त शिक्षक /अन्तिम दिवस को अभिभावक गोष्ठी	5 दिवसीय	अनावासीय
37	कार्यानुभव एवं पर्यवेक्षणीय प्रशिक्षण	डायट	डायट प्रवक्ता, ए0बी0एस0ए0 , वी0एस0ए0, बी0आर0सी0	5 दिवसीय	अनावासीय
38	ब्लाक सन्दर्भ समूह प्रशिक्षण	B.R.C	बी0आर0सी0 सदस्य	3 दिवसीय	अनावासीय
39	ग्राम शिक्षा समिति /एस0टी0ए0, पी0टी0ए0 / कोर टीम	N.P.R.C	ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य	3 दिवसीय	अनावासीय
40	अनुश्रवण अनुसमर्थन कार्यशाला	प्रथम	वर्ष की भाति		
41	एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला	प्रथम	वर्ष की भाति		
42	मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला	प्रथम	वर्ष की भाति		
43	शैक्षिक समर्थन एवं पश्चपोषण सम्बन्धी कार्यशाला	प्रथम	वर्ष की भाति		
44	पुनर्बोधात्मक प्रशिक्षण	ब्लाक /डायट	समस्त शिक्षकB.R.C.,B.S.A..A.B.S.A. मेन्टर संसाधन समूह	5 दिवसीय	अनावासीय

चतुर्थ वर्ष

सारणी 9.

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
45	कियात्मक शोध कार्यशाला	डायट	डायट स्टाफ बी0आर0सी0 प्रत्येक विद्यालय से एक शिक्षक	6 दिवसीय	आवासीय
46	कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यशाला	डायट d.p.o	डायट/डी0पी0ओ0 स्टाफ चयनित बेसिक शिक्षक	30 दिवसीय	आवासीय
47	बाल सहित्य रचना कार्यशाला	डायट	डायट द्वारा सचीबद्ध जनपद के रचनाकार	4 दिवसीय	अनावासीय
48	रूचिपूर्ण शिक्षण कार्यशाला	डायट	चयनित शिक्षक	5 दिवसीय	अनावासीय
49	पूनर्बोधात्मक प्रशिक्षण		चतुर्थ वर्ष की भाँति		
50	अनुश्रवण अनुसमर्थन कार्यशाला		प्रथम वर्ष की भाँति		
51	एजेण्डा निर्धारण कार्यशाला		प्रथम वर्ष की भाँति		
52	मासिक ब्लाक स्तरीय कार्यशाला		प्रथम वर्ष की भाँति		
53	शैक्षिक समर्थन एवं पश्चपोषण सम्बन्धी कार्यशाला		प्रथम वर्ष की भाँति		

अन्य प्रशिक्षण

सारणी 9.28

क्रम	कार्यक्रम	स्थल	प्रतिभागी	अवधि	स्वरूप
54	नवागत प्रधानाध्यापक प्रशिक्षण (प्रबन्धकीय एकेडमिक प्रशासनिक दक्षता सम्बन्धी	डायट	समस्त प्रोन्नत प्रधानाध्यापक	4 दिवसीय	अनावासीय
55	अनुपूरक प्रशिक्षण	B.R.C. डायट	पथावश्यक प्रतिभागी	5 दिवसीय	अनावासीय
56	पत्रिका प्रकाशन हेतु कार्यशाला	डायट	डायट द्वारा सूची बद्ध शिक्षाविद शिक्षक लेखक तथा अन्य विशेषज्ञ	4 दिवीय	अनावासीय

शैक्षिक पर्यवेक्षण में डायट, बी0 आर0 सी0, एन0 पी0 आर0 सी0 की भूमिका :-

शैक्षिक पयर्वेक्षण एवं अनुसमर्थन में डायट, बी0 आर0 सी0 तथा एन0 पी0 आर0 सी0 की समेकित एवं सक्रीय भूमिका रहेगी। एन0 पी0 आर0 सी0 विद्यालयों का अनुश्रवण करके प्रतिबेदन बी0 आर0 सी0 को देगा तथा इसकी गहन समीक्षा के उपरान्त बी0 आर0 सी0 अपना प्रति बेदन डायट में प्रस्तुत करेगा। डायट में ए0 आर0 जी0 के सदस्यों में पायी गयी मुख्य समस्याओं की चर्चा कराई जायेगी तथा समीक्षो परान्त भावी कार्ययोजना हेतु एजेण्डा तैयार किया जायेगा। जनपद स्तर पर डायट शैक्षिक नेतृत्व प्रदान करेगा तथा प्रभावी कार्य संस्कृति के विकास एवं गुणवत्ता सवर्द्धन हेतु सभी बी0 आर0 सी0 तथा एन0 पी0 आर0 सी0 डायट के निर्देशन में कार्यों का सम्पादन करेगें। प्रभावी कार्य संस्कृति के विकास एवं विद्यालयों के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए मासिक बैठकों का आयोजन भ्रमण, कार्यो का अनुश्रवण तथा श्रेणीकरण कार्य किया जायेगा। अकादमिक पयर्वेक्षण एवं अनुसमर्थन की परिधि में, अशासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों हाई स्कूल, इण्टर कालेजों में जहां 6 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों वैकल्पिक शिक्षा ई0 सी0 सी0 ई0, ई0 जी0 एस0 केन्द्र को भी लाया जायेगा।

बी0 आर0 सी0 तथा एन0 पी0 आर0 सी0 के प्रस्तावित भूमिका हेतु गुणवत्ता तथा नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु प्रशिक्षण का आयोजन डायट स्तर पर किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया जायेगा कि डी0 पी0 ई0 पी0 के अर्न्तगत चलाई गयी शैक्षिक पयर्वेक्षण प्रणाली को अधिक सुदृढ़ तथा सक्षम बनाया जा सकें विद्यालयों, आर0 सी0 तथा बी0 आर0 सी0 द्वारा प्रभावी कार्य निष्पादन एवं प्रतिस्पर्धात्मक भावनाओं के विकास हेतु श्रेणीकरण का कार्य किया जायेगा तथा अपेक्षित स्तर का प्रदर्शन न करने वाले विद्यालयों अथवा संसाधन केन्द्रों को चिन्हित किया जायेगा तथा उनका स्तर उठाने तथा समुचित प्रदर्शन के लिए विशेष बल दिया जायेगा।

प्रभावी पयर्वेक्षण, अनुसर्मथन एवं विद्यालयों के स्तर को ऊंचा उठाने में डायट की भूमिका नेतृत्व शक्ति के रूप में है किन्तु खेद का विषय है कि बी0 आर0 सी0, एन0 पी0 आर0 सी0 तथा विद्यालयों पर डायट का कोई नियंत्रण नहीं है, जिससे अनुश्रवण एवं श्रेणी करण कार्य करने के उपरान्त दिए गए निर्देशों का अनुपालन करने में विद्यालय स्तर पर रूचि नहीं ली जाती। अत: विद्यालय एवं संसाधनों के गुणवत्ता में वृद्वि हेतु इनका नियंत्रण डायट द्वारा किया जाना चाहिए।

बी0आर0सी0भूमिका: -

ब्लाक स्तर पर स्थापित संसाधन केन्द्र डायट के नेतृत्व में गुणवत्ता विकास हेतु अपनी वार्षिक कार्ययोजना तैयार करेंगे।

1- बी0 आर0 सी0 स्तर पर गुणवत्ता संवर्द्वन हेतु संदर्भ समूह का गठन।
2- सेवारत शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन।
3- बी0 आर0 सी0 स्तर पर सामग्री निर्माण की कार्यशालाओं का आयोजन।
4- विद्यालयों में प्रशिक्षण के प्रभाव का पयर्वेक्षण।
5- ई0 एम0 आई0 एस0 आंकड़ों का संकलन तथा विश्लेषण करना।
6- अकादमिक सतस्याओं के निवारण हेतु एन0 पी0 आर0 सी तथा डायट के मध्य सक्रिय कड़ी का कार्य।
7- शोध एवं मूल्यांकन अध्ययन के लिए शिक्षकों को सहयोग एवं प्रेरणा प्रदान करना।
8- बैकलिपक शिक्षा ई0 जी0 एस0 शिशु शिक्षा केन्द्रों का पयर्वेक्षण।
9- विद्यालय विकास योजना का विकास कराने तथा शैक्षिक तथा शैक्षिक अनुश्रवण का कार्य।
10- समुदाय के सदस्यों का बी0 आर0 सी के माध्यम से प्रशिक्षण तथा समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए पेचायत राज संस्थाओं तथा अन्य विभागों से समन्वय स्थापित करना।
11- प्राथमिक शिक्षा के प्रति समुदाय अभिभावकों को संचार माध्यमें से प्रेरित करना।

एन0 पी0 आर0 सी0 की भूमिका :-

न्याय पंचायत केन्द्र अपनी वार्षिक कार्य योजना का विकास करेंगे।

1- शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु मासिक बैठक प्रशिक्षणों एवं कार्यशालाओं का आयोजन।
2- बी0 ई0 सी0 के सदस्यों, डब्लू0 एम0 जी0/पी0 टी0 ए0/एम0 टी0 ए0 सदस्यों के प्रशिक्षण का आयोजन
3- आदर्श पाठ का प्रस्तुतीकरण करना।
4- ई0 एम0 आई0 एस0 आकड़ों का संकलन तथा विश्लेषण करना।
5- स्कूल के विकास के योजनाओं का विकास कराकर इसका अनुश्रवण करना।
6- शोध एवं मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को सहायोग देना।
7- एन0 पी0 आर0 सी0 न्याय पंचायत स्तर पर एक स्रोत के रूप में विकसित करेंगे जिसमें । शिक्षक अभिभावक व बच्चे अपनी आवश्यकता एवं जिज्ञासा की पूर्ति कर सके।

सर्व शिक्षा अभियान में नवाचार कार्यक्रम

6 से 14 वय वर्ग से सभी बच्चों की बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य की प्राप्ति के लिये कई नवाचार कार्यक्रम सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत लाये गये है जिनके द्वारा इस अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति करना सभंव होगा :-

1. <u>जीवनोपयोगी उत्पादक कार्य की शिक्षा</u>-अनेकानेक प्रयास करने के पश्चात् हम अपने शतप्रतिशत नामांकन एवं धारण के लक्ष्य की प्राप्ति तक नही पहुच पाये इस सम्बन्ध में जनसमुदाय शिक्षा विदो स्केल न जाने वाले बच्चों के माता पिता से बात चीत करने पर एक बात उभर कर सामने आयी कि काफी बच्चे अपने माता पिता के साथ उनके व्यवसाय में जुड़े रहते है अत: वो विद्यालय में आकर शिक्षा ग्रहण करने में कोई रूचि नही लेते है शिक्षा का उन्हे कोई तत्कालीन लाभ नजर नही आता है ।

ऐसे बच्चो का नामांकन बढ़ाने हेतु उन्हे स्वालम्बी बनाने हेतु कौशल विकास में दस करने के लिये यदि कार्यानुभव प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के साथ जोड़ा जाये तो अत्यन्त प्रभावी होगा ।

बालिकाओं के नामांकन धारण एवं ठहराव बनाये रखने के लिये भी इस प्रकार के प्रशिक्षण अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगें । उच्च प्रा0 वि0 स्तर पर बालक बालिकाओं की रूचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण जैसे सन का काम, पेटुआ का काम फोटोग्राफी रेक्सीन का काम, बेंत का काम, होजरी वर्क चाक बनाना, मोमबत्ती बनाना, प्लास्टर आफ पेरिस का काम । कम्प्यूटर आदि रखे जा सकते है । इस प्रकार के पायलट प्रोजेक्ट बी0ई0पी0 जनपदों मे चल चुके है जिसके परिणाम सकारात्मक रहे है इससे न केवल नामांकन में वृद्धि हुयी है वरन् ठहराव भी बना रहा है ।

कार्यानुभव कार्यक्रम बालिकाओं के ठहराव में अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है । इस आधार पर बालिकाओं के लिये कार्यानुभव शिक्षण जनपद में नवाचार कार्यक्रम के रूप में संचालित किया जायेगा । इस हेतु जनपद के सभी 16 विकास खण्डों के दो-दो उच्च प्रा0 वि0 को चिन्हित किया जायेगा । और स्थानीय बालक बालिकाओं की रूचि और स्थानीय आवश्यकता के आधार पर कौशल विकास कार्यानुभव कार्यक्रम रखा जायेगा ।

कार्यानुभव प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियोजन इस प्रकार किया जायेगा कि सर्वप्रथम में कच्चे माल एवं उपकरण की व्यवस्था विद्यालय द्वारा की जायेगी तत्पश्चात् उससे तैयार सामान विक्रय करने पर प्राप्त धनराशि में से कुछ बच्चे को प्रोत्साहन धनराशि देकर शेष धनराशि का पुन: कच्चा माल कय कर लिया

जायेगा । इससे विघालय पर अतिरिक्त बोझा नही पड़ने पायेगा । और प्रक्रिया की निरंन्तरता भी बनी रहेगी ।

2. <u>समुदाय विद्यालय को पूरक के रूप में विकसित किया जाये</u> -ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यम से समुदाय को विद्यालय के निकट लाने का प्रयास किया गया है परन्तु प्राय: यह देखा गया है कि ग्राम शिक्षासमितियों के बैठक नियमित नही होती है व पूर्ण रूप से विद्यालय से जुड़ नही पायी है उनकी बैठकों का बिन्दु केवल भौतिक संसाधनों के मुहैया कराने तक सीमित है । ग्राम शिक्षा समिति के दृष्टि केण को व्यापक करना होगा । उनकी बैठको के नियमित समुदाय के लोगो को कक्षा कक्ष तक ले जाना होगा उन्हे कक्षा शिक्षण देखने के लिये निमंत्रित किया जायेगा । अभिभावक को उनके बच्चों की उपलब्धियों से परिचित कराना होगा । वार्षिक समारोह पर अच्छे बच्चों को उनकी उपलब्धि के लिये सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया जायेगा । समाज के योग्य लोगो की निशुल्क शिक्षण कार्य में सहयोग के लिये आगे आने के लिये प्रोत्साहित किया जायेगा । समुदाय से जुड़ कर विद्यालय की प्रगति होगी । समुदाय इसे अपना अंग स्वीकार कर लेगा और इसके विकास के लिये प्रयत्न शील रहेगा ।

3. <u>पूरक शिक्षण सामग्री विकास</u>-प्राथमिक स्तर एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर पूरक शिक्षण सामग्री विकसित की जायेगी इस शिक्षण सामग्रीमें गोण्डा जनपद की भौगोलिक सामाजिक ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी होगी ।

जनपद के महान विभूतियों की जीवनी होगी । जनपद की विशेष उपलब्धियों की चर्चा होगी । इस पूरक शिक्षण सामग्री को पाठ्यक्रम के साथ-साथ रखा जायेगा । इसके विकास के लिये स्थानीय शिक्षा विदें शिक्षको समाज सेवी वयक्तियों स्वयंसेवी संगठनों की कार्यशालायें आयोजित की जायेगी । उपलब्ध स्थानीय साहित्य के सहयोग से शिक्षण सामग्री का विकास किया जायेगा ।

<u>प्रोत्साहन व्यवस्था</u>-किसी भी कार्यक्रम की सफलता में प्रोत्साहन एक नई गति प्रदान करता है तथा कार्य करने वाले अभिकर्मियों को ऊर्जा से भर देता है। सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रमों का कियान्वयन में विकास खण्ड न्याय पंचायत ग्राम स्तरीय अभिकर्मियों एवं शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी । कार्यक्रम की सफलता की दृष्टि से उत्तम कार्य करने वाले के लिये प्रोत्साहन की व्यवस्था की गयी हैं ।

जनपद स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो बी0आर0सी0 को रूपये 10,00.00 की दर से तथा प्रत्येक विकास खण्ड से एक एन0पी0आर0 सी0 को 7000 की दर से पुरस्कार प्रदान किया जायेगा ।

प्रत्येक विकास खण्ड से कार्य निष्पादन के आधार पर दो ग्राम शिक्षा समितियों को क्रमशः 15000 रूपये तथा 10000 की दर से पुरस्कार किया जायेगा । पठन पाठन की दृष्टि से प्रत्येक विकास खण्ड से एक शिक्षक को रूपये 5000 का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा ।

जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान की क्षमता का सम्बर्द्धन

सारणी-9.

पद	सृजित	कार्यरत	रिक्त
प्राचार्य	01		1
उपप्राचार्य	01		1
वरिष्ट प्रवक्ता	06	1	5
प्रवक्ता	17	3	14
कार्यानुभव शिक्षक	01	1	
तकनीकी सहायक	01	1	
सांख्यकीकार	01	1	
प्रति नियुक्ति पर तैनात	04	4	
प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक			

डायट गोण्डा का कार्यक्षेत्र:-

डायट गोण्डा के अन्तर्गत जनपद बलरामपुर भी है उसके इस विस्तृत कार्यक्षेत्र को क्षमता संवर्द्धन के लिए सबसे पहले वहां के सारे रिक्त पदों को भरा जाये। तथा संकाय के सदस्यों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित किये जाने की आवश्यकता है-

1- सकेकित शिक्षा हेतु प्रशिक्षण।
2- मेनावैज्ञानिक प्रयोगशाला के उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण।
3- कम्प्यूटर प्रशिक्षण।
4- शैक्षिक तकनीकी उपकरणों को संचालित किये जाने के लिये प्रशिक्षण।
5- लाइब्रेरी संचालन हेतु प्रशिक्षण।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का सुदृढीकरण :-

डायट गोण्डा का भवन 1996 में दर्जीकुआं फैजाबाद रोड पर बना है। डायट गोण्डा का कार्यक्षेत्र जनपद बलरामपुर भी है। छात्रावास भवन आदि नया ही बना है स्थिति ठीक है परन्तु दो जनपदों का कार्य देखने के कारण प्रशिक्षण कक्षों का आभाव है अधिक क्षमता वाले दो प्रशिक्षण कक्षों की आवश्यकता है। डायट के लिए 200 कुर्सी तथा 200 सै मेज की आवश्यकता है । डायट में कम्प्यूटर नहीं है सर्व शिक्षा

अभियान में डायट के बढ़ते हुये कार्यक्षेत्र को देखते हुये चार कम्प्यूटर प्रिन्टर की आवश्यकता है। पानी की व्यवस्था न होने के कारण एक जेट पम्प की आवश्यकता है।

<u>जिला शिक्षा एवं संस्थान का सुदृढीकरण</u> :-

भवन का विस्तार :- अनुमानित लागत रू0 लाख मे

सारणी १.

1	दो समाकक्ष का निर्माण (सुसज्जित)	40.00
2	दो अतिरिक्त कक्ष का निर्माण	10.00
	योज-	50.00

उपकरण साज सज्जा :-

1	कम्प्यूटर(6) प्रिन्टर्स, यू0 पी0 एस0	6.00
2	इलेक्ट्रो फोटो कापीयर	1.50
3	ओवरहेड प्रोजेक्टर वाटर कूलर	1.00
4	जेट पम्प फैक्स मसीन	0.50
5	पुस्तकं रैक कुर्सी पेज	1.00
	योग-	10.00

प्रतिवर्ष :-

1	कियात्पक शोध अध्ययन	2.00
2	कार्यशालाएं/सेमीनार	2.00
3	प्रकाशन एवं मुद्रण	4.00
4	कटीजेन्सी	1.00
5	वाहन रख-रखाव	0.50
	योग-	10.00

अध्याय-10

परियोजना कियान्वयन एवं अनुश्रवण

शिक्षा मानव जीवन के विकास में गतिशील प्रक्रिया है। इसी क्रम में बदलते जीवन मूल्यों की विकास एवं संवर्द्धन हेतु शिक्षा की विभिन्न धाराओं की संकल्पना की गयी। सर्व शिक्षा अभियान की परियोजना वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी दोष रहित एवं व्यवस्थित करने के लिए लागू की जायेगी। इसकी अवधि वर्ष 2001 से 2010 तक होगी। इस अवधि में 6-14 वय वर्ग के सभी बालक बालिकाओं को गुणक्ता परक शिक्षा दी जायेगी। इसका कियान्वयन एवं प्रबन्धन "उ0 प्र0 सभी के लिए शिक्षा परियोजना परिषद" द्वारा किया जायेगा। इस अवधि में अभूत पूर्व क्षमता उच्चकोटि का प्रबन्धन विकसित करने का भी लक्ष्य है। परियोजना का प्रबन्धन लोकतांत्रिक भावना पर आधारित होगा जिसमें टीम भावना एवं व्यक्तिगत सहयोग अपेक्षित होगा। सामायिक समीक्षा एवं कार्यक्रमों में परिवर्तन हेतु तत्परता अनिवार्य होगी किन्तु यह परिवर्तन भी सहभागिता के पटल पर होगा। शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी जो शिक्षा व्यवस्था के अभिन्न अंग है, को और अधिक सक्रिय तथा सुरूचिपूर्ण वातावरण प्रदान किया जायेगा।

प्रबन्ध तन्त्र :-

सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत सामुदायिक सहभागिता को महत्वपूर्ण आधार मानते हुए उसकी शैक्षिक प्रबन्ध प्रणाली का विकेन्द्री करण किया जाय, ताकि प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनी करण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस व्यापक कार्य के सफल संचालन हेतु प्रशासनिक कार्यो के कियान्वयन में लचीलापन लाने सुनिश्चित जिम्मेदार प्रणाली स्थापित करने, वित्तीय निवेशों से प्रवाह प्रदान करने एवं सकरात्मक विधियों के साथ प्रयोग की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु उ0 प्र0 सर्वशिक्षा अभिमानने एक प्रबन्ध तंत्र का प्रारूप तैयार किया है जो निम्नवत है।

निर्णयकर्ता समितियॉ	सर्व शिक्षा अभियान को प्रबन्धन पंक्ति	सहायक अकादमिक संस्थायें
साधारण सभा और कार्य कारिणी समिति यू0पी0ई0एफ0 ए0पी0बी0	राज्य परियोजना कार्यायालय	एस0सी0ई0आर0टी साइमेट एस0आई0ई0टी0 एन0जी0ओ0,आदि
जिला परियोजना समिति	जिला परियोजना कार्यालय	डायट0एन0जी0ओ0 आदि
क्षेत्र विकास समिति	व्लाक शिक्षा अधिकारी	ब्लाक संशाधन केन्द्र
ग्राम शिक्षा समिति	विद्यालय प्रधानध्यापक/अध्यापक	संकुल संशाधन केन्द्र

संगठनात्मक व्यवस्था/प्रबन्ध-निर्धारित नीति की रूप रेखा :-

बेशिक शिक्षा के सार्वभौमिक हेतु समुदाय के विभिन्न कार्य प्रतिनिधियों की सहभागिता के आधार पर ही विभिन्न स्तरों पर एक संगठनात्मक ढ़ाचे का निर्माण किया गया है जो अपने स्तर पर विभिन्न राजनीतियों का निर्माण कियान्वयन एवं अनुश्रवण के प्रति उत्तरदायी होती हैं। इस प्रकार निम्नलिखित स्तर पर अलग-2 समितियों का गठन किया गया है।

ग्राम शिक्षा समिति:-

बेसिक शिक्षा सम्बन्धी समस्त कार्यो के निष्पादन प्रबन्धन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया है। यह समिति बेसिक शिक्षा अधिनियम 1972 व उसके उपरान्त संशोधित अधिनियम वर्ष 2000 के अन्तर्गत ग्राम शिक्षा समिति गठित होकर कार्य करती है।

समिति का गठन:-

1- **ग्राम पंचायत का प्रधान** -अध्यक्ष

2- **ग्राम पंचायत में स्थित बेसिक स्कूल का प्रधानाध्यापक** -सचिव

(यदि उसी ग्राम पंचायत में एक से अधिक बेसिक स्कूल स्थित हैं तो उनमें वरिष्ठतम अध्यापंक ही सचिव होगा)

3- **बेसिक स्कूल के अध्यनरत छात्रों के 3 अभिभावक जिसमें एक अभिभावक महिला** होगी,जो सहायक वे0 शि0 अधिकारी द्वारा नामित होंगे-

ग्राम शिक्षा समिति के कार्य एवं उत्तर दायित्व:-

1- ग्राम पंचायत में स्थित बेसिक स्कूलों के प्रशासन नियंत्रण एवं प्रबन्ध।

2- स्कूल के विकास एवं उसके सुधारात्मक कार्यो के लिए योजना निर्माण करना।

3- ग्राम पंचायत में प्रौढ़शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा एवं वेसिक शिक्षा की अभिबृधि एवं विकास।

4- अपने स्कूलों, भवनों तथा उपकरणों हेतु जिला पंचायत को सुझाव देना।

5- स्कूलों में कार्यरत अध्यापकों कर्मचारियो के समयपालन एवं उनकी नियमित उपस्थिति हेतु आवश्यक कदम उठाना।

6- ग्राम पंचायत की सीमा के भीतर किसी स्कूल के अध्यापक/कर्मचारी को निर्धारित रीति से लघु दण्ड देने की सिफारिश करना।

7- राज्य सरकार द्वारा समय-2 पर बेसिक शिक्षा से सम्बन्धित सौंपे गये समस्त कार्यो को निष्पादित करना।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में यह समिति अपने नीति निर्धारण के साथ-2 मुख्य कार्यदायी संस्था के रूप में कार्य कर रही है। ग्राम शिक्षा समिति के सहयोग से समुदायकी सहभागिता प्राप्त हो सकी है। यह समिति विद्यालय भवन निर्माण, शैक्षिक सुधार एवं शैक्षिक सामाग्रियों की आपूर्ति हेतु विभाग के साथ कार्य करती है। इसके अतिरिक्त यह समिति विभिन्न मजरों, ग्राम सभाओं हेतु माइक्रो प्लानिंग के आधार पर विद्यालय प्रबन्ध एवं शैक्षिक नियोजन को ध्यान में रखते हुए ग्राम स्तर पर ही शैक्षिक योजना तैयार कर प्रस्तुत करती है, जिसमें इस बस्ती की विभिन्न स्थानीय समस्याओं को ध्यान में रखकर बनाया जाता है।

असेवित वस्तियों में शिक्षा गारन्टी की वैकल्पिक शिक्षा केन्द्र, नवाचार केन्द्र, आंगन बाड़ी केन्द्र आदि संचालित किया जाने की आवश्यकतानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत करती है। ग्राम शिक्षा समिति ही इन केन्द्रों पर अनुदेशकों आचार्यो, शिक्षामित्रों, का चयन कर जिला समिति को अपनी सिफारिश प्रस्तुत करती है। आयुक्त केन्द्रों में कार्यरत अनुदेशकों/कमचारियों के मानदेय/बेतन का भुगतान ग्राम शिक्षा समिति ही करती है। ग्राम शिक्षा समिति समय-2 पर लाभार्थी बच्चों को छात्रवृति, पोषाहार, निःशुल्क पाठ्य पुसतक आदि भी वितरण कराती है तथा समय-2 पर इन कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण भी करती है।

<u>न्याय पंचायत संशाधन केन्द्रः-</u>

जनपद गोंडा में जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत 166 न्याय पंचायत संशाधन केन्द्रों का निर्माण कराया गया। उक्त संशाधन केन्द्र के रख-रखाव, गतिविधियों के संचालन हेतु न्याय पंचायत संशाधन केन्द्र प्रभारियो की नियुक्ति कर उन्हें डायट द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। संकुल प्रभारी को सम्बन्धित न्याय पंयाचत के समस्त विद्यालयों के अध्यापकों को शैक्षिक नेतृत्व प्रदान करना होता है।

कार्य एवं उत्तर दायित्व:-

1- न्याय पंचायत स्तरीय समस्त शैक्षिक सूचनाओं का संकलन एवं सूक्ष्म नियोजन।

2- सम्बन्धित न्याय पंचायत के अन्तर्गत विद्यालयों का शैक्षिक पर्यवेक्षण।

3- ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों/बुद्व जीवियों को प्रशिक्षत कराना।

4- विद्यालयों के गुणवत्ता सम्वर्धन हेतु ग्राम शिक्षा समिति के सहयोग से रणनीति तैयार कर क्रियान्वयन हेतु प्रस्तुत करना।

विकास खण्ड स्तरीय शिक्षा समिति :-

ग्राम पंचायत की भांति प्रत्येक विकास खण्ड पर ब्लाक शिक्षा सहालकार समिति का गठन किया गया है। ब्लाक प्रमुख की अध्यक्षता में गठित यह समिति 'सर्व शिक्षा अभियान' के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवन के लिए विकास खण्ड स्तर पर जिम्मेदार होगी।

ब्लाक शिक्षा सलाहकार समिति का गठन :-

1-	ब्लाक प्रमुख।	अध्यक्ष
2-	सहा0 वे0 शि0 अधिकारी/प्रति उप वि0 नि0।	सदस्य सचिव
3-	विकास खण्ड का एक ग्राम प्रधान।	सदस्य
4-	विकास खण्ड का एक वरिष्ठतक प्रधानाध्यापक।	सदस्य

कार्य एवं उत्तर दायित्व :-

1- ब्लाक संशाधन केन्द्र एवं न्याय पंचायत संशासन केन्द्रो की कार्यो में समन्वय स्थापित करते हुए जिला समिति के नितियों का समय से अनुपालन सुनिश्चित करना।

2- विभिन्न कार्यक्रमों का कियान्वयन एवं उसका अनुश्रवण ।

3- ग्राम शिक्षा समिति एवं जिला शिक्षा समिति के बीच समन्वयन।

4- सरकार द्वारा प्राप्त विभिन्न योजनाओं के आवंटित धनराशि से शिक्षा के उन्नयन प्रसार एवं सार्वजनिक हेतु प्राथमिकता के आधार पर धन उपलब्ध कराना।

उक्त समिति की बैठक माह में एक बार अनिवार्य रूप से होगी।

प्रशासनिक ढॉचा-विकास खण्ड स्तर :-

विकास खण्ड स्तर पर सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी/प्रति उप वि0निरीक्षक सर्वशिक्षा योजना के समस्त कार्यक्रमों को कियान्वित करायेंगें। तथा नियमित रूप से निरीक्षण/पर्यवेक्षण/अनुश्रवण करते रहेगें। सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी को ग्राम शिक्षा

समितियों ब्लाक संशाधन केन्द्र न्याय पंचायत संशाधन केन्द्र पर नियंत्रण एवं समन्वय हेतु आवश्यक अधिकार एवं सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

माइक्रो प्लानिंग हेतु विद्यालय सांख्यिकी सर्वेक्षण प्रपत्रों को समय-2 पर वी0 आर0 सी0 के माध्यम से एकत्रित कर जिला समिति को प्रस्तुत करना। सहा0 बेसिक शिक्षा अधिकारी पदेन विकास खण्ड परियोजना अधिकारी होगा।

विकास खण्ड परियोजना अधिकारी के प्रमुख उत्तर दायित्व :-

1- सर्व शिक्षा अभियान के कार्यक्रमों तथा नीतियों का कियान्वयन।

2- विद्यालय भवन/शौचालय/अति0 कक्ष/संशाधन केन्द्र आदि के निर्माण का निरीक्षण करना।

3- ग्राम शिक्षा समितियों को प्रभावी बनाना।

4- ब्लाक शिक्षा समिति की बैठक कराना, रणनीति बनाना एवं नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित करना।

5- विकास खण्ड स्तर पर शैक्षिक आँकणो का एकत्रीकरण, विश्लेषण एवं प्रस्तुतीकरण करना।

6- समस्त विद्यालयों के छात्रबृति वितरण में अपेक्षित सहयोग प्रदान करना।

7- खाद्यान्न वितरण कराना एवं सम्बन्धित सूचना एकत्रित करना।

8- विद्यालयों में अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तक वितरित कराना।

9- समस्त विद्यालयों का निरीक्षण करना एवं गुणवत्ता सम्बर्द्धन हेतु रणनीति बनाना।

10- विद्यालयों में शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों, तथा छात्र अध्यापक अनुपात के अनुसार अध्यापक एवं शिक्षा मित्रों की व्यवस्था करना।

11- ग्राम शिक्षा समिति, ब्लाक शिक्षा समिति एवं जिला शिक्षा समिति में बीच समन्वय स्थापित करना।

12- अध्यापकों के बेतन विल प्रस्तुत करना एवं समय से बेतन भुगतान सुनिश्चित कराना।

13- विद्यालयों के किसी अध्यापक/कर्मचारी पर ऐसी रीति से जैसी निहित की जाय दण्ड देने की सिफारिश करना।

14- ई0 जी0 एस/ए0 आई0 ई0 के संचालन का अनुश्रवण करना।

15- उपरोक्त समस्त कार्यक्रमों/औपचारिक/अनौपचारिक की प्रगति जिला परियोजना कार्यक्रम अधिकारी को उपलब्ध कराना।

